राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 रोहित जैसा कप्तान नहीं देखा, उनके नेतृत्व में.....

भारतीय टीम का बैटिंग कोच बनने को मैं तैयार हूं : केविन पीटरसन..... 11

वर्ष : 12 | अंक : 273 | पटना, शुक्रवार, 17 जनवरी, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

# इसरो ने स्पेडेक्स मिशन के तहत सफलतापूर्वक की उपग्रहों की डॉकिंग

## भारत बना अंतरिक्ष में डॉकिंग करने वाला चौथा देश



बेंगलुरु/एजेंसी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो ने बृहस्पतिवार को स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट (स्पेडेक्स) के तहत उपग्रहों की डॉकिंग सफलतापूर्वक की। इसरो ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत ने अंतरिक्ष इतिहास में अपना नाम दर्ज कर लिया है। सुप्रभात भारत, इसरो के स्पेडेक्स मिशन ने डॉकिंग में ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। इस क्षण का गवाह बनकर गर्व महसूस हो रहा है। इससे पहले 12 जनवरी को इसरो ने उपग्रहों को डॉक करने के परीक्षण के तहत दो अंतरिक्ष यान को तीन मीटर की दूरी पर लाकर और फिर सुरक्षित दूरी पर वापस भेजा था। इसरो ने 30 दिसंबर, 2024 को स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट (स्पेडेक्स) मिशन को सफलतापूर्वक शुरू किया था। दो छोटे उपग्रहों, एसडीएक्स01 (चेजर) और एसडीएक्स02 (टारगेट) को 24 पेलोड के साथ ले जाने वाले पीएसएलवी सी60 रॉकेट ने श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के पहले लॉन्चपैड से उड़ान भरी थी और उड़ान भरने के करीब 15 मिनट बाद लगभग 220 किलोग्राम वजन वाले दो छोटे अंतरिक्ष यान को लक्षित तरीके से 475 किलोमीटर की गोलाकार कक्षा में प्रक्षेपित किया गया था। इसरो के अनुसार, स्पेडेक्स मिशन दो छोटे अंतरिक्ष यान का उपयोग कर अंतरिक्ष में डॉकिंग के लिए एक किफायती प्रौद्योगिकी मिशन है जिसे पीएसएलवी के जरिये लॉन्च किया गया था। अंतरिक्ष में डॉकिंग तकनीक तब आवश्यक होती है जब सामान्य मिशन उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए कई रॉकेट प्रक्षेपण की आवश्यकता होती है। यह प्रौद्योगिकी भारत की अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं जैसे चंद्रमा पर भारतीय मिशन, चंद्रमा से नमूने वापस लाना, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन का निर्माण और संचालन आदि के लिए आवश्यक है। इस मिशन के माध्यम से, भारत अंतरिक्ष डॉकिंग प्रौद्योगिकी रखने वाला दुनिया का चौथा देश बनने की ओर अग्रसर है।

### पीएम मोदी ने इसरो के वैज्ञानिकों को दी बधाई



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को अंतरिक्ष में दो उपग्रहों की सफल डॉकिंग पर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को बधाई दी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बृहस्पतिवार को स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट (स्पेडेक्स) के तहत उपग्रहों की डॉकिंग सफलतापूर्वक की। यह भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन की स्थापना सहित भविष्य के कई मिशनों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, उपग्रहों की अंतरिक्ष डॉकिंग के सफल प्रदर्शन के लिए इसरो के सभी वैज्ञानिकों और पूरी अंतरिक्ष बिरादरी को बधाई। यह आने वाले वर्षों में भारत के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष मिशनों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

### अंतरिक्ष कार्यक्रम ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल : मुर्मू



नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को कहा कि दो उपग्रहों की सफल डॉकिंग के साथ भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। साथ ही उन्होंने देश की अंतरिक्ष क्षमताओं को बढ़ाने के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन तथा उसके वैज्ञानिकों को बधाई दी। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत स्पेस डॉकिंग क्षमता का प्रदर्शन करने वाला चौथा देश है। यह उपलब्धि चंद्रयान-4, भारत के अंतरिक्ष स्टेशन की योजना और गगनयान जैसे अंतरिक्ष अन्वेषण में देश के भविष्य के प्रयासों के लिए मार्ग प्रशस्त करती है। अंतरिक्ष एजेंसी इसरो ने स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट (स्पेडेक्स) के तहत उपग्रहों की डॉकिंग सफलतापूर्वक की, जो भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन की स्थापना सहित कई भावी मिशनों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुर्मू ने कहा, स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट, स्पेडेक्स के तहत प्रक्षेपित दो उपग्रहों की सफल डॉकिंग के साथ भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है।

## संक्षिप्त खबरें

### स्टार्टअप इंडिया कार्यक्रम मेरे दिल के बेहद करीब : पीएम

नई दिल्ली। देश स्टार्टअप इंडिया के 9 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहा है। इस मौके पर पीएम मोदी ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर किया। पीएम मोदी ने कहा कि ह्यस्टार्टअप इंडिया ने इनोवेशन और विकास को फिर से परिभाषित किया है और यह कार्यक्रम उनके दिल के काफी करीब है। पीएम मोदी ने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, आज, हम स्टार्टअप इंडिया के 9 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं, यह एक ऐतिहासिक पहल है जिसने इनोवेशन, एंटरप्रेन्योरशिप और विकास को फिर से परिभाषित किया है। यह कार्यक्रम मेरे दिल के बहुत करीब है, क्योंकि यह युवा सशक्तीकरण को आगे बढ़ाने का एक शक्तिशाली तरीका बनकर उभरा है। पिछले नौ वर्षों में, इस परिवर्तनकारी कार्यक्रम ने अनगिनत युवाओं को सशक्त बनाया है और उनके इनोवेटिव आइडिया को सफल स्टार्टअप में बदल दिया है। राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के रूप में यह अवसर एक मजबूत और समावेशी उद्यमशीलता इकोसिस्टम को बढ़ावा देने में देश की प्रगति का जश्न मनाता है। भारत सरकार की एक प्रमुख पहल के रूप में शुरू किए गए स्टार्टअप इंडिया का उद्देश्य इनोवेशन को बढ़ावा देना है और देश भर में स्टार्टअप के विकास को गति देना है।

### आयोग ने प्रचार सामग्री में किया लेबल और डिस्क्लेमर अनिवार्य

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने प्रचार अभियान में कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित सामग्री के उपयोग के बढ़ते चलन को देखते हुए अपनी नियमावली को अपडेट किया है। आयोग ने अब राजनीतिक दलों से एआई और बदलाव कर बनाए गए ऑडियो, वीडियो तथा इमेज के साथ लेबल लगाना और डिस्क्लेमर देना अनिवार्य कर दिया है। चुनाव आयोग ने आज राजनीतिक दलों को लिखे पत्र में कहा है कि जनमत को आकार देने में एआई जनित/सिंथेटिक सामग्री के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए निर्वाचन आयोग सभी राजनीतिक दलों और उनके नेताओं, उम्मीदवारों और स्टार प्रचारकों को सलाह देता है कि वे अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्मों और अन्य मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से चुनाव प्रचार के लिए साझा की जा रही एआई-जनित/सिंथेटिक सामग्री को प्रमुखता से लेबल करने के लिए आवश्यक उपाय करें। आयोग का कहना है कि एआई द्वारा निर्मित सामग्री की प्रमुख और आसानी से पहचाने जाने योग्य लेबलिंग जिम्मेदार और पारदर्शी अभियान और सूचित मतदाताओं को सुनिश्चित करेगी। राजनीतिक दलों से कहा गया है कि एआई प्रौद्योगिकियों द्वारा उत्पन्न या महत्वपूर्ण रूप से परिवर्तित किसी भी छवि, वीडियो, ऑडियो या अन्य सामग्री को एआई-जनरेटेड या डिजिटल रूप से संवर्धित या सिंथेटिक सामग्रीह जैसे संकेतन के साथ स्पष्ट रूप से लेबल करें। ऑनलाइन या अन्य प्लेटफॉर्म पर प्रसारित अभियान विज्ञापनों या प्रचार सामग्री में डिस्क्लेमर शामिल करें । पिछले साल मई में एआई के बढ़ते उपयोग के मद्देनजर चुनाव आयोग ने विस्तार से एआई से जुड़े दिशानिर्देश जारी किए थे। हालांकि इन चुनावों में एआई के बढ़ते उपयोग को देखते हुए आयोग ने इसमें अपडेट किया है।

## प्रगति यात्रा : मुख्यमंत्री ने खगड़िया जिले को 430 करोड़ रुपये की दी सौगात

# महिलाओं की समाज में प्रतिष्ठा बढ़ी : नीतीश

### सीएम ने 224 विकासात्मक योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

प्रात : किरण



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरूवार को खगड़िया जिले से प्रगति यात्रा के तीसरे चरण की शुरूआत की। मुख्यमंत्री ने खगड़िया जिले को 430 करोड़ रुपये की 224 विकासात्मक योजनाओं की सौगात दी। इनमें 89 योजनाओं का उद्घाटन एवं 135 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। प्रगति यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों से बातचीत करते हुए बिहार में निरंतर स्वयं सहायता समूहों की संख्या बढ़ रही है। जहां भी जीविका दीदियां जाती हैं उन्हें काफी इज्जत मिलती है। महिलाओं की न सिर्फ समाज में प्रतिष्ठा बढ़ी है बल्कि परिवार में भी उनका आदर मान होने लगा है। हमने ही स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को जीविका नाम दिया। जिससे प्रेरित होकर तत्कालीन केंद्र सरकार ने इसका नाम आजीविका किया। इसे भूलियेगा मत। जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री के आगमन पर स्वागत गान किया। मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायत महेशखूंट में जीविका भवन का फीता काटकर उद्घाटन किया।

#### महेशखूंट में पशु आहार कारखाना का किया उद्घाटन

मुख्यमंत्री ने खगड़िया जिला अंतर्गत गोगरी प्रखंड के महेशखूंट में पशु आहार कारखाना का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने पशु आहार कारखाना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को जानकारी देते हुए बताया कि 43 करोड़ रुपये की लागत से इस पशु आहार कारखाना का निर्माण कराया गया है, जिसकी उत्पादन क्षमता प्रतिदिन 300 मीट्रिक टन है। इस पशु आहार कारखाना से आस-पास के 5 लाख से अधिक पशुपालक लाभान्वित होंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि काफी अच्छे ढंग से इस पशु आहार कारखाना का निर्माण हुआ है और आज इसकी शुरूआत भी कर दी गई है। पशु पालकों को अब पशु चारा आसानी से उपलब्ध होगा। पशु आहार मिलने से दुधारू पशुओं के दूध में वृद्धि होगी, जिसका फायदा सीधे किसान पशुपालकों को मिलेगा। आज इस पशु आहार कारखाने का शुभारंभ करने से मुझे बेहद खुशी हो रही है। मुख्यमंत्री ने पशु आहार कारखाना प्रांगण में खगड़िया जिले अंतर्गत विभिन्न विभागों से संबंधित विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने महेशखूंट पंचायत के वार्ड संख्या-12 का भ्रमण कर जल-जीवन-हरियाली योजना, हर घर नल जल योजना, मुख्यमंत्री स्ट्रीट लाइट योजना सहित विभिन्न विभागों द्वारा कराए गए विकासात्मक कार्यों एवं उपलब्ध कराई गई बुनियादी सुविधाओं की जानकारी ली। भ्रमण के क्रम में मुख्यमंत्री स्थानीय लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याओं से भी अवगत हुए।

#### मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभुकों को सौंपा चेक

महेशखूंट पंचायत के वार्ड संख्या-12 में जीविका दीदियों एवं विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। अवलोकन के क्रम में मुख्यमंत्री महिला उद्यमी योजना का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति उद्यमी योजना का सांकेतिक चेक, अभियान बसेरा अंतर्गत सरकारी भूमि की बंदोबस्ती का प्रमाणपत्र, राज्य संपोषित मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजाना की चाबी, देशी गौ-पालन प्रोत्साहन अनुदान योजना का सांकेतिक चेक, समेकित मुर्गी विकास योजना अंतर्गत लेयर मुर्गी पालन पर अनुदान की योजना का स्वीकृति पत्र एवं सांकेतिक चेक, समेकित बकरी एवं भेड़ विकास योजना का सांकेतिक चेक, तालाब मत्स्य विशेष सहायता योजना हेतु अनुदान का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री समेकित चौर विकास योजना का सांकेतिक चेक, फिश कियोस निर्माण हेतु अनुदान का सांकेतिक चेक, लघु फिश फीड मिल अभिस्थान हेतु अनुदान का सांकेतिक चेक, मोबाइल फिश कियोस की चाबी, साइकिल-सह-आइस बॉक्स की चाबी, पौधा संरक्षण संभाग अंतर्गत कृषि क्लीनिक स्थापना हेतु अनुदान का सांकेतिक चेक, कस्टम हायरिंग सेंटर कीचाबी, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान का सांकेतिक चेक, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना का सांकेतिक चेक, दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल की चाबी, मुख्यमंत्री अंतजार्तीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना का सांकेतिक चेक, बिहार शताब्दी असंगठित कार्य क्षेत्र कामगार एवं शिलपकार सामाजिक सुरक्षा संशोधन योजना अंतर्गत मुत्यु लाभ का सांकेतिक चेक, बिहार राज्य प्रवासी मजदूर दुर्घटना अनुदान योजना (संशोधित)-2023 मृत्यु लाभ का सांकेतिक चेक, खगड़िया जिला अंतर्गत कुल 459 जीविका स्वयं सहायता समूहों को 11 करोड़ 56 लाख 70 हजार रुपये का सांकेतिक चेक, सतत जीवकोपार्जन योजना अंतर्गत ई-रिक्शा की चाबी, जल-जीवन-हरियाली अभियान के अंतर्गत निर्मित जलाशय को मत्स्य पालन हेतु प्रभात जीविका महिला ग्राम संगठन को हस्तांतरित करने का प्रमाण पत्र मुख्यमंत्री ने लाभुकों को प्रदान किया।

### आरसीसी पुल के निर्माण कार्य का किया स्थल निरीक्षण



मुख्यमंत्री ने अलौली प्रखण्ड में बागमती नदी पर गढ़ घाट में उच्चस्तरीय आरसीसी पुल के निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस आरसीसी पुल की लंबाई 400 मीटर होगी और इसकी अनुमानित लागत 95 करोड़ रुपए होगी। बाढ़ के दिनों में जलस्तर बढ़ने के बाद सम्पूर्ण पंचायत क्षेत्र जलमग्न हो जाता है, जिसके कारण यह क्षेत्र अपने जिला मुख्यालय एवं प्रखण्ड मुख्यालय से पूर्णतः कट जाता है। कृषि कार्य के लिये ग्रामीणों को आवागमन की सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण नाव का सहारा लेना पड़ता है। इस पुल के निर्माण से इस क्षेत्र के लोगों को काफी लाभ होगा। खगड़िया जिलान्तर्गत राजेन्द्र चौक, खगड़िया से बखरी बस स्टैण्ड होते हुये रेलवे क्रासिंग तक प्रस्तावित पथ के निर्माण कार्य का मुख्यमंत्री ने जायजा लिया। यह फोर लेन 1.5 किलोमीटर लंबी होगी। इसकी लागत लगभग 16 करोड़ रुपए होगी। खगड़िया परिहारा बखरी लिंक पथ के खगड़िया रेलवे स्टेशन से उमेश नगर रेलवे स्टेशन तक सड़क ऊपरी पुल का निर्माण कार्य का मुख्यमंत्री ने शिलान्यास किया। इस आरओबी की लंबाई 1300 मीटर है। इसके पश्चात नगर परिषद् खगड़िया अंतर्गत नगर सुरक्षा बांध पर सड़क एवं एएफएस के प्रस्तावित निर्माण का भी स्थल निरीक्षण कर अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस सड़क एवं एन्टी फ्लड स्लूइस के प्रस्तावित निर्माणपर आधारित लघु फिल्म भी मुख्यमंत्री के समक्ष प्रदर्शित की गई। प्रस्तावित निर्माण के तहत खगड़िया शहर सुरक्षा तटबंध का उच्चीकरण, सुदृढ़ीकरण एवं कालीकरण किया जाना है। इसके साथ ही फ्लड स्लूइस गेट का निर्माण किया जाएगा।

## सरकार का कर्मचारियों को तोहफा आठवें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी



प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्र सरकार ने लाखों केंद्रीय कर्मचारियों को तोहफा दिया है। केंद्र सरकार ने गुरुवार को आठवें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी देने का एलान कर दिया। गठन के बाद आयोग की रिपोर्ट के आधार पर कर्मचारियों की सैलरी और पेंशनधारकों के पेंशन में इजाफा होगा। लाभान्वित होने वाले लोगों की संख्या एक करोड़ से अधिक होगी।

सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में 8वें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी देने का फैसला लिया गया। 7वें वेतन आयोग का गठन 2016 में किया गया था और इसका कार्यकाल 2026 में समाप्त होगा। वैष्णव ने आगे कहा कि आयोग के अध्यक्ष और दो सदस्यों की नियुक्ति जल्द ही की जाएगी।

#### एक करोड़ से अधिक कर्मचारियों और पेंशनधारकों को मिलेगा लाभ

सरकार के इस कदम का इंतजार एक करोड़ से अधिक केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को था। ये अपने मूल वेतन, भत्ते, पेंशन और अन्य लाभों को संशोधित करने में मदद के लिए आयोग के गठन की आस लगाए थे। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा करते हुए कहा कि आयोग का गठन 2026 तक हो जाएगा। उन्होंने आगे दोहराया कि सातवें वेतन आयोग की सिफारिशें पहले ही लागू की जा चुकी हैं।

सरकार बाद में सदस्यों सहित आयोग के अन्य विवरणों के बारे में जानकारी देगी। सातवें वेतन आयोग ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों के वेतन ढांचे, भत्तों और पेंशन में महत्वपूर्ण बदलाव किए है। जिससे वेतन समानता सुनिश्चित हुई और सक्रिय कर्मचारियों और सेवानिवृत्त पेंशनभोगियों दोनों को लाभ हुआ। इसके बाद अब 8वें केन्द्रीय वेतन आयोग का गठन होने वाला है।

## सैफ अली खान पर हुआ हमला, खतरे से बाहर



मुंबई/एजेंसी। अभिनेता सैफ अली खान पर हुए हमले को लेकर मुंबई डीसीपी दीक्षित गेदाम का बयान सामने आया है। उन्होंने मीडिया को बताया कि कल रात दो- तीन बजे हमें सूचना मिली कि अभिनेता सैफ अली खान पर हमला हुआ है। पुलिस ने बताया कि जानकारी मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। इसके बाद उन्हें लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया। हम मामले की जांच में जुटे हुए हैं। हम इस पूर मामले की कई पहलुओं से जांच कर रहे हैं। वहीं, एक्टर की हालत में अब स्थिर है। वो खतरे से बाहर हैं। जानकारी के मुताबिक, चोरी की मंशा से आए आरोपियों ने एक्टर पर चाकू से हमला कर दिया था। पुलिस इस घटना से जुड़े सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाल रही है। अब तक इस मामले में सात टीमों का गठन किया गया है। वहीं पुलिस ने इस मामले में सैफ के घर में काम करने वालों को हिरासत में लिया। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। लीलावती अस्पताल के डॉक्टर ने बताया कि एक्टर को छह बार चाकू घोंपा गया है जिनमें से दो जख्म गहरे हैं। लीलावती अस्पताल के सीईओ डॉ. नीरज उत्तमानी ने कहा कि सैफ को उनके बांद्रा स्थित घर में एक अज्ञात व्यक्ति ने चाकू घोंपा और उन्हें सुबह 3:30 बजे लाया गया। उत्तमानी ने कहा कि जख्म रीढ़ के पास है। न्यूरोसर्जन डॉ. नितिन डांगे, कॉस्मेटिक सर्जन डॉ. लीना जैन और एनेस्थेटोलॉजिस्ट डॉ. निशा गांधी के नेतृत्व में डॉक्टरों की एक टीम उनका ऑपरेशन कर रही है। मामले को लेकर सैफ अली खान और करीना कपूर की टीम ने एक आधिकारिक बयान जारी किया है। दोनों ने प्रशंसकों से धैर्य बनाए रखने की अपील की है।

## के विनोद चंद्रन शीर्ष न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में ली शपथ

नई दिल्ली/एजेंसी। भारत के प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना ने बृहस्पतिवार को पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के. विनोद चंद्रन को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति चंद्रन के शपथ ग्रहण के साथ ही उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर 33 हो गई है, जबकि स्वीकृत संख्या 34 है जिसमें प्रधान न्यायाधीश भी शामिल हैं। केंद्र ने 13 जनवरी को सर्वोच्च न्यायालय के कॉलेजियम के उस प्रस्ताव को मंजूरी दी थी, जिसमें न्यायमूर्ति चंद्रन को सर्वोच्च न्यायालय का न्यायाधीश बनाने की सिफारिश की गई थी। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना की अगुवाई में पांच न्यायाधीशों के कॉलेजियम ने सात जनवरी को हुई बैठक में न्यायमूर्ति चंद्रन के नाम की सिफारिश की जिन्हें आठ नवंबर, 2011 को केरल उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया गया था। न्यायमूर्ति चंद्रन को 29 मार्च, 2023 को पटना उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया था। कॉलेजियम के सात जनवरी के प्रस्ताव में कहा गया है, उन्होंने 11 साल से अधिक समय तक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में और एक साल से अधिक समय तक एक उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्य किया है।

# सिंगापुर के राष्ट्रपति का राष्ट्रपति भवन में पारंपरिक स्वागत

### स्वागत

### सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम का भारत की पहली राजकीय यात्रा

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। भारत यात्रा पर आये सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम का गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में पारंपरिक स्वागत किया गया। उनका राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत करेंगे। राष्ट्रपति भवन में स्वागत के बाद सिंगापुर के राष्ट्रपति राजघाट गए जहां उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, एक करीबी साथी का स्वागत। सिंगापुर के राष्ट्रपति का भारत की पहली राजकीय यात्रा पर औपचारिक स्वागत और गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। पोस्ट में कहा गया है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ने राष्ट्रपति थर्मन का राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में गर्मजोशी से स्वागत किया। राष्ट्रपति थर्मन कल से दो दिन के लिए ओडिशा के दौरे पर भी जायेंगे। भारत और सिंगापुर के बीच मैत्री, विश्वास और आपसी सम्मान की लंबी परंपरा पर आधारित व्यापक सहयोग संबंध हैं। राष्ट्रपति थर्मन की यात्रा से द्विपक्षीय संबंधों को और गति मिलने की उम्मीद है, जिसे पिछले साल सितंबर में प्रधानमंत्री मोदी की सिंगापुर यात्रा के दौरान व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाया गया था। इस यात्रा से भारत और सिंगापुर के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 60वीं वर्षगांठ के समारोह की शुरूआत भी होगी।

### नौसेना के लिए 2960 करोड़ रुपए की लागत से खरीदी जायेंगी मिसाइल प्रणाली

नई दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने नौसेना के लिए लगभग 2,960 करोड़ रुपये की लागत से मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों की आपूर्ति के लिए भारत डायनेमिक्स लिमिटेड के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। रक्षा मंत्रालय ने गुरूवार को यहां बताया कि रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में रक्षा मंत्रालय और बीडीएल के अधिकारियों ने इस अनुबंध पर हस्ताक्षर किए । यह मिसाइल प्रणाली एक मानक फिट है, जो कई भारतीय नौसेना युद्धपोतों पर लगी है और इसे भविष्य में अधिग्रहण के लिए नियोजित अधिकांश प्लेटफार्मों पर तैनात किए जाने की योजना है। यह अनुबंध भारत की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने और उन्नत सैन्य तकनीक को स्वदेशी बनाने के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस मिसाइल प्रणाली की आपूर्ति आत्मनिर्भर भारत पर जोर देने के साथ बीडीएल द्वारा खरीदें (भारतीय) श्रेणी के तहत की जाएगी, जिसमें काफी हद तक स्वदेशी सामग्री होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### रेड क्रॉस द्वारा गरीबों के बीच कम्बल वितरण किया गया

मसौढ़ी:बढ़ते ठंड व शीतलहरी के प्रकोप को देखते हुए भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी उपशाखा मसौढ़ी के उपाध्यक्ष सह अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार पटेल के नेतृत्व में गरीब व असहाय लोगों के बीच मसौढ़ी रेड क्रॉस में निर्धन-असहाय व विकलांग लोगों के बीच कम्बल वितरित किया गया।वही रेड क्रॉस वोल्यूंटीयर्स के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए हुए लोगों के बीच साबुन सर्फ व खाद पदार्थ वितरण किया गया।इस मौके पर रेड क्रॉस प्रभारी विश्वरंजन सिंह डॉ सुधीर कुमार पलटन सिंह नवल भारती डॉ राम जयपाल सिंह उपेंद्र कुमार निराला रम्या कुमारी रीता शर्मा किरण कुमारी रेखा देवी अमृत आनंद राजकेश्वर पासवान सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

### 250 लीटर देशी शराब बरामद

मसौढ़ी !अवैध देशी व विदेशी शराब के विरुद्ध पुलिस की कार्रवाई लगातार जा रही है।मंगलवार को लहसुना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बदरोई गांव में छापामारी की छापामारी के दौरान शराब निर्माण के बड़े अड्डे को ध्वस्त किया। थानाध्यक्ष खुशबू खातून के नेतृत्व में पुलिस बल ने वहां जमीन के अंदर गाड कर रखे गए 250 लीटर देशी शराब बरामद की है।इस संबंध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष खुशबू खातून ने बताया कि बरामद शराब को लेकर कारोबारी के खिलाफ स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कर उसे गिरफ्तार करने की कार्रवाई चल रही है।छापामारी के दौरान शराब निर्माण करने वाले मौके से फरार होने में कामयाब हो गए।इस बाबत थाना अध्यक्ष ने बताया कि शराब के कारोबारी गण पुलिस से बचने के लिए शराब को बड़ी मात्रा में झाड़ियों में और जमीन के नीचे गाड़ कर रखा था।जिसे पुलिस बलों की सहायता से जमीन को खोदकर छुपाए

### रेलवे यार्ड में खड़ी हाईवा ट्रक में लगी आग

फतुहा। गुरुवार को रेलवे यार्ड के दक्षिण खड़ी हाईवा ट्रक में आग लग गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए आरपीएफ इंस्पेक्टर विनोद कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि रेलवे यार्ड के दक्षिण में कचरा में लगी आग से एक लावारिस हाईवा ट्रक में आग लग गया। जिसे फतुहा अग्निशामक एवं रेसुब फतुहा द्वारा पूरी तरह बुझाया गया। इसमें किसी तरह के जान-माल की क्षति नहीं हुई है।

### मुख्य ग्रंथी की स्मृति में आज विशेष दीवान

पटना सिटी (प्राकि)। तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में मुख्य ग्रंथी रहे भाई राजिंदर सिंह की स्मृति पर श्री गुरु ग्रंथ साहिब का अखंड पाठ गुरुवार को भी जारी रहा। शुक्रवार को अखंड पाठ की समाप्ति होगी। इसके बाद विशेष दीवान सजेगा। संयोजक दया सिंह ने बताया कि विशेष दीवान में श्रद्धा निवेदित करने के लिए संगत व सेवादार शामिल होंगे। विशेष दीवान में शबद कीर्तन और कथा के साथ अन्य धार्मिक आयोजन होगा। दीवान की समाप्ति के बाद गुरु का लंगर चलेगा।

### महादलित परिवार को कराया गया भोजन

दानापुर। नगर अंतर्गत साईं अँगना मंदिर के सेवकों ने गुरुवार को फुलवारी प्रखंड के भुसौला पोखरा स्थित महादलित मुहल्ले में सामुहिक भोजन कराया।सेवक संजय सेठ ने बताया कि मकर संक्रांति पर हर साल महादलित बस्ती में भोज कराया जाता है।मौके पर अरविंद गुप्ता,अमान सोनी,विक्की,गोपाल,रोहित, बिट्टू,गांधी समेत अन्य सेवक थे।

### हथियांकांध पंचायत के पैक्स अध्यक्ष व सदस्या पद के लिए चुनाव को लेकर नामांकन शुरू

दानापुर। नगर के अंतर्गत हथियांकांध पंचायत के पैक्स अध्यक्ष व सदस्या पद के लिए चुनाव को लेकर नामांकन शुरू हुआ। प्रथम दिन पैक्स अध्यक्ष पद के लिए चार व सदस्य पद के लिए दो लोगो ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया। नामांकन करने को लेकर वाहनो के काफिला व समर्थको के साथ अभ्यर्थी प्रखंड कार्यालय पहुंचे। जिससे प्रखंड कार्यालय परिसर में भीड़ जुटी रही। पैक्स अध्यक्ष पद के लिए अभिषेक कुमार, कुणाल कुमार, अजय कुमार एवं पिंकी देवी ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया। वही 11 सदस्य पद के लिए मात्र दो लोगो ने नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन को लेकर पिंकी देवी के समर्थन में भाजपा नेता सुबोध यादव व संजय यादव आदि शामिल हुए। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निवार्ची पदाधिकारी विभेष आनंद ने बताया कि प्रथम दिन अध्यक्ष पद के लिए 4 एवं सदस्य पद

# राज्य में 1575 एम्बुलेंस लोगों के लिए उपलब्ध

**• 57 शव वाहन जल्द कराये जायेंगे उपलब्ध**

प्रात :किरण संवाददाता




पटना- अस्पताल जाने एवं उपचार के बाद किसी भी मरीज की सबसे पहली जरुरत एम्बुलेंस की होती है. बेहतर स्वास्थ्य सुनिश्चित करने में गुणवत्तापूर्ण एम्बुलेंस सुविधा जरूरी होती है. आकस्मिक स्तिथि में मरीजों को अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केंद्र पर पहुँचाने में एम्बुलेंस की सुविधा संजीवनी साबित होती है। ससमय लोगों को एम्बुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए राज्य स्वास्थ्य समिति प्रयासरत है। वर्ष 2024-25 के जनवरी से अक्टूबर तक राज्य में 1001 बीएलएस ( बेसिक लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस ) एवं 574 एएलएस ( एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस ) क्रियाशील है। राज्य में नवंबर 2024 से नयी एजेंसी जेनप्लस प्राइवेट लिमिटेड ने 102 एम्बुलेंस सेवा की सेवा शुरू की है. नयी एजेंसी अगले कुछ महीने में 700 बीएलएस एवं 57 शव वाहन को 102 एम्बुलेंस सेवा में जोड़ेगी। राज्य के सभी मरीजों को 102 एम्बुलेंस सेवा निशुल्क उपलब्ध करायी जा रही है। 102 एम्बुलेंस के परिचालन की मॉनिटरिंग के लिए डैशबोर्ड परिचालित है. साथ ही 102 एम्बुलेंस की बुकिंग के लिए टोल फ्री नंबर 102 पर मोबाइल/ फोन के माध्यम से सीधे कॉल करने के अलावे जीपीएस ट्रैकिंग सुविधा के साथ बुकिंग का विकल्प भी उपलब्ध है। एम्बुलेंस की बढ़ती संख्या के कारण एम्बुलेंस का रोगियों तक पहुँचने का औसत समय घट कर 22 मिनट हो गया है। विदित हो कि राष्ट्रीय मानक के अनुसार एक लाख की आबादी पर एक बीएलएस एम्बुलेंस एवं पाच लाख की आबादी पर एक एएलएस एम्बुलेंस का प्रावधान है। राज्य में 1.19 लाख आबादी पर एक बीएलएस एम्बुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली गयी है जो राष्ट्रीय मानक के लगभग बराबर है। वहीँ 2.17 लाख की आबादी पर एक एएलएस एम्बुलेंस की उपलब्धता है जो राष्ट्रीय मानक पांच लाख से काफी बेहतर है।

# निजी विद्यालय ने मरची पंचायत के दलितों के बीच बांटा कंबल



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

भारत रत्न भीमराव अंबेडकर को समर्पित संविधान गौरव अभियान के तहत गुरुवार को केशव विद्या मंदिर (कुम्हरार) की ओर से जरूरत लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। यह वितरण मरची पंचायत की मुसहर टोली में आयोजित कार्यक्रम में बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण के बाद 101 निर्धन मुसहर स्त्री-पुरुषों के बीच किया गया। कंबल की व्यवस्था विद्या मंदिर के छात्रों के सहयोग से की गई थी। इस अवसर पर प्रबंधन समिति के सचिव संजीव कुमार यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंबेडकर से जुड़े स्थलों को पंचतीर्थ बनाने के साथ गरीबों को पक्का मकान, मुफ्त उज्ज्वला गैस कनेक्शन और मुफ्त राशन देने जैसी योजनाएं लागू कीं, जिसका सबसे ज्यादा लाभ दलित परिवारों को मिला। प्राचार्य राजेश कुमार नंदन ने कहा कि बाबा साहब ने दलितों को मेहनत-मजदूरी के साथ शिक्षा पर ध्यान देने को कहा था। उन्होंने पांच से अधिक उम्र के बच्चों का दाखिला नजदीकी किसी भी स्कूल में कराने पर जोर दिया। उपप्राचार्य अभय कुमार लाभ ने कहा कि शिक्षा के अधिकार (आरटीई) के तहत हर स्कूल में 10 फीसद नामांकन दलित-गरीब परिवार के बच्चों का होना है और यह शिक्षा निःशुल्क है। इसका लाभ दलित परिवारों को उठाना चाहिए। वरिष्ठ पत्रकार कुमार दिनेश ने भी झुग्गी वासियों को अपने अगले पीढ़ी को शिक्षित कराने पर बल दिया। कार्यक्रम में स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता मनीष सिंह, सरवन सिंह, अजीत कुमार यादव , राजेश कुमार यादव, मिथिलेश जायसवाल आदि ने सहयोग किया।

# नेत्रदानी परिवार का किया सम्मान



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

चौक के मिरचाई गली के रहने वाले 95 वर्षीया श्रीमती शांति देवी पोद्दार का निधन हो गया था। इसके बाद दधीचि देहदान समिति की पहल से परिवार ने नेत्रदान कराया था। गुरुवार को उनके आवास पर दधीचि देहदान समिति के महासचिव पद्मश्री बिमल कुमार जैन एवं समिति के सदस्यों द्वारा धार्मिक और परोपकारी परिवार को अंग वस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। इस दौरान उनके चारों पुत्र राजकुमार पोद्दार, आनंद पोद्दार, अशोक पोद्दार, सुभाष पोद्दार तथा परिवारजनों के सहयोग से नेत्रदान की पहल की गई थी। स्मृतिशेष शांति जी की आखों से कम से कम दो नेत्रहीनों को दृष्टि मिल सकेगी। महासचिव पद्मश्री बिमल जैन ने परिजनों को कहा कि मृत्यु सुनिश्चित है, परन्तु मृत्यु के बाद भी अमर होने का श्रेष्ठ तरीका है नेत्रदान। शरीर नश्वर है वह अंतिम संस्कार के बाद राख में बदल जाएगा, मगर मृत व्यक्ति की आंखों से अन्य लोग दुनिया देख सकेंगे। आपकी आंखें जीवित रहेंगी। आइए नेत्रदान व अंगदान के लिए संकल्पित होकर पीड़ित मानवता की सेवा करें। समिति के उपाध्यक्ष संजीव कुमार यादव ने उपस्थित लोगों से नेत्रदान का सामूहिक संकल्प पाठ कराया। शोकसभा में आए लोगों का आह्वान किया कि महर्षि दधीचि की इस अंगदान की परंपरा को पुनर्जीवित करें तथा पीड़ित मानवता की सेवा में अपना योगदान दे। मौके पर समिति के सदस्य अरुण सत्यमूर्ति, आनंद प्रधान व संजीव देवड़ा ने पुष्पांजलि अर्पित कर विनयांजलि अर्पित की।

# हाथीदह पुलिस ने शराब पर की कर्रवाई पेंट्री कार की आड़ में शराब ढूलाई का पदार्फाश

**• उत्तर प्रदेश के 3 तस्कर समेत 4 गिरफ्तार**

प्रात :किरण संवाददाता





मोकामा। बिहार में शराबबंदी को लेकर तरह-तरह की बात सामने आई है लेकिन तस्करी रुकने का नाम नहीं ले रहा है। बिहार में शराब बंदी के बाद से ही शराब की तस्करी भी शुरू हो गई थी, इसके लिये शराब तस्कर तरह तरह के हथकंडे अपनाते रहते है। ट्रेन से शराब ढूलाई के कई मामले पहले सामने आये है। लेकिन इसी कड़ी में आज पहली बार एक अनोखा मामला सामने आया है। दरअसल पटना पुलिस की हाथीदह थाना ने ट्रेन के पेंट्री कार से शराब ढूलाई का पदार्फाश करते हुये।4 तस्करों को शराब के साथ गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया की सब इंस्पेक्टर मौसमी कुमारी ने राजेंद्र सेतु से एक ऑटो से शराब समेत तस्करों को गिरफ्तार किया है। ये सभी किसी ट्रेन से उतरकर एक ऑटो से शराब बेगूसराय की ओर ले जा रहे थे। पुलिस ने जब पीछा किया तो तेजी से ऑटो लेकर भागने लगे। लेकिन सभी को खदेड़कर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पूछताछ और तलाशी के बाद पता चला की पेंट्री कार से शराब ढूलाई में ये तस्कर शामिल थे। इनके पास से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब की खेप के साथ, क्म्छ्ळ्ड के दो आई कार्ड भी जब्त हुये है। गिरफ्तार 4 में से तीन तस्कर उत्तरप्रदेश के बरेली जनपद के निवासी है। जबकी ऑटो चालक मोकामा थाना के शिवनार का निवासी है। पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है और आगे की कार्रवाई में जुटी है।

# मसौढ़ी मोड़ से बैरिया बस स्टैंड के बीच हटाया अतिक्रमण



पटना सिटी (प्राकि)। नगर निगम के अजीमाबाद अंचल के द्वारा गुरुवार को भी अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अतिक्रमण प्रभारी बिट्टू कुमार ने बताया कि इस दौरान पटना-मसौढ़ी मोड़ से अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू किया गया और समाप्त बैरिया बस स्टैंड के पास किया गया। इस दौरान फुटपाथ को अतिक्रमण किए दो ठेला को जब्त किया गया। एक बैनर हटाया गया, जबकि 4100 बतौर जुमार्ना वसूल किया गया।

# छात्राओं को टीबी से बचाव की दी गई जानकारी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



नारायणी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं को तपेदिक रोग से बचाव के बारे में जानकारी दी गई। श्री गुरु गोविंद सिंह सदर अस्पताल में संचालित होम्योपैथिक चिकित्सा सत्यापन ईकाई यूनिट की ओर से टीबी उन्मूलन के लिए छात्राओं के बीच जागरुकता शिविर लगाया गया। इस दौरान बीमारी, लक्षण व बचाव के बारे में जानकारी दी गई। इसमें डॉ अभिषेक कुमार ने टीबी के लक्षणों से छात्राओं को अवगत कराते हुए कहा कि दो सप्ताह से अधिक खांसी होने, वजन घटने, मुंह के बलगम से खून निकलने सहित अन्य लक्षण टीबी (तपेदिक) के हो सकते हैं। ऐसे में उन्हें जल्द ही अपने नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जाकर बलगम की जांच कराना चाहिए। कारण कि अगर हम लोग सही समय पर जांच करेंगे, तभी टीबी को रोक पाएंगे। अगर किसी मरीज को टीबी की समस्या हो गई है, तो उसे सरकारी संस्थान द्वारा मुफ्त दवा मुहैया कराई जा रही है। डॉ अमरेंद्र कुमार जे आरएफ ने बताया कि टीबी के मरीज को कौन-कौन से ऐसे भोजन लेने चाहिए, जिससे उनकी बीमारी जल्द ठीक हो। जैसे कि मरीज को ज्यादा प्रोटीन वाली चीज लेने की जरूरत है। इसमें मशरूम व दूध इत्यादि अधिक मात्रा में लेने से मरीज का इम्यून सिस्टम स्ट्रांग होता है और वह बीमारियों से आराम से लड़ सकता है। आयोजन में डॉ अमरेंद्र कुमार ने भी टीबी पीड़ित मरीज का भोजन कैसा हो, इस बारे में जानकारी दी। जागरुकता कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य के साथ शिक्षक व कर्मी के अलावा सुमित कुमार सिंह व राहुल कुमार आदि उपस्थित थे।

# मांगों को ले व्यवहार न्यायालय के कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

**न्यायाधीशों के कक्ष का नहीं खुला ताला, कोर्ट में नहीं हुआ कोई काम**

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता




बिहार राज्य व्यवहार न्यायालय के आह्वान पर पटना सिटी व्यवहार न्यायालय के कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर गुरुवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। इस दौरान कर्मचारियों ने कोर्ट परिसर में ही धरना दिया और जम कर मांगों के समर्थन में नाराबाजी किया। इस दौरान सत्यार्थ सिंह और प्रभाकर श्रीवास्तव ने बताया कि लगातार बिहार सरकार उनकी मांगों को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई और टालमटोल का रवैया अपनाया। नतीजतन मजबूर होकर उन सबों को अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने को मजबूर होना पड़ा। इसके पूर्व उन सबों ने प्रदर्शन कर विरोध जताने का काम किया था, मगर उसके बाद भी सरकार की नींद नहीं खुली। उन सबों के हड़ताल पर रहने से मुवक्किलों, अधिवक्ताओं, अधिवक्ता लिपिक से लेकर अन्य लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा है। इसके लिए वह संबंधित लोगों से क्षमा प्रार्थी हैं। मगर उन सबों की भी मजबूरी है। सरकार बातचीत के द्वारा मांगों पर विचार करते हुए उस पर सहमति जताती, तो शायद उन सबों को अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने को विवश नहीं होना पड़ता। हड़ताल सह धरना पर सत्यार्थ सिंह, नीरज पटेल, मो रईसुद्दीन, प्रभाकर श्रीवास्तव, नवनीत कुमार, विमला कुमारी, मृदुला कुमारी, सुषमा कुमारी, सीमा कुमारी सहित करीब दो दर्जन से अधिक कर्मी धरना पर बैठे थे। उन सबों की मांगों में विशेष न्यायिक कैडर लागू करने, सभी का वेतन विसंगति दूर करने, तृतीय व चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों को पदोन्नति देने और शत-प्रतिशत अनुकंपा को लागू करना है।

**नहीं खुला ताला**

इधर न्यायाधीशों के सुनवाई वाले कक्ष का ताला को खोला गया था, मगर उसे बंद कर दिया गया। इसके बाद चाबी को संबंधित न्यायाधीश को सौंप दिया गया। स्थिति यह रही कि संबंधित न्यायाधीशों के कक्ष का ताला नहीं खुलने के कारण न्यायिक कार्य पूरी तरह से बाधित रहा। इस दौरान न तो किसी मामले की सुनवाई हो पाई, न गवाही हो पाई और न ही जमानत से संबंधित किसी पिटीशन पर विचार ही किया जा सका।

### अधिवक्ता संघ ने हड़ताली कर्मियों का किया समर्थन

पटना सिटी (प्राकि)। व्यवहार न्यायालय के कर्मचारियों की मांगों का समर्थन पटना सिटी अधिवक्ता संघ ने भी किया है। संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने कहा कि उन सबों की मांगे जायज हैं और सरकार को इसे मानते हुए अधिसूचना जारी किया जाना चाहिए। राज्यस्तरीय इस हड़ताल के कारण न्यायिक कार्य बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। दरअसल अधिवक्ता भी तय समय से कोर्ट पहुंच गए थे। अधिवक्ता लिपिक भी पहुंचे। अधिकांश मुवक्किल व वकील, जिनका आज कोर्ट में सुनवाई के लिए तिथि निर्धारित थी, वह सब यहां पहुंचे। इन सबों ने हाजिरी फॉर्म भी खरीदा, मगर उसे संबंधित कोर्ट में जमा नहीं किया जा सका। इसके पीछे कारण रहा कि एडीजे, एसीजीएम, एसडीजेएम, सब-जज, न्यायिक मजिस्ट्रेट, मुंशी के कक्ष का ताला ही नहीं खुला। कोर्ट के तीनों फ्लोर पर वकील से लेकर मुवक्किल ही केवल इक्का-दुक्का संख्या में टहलते दिखे। हालांकि जिन अधिवक्ताओं और मुवक्किल को कर्मचारियों की हड़ताल के बारे में जानकारी नहीं थी, ऐसे लोगों ने हाजिरी फॉर्म से लेकर अन्य फार्म खरीदने का काम किया।

# महानिदेशक नई दिल्ली और रेलवे बोर्ड ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक एवं अधिकारियों के साथ की बैठक

प्रात :किरण संवाददाता




हाजीपुर महानिदेशक (संरक्षा), रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली हरि शंकर वर्मा पूर्व मध्य रेल मुख्यालय, हाजीपुर पहुंचे । यहां उन्होंने महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह एवं अन्य अधिकारियों के साथ संरक्षा संबंधी विंदुओं पर गहनता से विचार-विमर्श किया। इस बैठक में रेलवे ट्रैक की सुरक्षा, ट्रैक फेंसिंग, ट्रेस पासिंग सहित संरक्षा से जुड़े पहलुओं पर चर्चा हुई । साथ ही संरक्षित ट्रेन संचालन को सुनिश्चित करने के लिए रेल परिचालन के विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे सार्थक उपायों, पहलों, नवपरिवर्तन इत्यादि विषयों पर भी विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान महानिदेशक (संरक्षा), रेलवे बोर्ड ने संरक्षा सर्वोपरि के सिद्धांत का पालन करते हुए विशेष सतर्कता और सावधानी बरतने का निर्देश दिया । उन्होंने संरक्षा नियमों के शत-प्रतिशत अनुपालन पर बल देते हुए संरक्षा के संबंध में रेलवे बोर्ड से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया । बैठक को संबोधित करते हुए महानिदेशक (संरक्षा), रेलवे बोर्ड ने रेल संरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए पूर्व मध्य रेल द्वारा किये जा रहे उपायों, पहलों, नवपरिवर्तन, प्रशिक्षण इत्यादि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सलाह दी कि वे जमीनी स्तर पर रेल संरक्षा की गहन निगरानी करें। उन्होंने रेल परिचालन से सीधे रूप से जुड़े विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को संरक्षा नियमों का शत-प्रतिशत अनुपालन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि रेलकर्मी अपने संरक्षा ज्ञान को सदैव अद्यतन रखें, कार्य निष्पादन के दौरान कोई भी शार्टकट तरीका न अपनायें तथा अपने कार्यों का निष्पादन पूरी सत्य व निष्ठा से करें। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि रेल संरक्षा सुनिश्चित करने की समेकित जिम्मेदारी सभी रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों की है।

# सीमा शुल्क पटना के द्वारा 15 दिवसीय "स्वच्छता पखवाडा" का हुआ शुभारंभ



प्रात :किरण संवाददाता

पटना ।सीमा शुल्क (निवारण) पटना के आयुक्त डॉ यशोवर्धन पाठक के द्वारा 16 से 31 जनवरी .2025 तक चलने वाले स्वच्छता पखवाडा का शुभारंभ गुरुवार को किया गया। स्वच्छता पखवाडा के प्रारंभ में आयुक्त के साथ-साथ कार्यालय के सभी अधिकारियों ने अपने आसपास को सम्पूर्ण स्वच्छ बनाने की दिशा में कार्य करने का शपथ लिया। पंद्रह दिनों तक चलने वाले स्वच्छता पखवाडा के तहत विभिन्न तरह के स्वच्छता से सम्बंधित कार्यक्रम को करना सुनिचित किया गया है इसमें मुख्यतः सरकारी विद्यालयों खासकर कन्मा विद्यालयों में शौचालय का निर्माण कार्य कराये जाने है। शौचालय निर्माण कार्य के लिए बक्सर जिले के जयनाथ महर्षि उप्मणि उच्च विद्यालय नियाजीपुर एवं राजपुर उच्च विद्यालय अर्जुनपुर का चयन किया गया है। शौचालय निर्माण कार्य के साथ साथ विद्यालय प्रांगन की साफ-सफाई एवं सौंदर्याकरण जैसे कार्य कराए जायेंगे। ज्ञात हो कि पूर्व में सरकारी कन्मा उच्च विद्यालय नियाजीपुर एवं राजपुर उच्च विद्यालय अर्जुनपुर में सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन को स्थापित किया गया था जिसका लोकार्पण माननीय आयुक्त महोदय सीमा शुल्क, पटना के द्वारा किया गया था। माननीय आयुक्त महोदय ने आगे यह बताया कि कन्या विद्यालयों में स्वछता के प्रति जागरूकता पे विशेष ध्यान देने कि आवश्यकता है। आयुक्त महोदय ने यह भी कहा कि आगे और भी सरकारी कन्या विद्यालयों में शौचालय निर्माण कार्य हेतु प्रयासरत रहेंगे, जिससे ग्रामीण क्षेत्र की लड़कियों में पढाई के साथ ही साथ स्वछता के प्रति जागरूकता फैलेगी। स्वच्छता पखवाडा कार्यक्रम के तहत केंद्रीय राजस्व आवासीय परिसर आशियाना-दीघा रोड सलीमपुर डुमरा, पटना में साफ सफाई एवं वृक्षा रोपण, केंद्रीय राजस्व भवन के परिसर के चारो ओर श्रमदान से सफाई, स्मृछता जागरुकता हेतु स्वच्छ भारत बैनर के साथ पैदल मार्च, कार्यलय परिसर की साफ सफाई एवं सौचालय का जीर्णोद्धार कराया जाना है।

### घघा घाट का बोरिंग ठप, स्टार्टर दबाते आवाज के साथ हुआ बंद



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

सुल्तानगंज थाना अन्तर्गत घघा घाट में उच्च जल प्रवाही बोरिंग अचानक गुरुवार की शाम खराब हो गया। दरअसल स्टार्टर में खराबी आ जाने के कारण बोरिंग अचानक ठप हो गया। इसकी सूचना पटना जल पर्षद के अभियंता को दी गई है। वार्ड 51 के पार्षद बैजू लाल दास ने बताया कि बोरिंग खराब हो जाने के कारण घघा घाट, देवी स्थान, बक्सरिया टोला, ग्वाल टोली, बंगलापर, नीम तल, सुल्तानगंज मेन रोड, मउआर लेन, खानमिर्जा आदि मोहल्ले में पानी की आपूर्ति ठप हो गई है। अचानक बोरिग खराब होने जाने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोग पास-पड़ोस के घरों एवं गंगा नदी से पानी लाने के लिए मजबूर हैं। वही जिस एरिया में समरसेबल किया गया है लोग इसका लाभ उठा रहे हैं।

### नगर पुलिस अधीक्षक अगमकुआं थाना पहुंच दिया निर्देश

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

नगर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) के. रामदास गुरुवार को अगमकुआं थाना का औचक निरीक्षण को पहुंच गए। यहां अपराध नियंत्रण के लिए कार्य करने, लंबित मामलों में अनुसंधान कर निष्पादित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान सीसीटीएनएस और सीसीटीवी की स्थिति को देखा गया। इसके साथ ही आवश्यक निर्देश भी दिया गया। एएसपी अतुलेश झा ने भी आलमगंज थाना और थाना के ओपी भवन का निरीक्षण किया। यहां की व्यवस्था और कार्यप्रणाली को देखा। इस दौरान आवश्यक निर्देश दिए गए। इससे पहले एएसपी अतुलेश झा ने सहायक थानाध्यक्षों के साथ अपराध समीक्षा को ले बैठक की। इसमें अपराध नियंत्रण के साथ-साथ लंबित मामालों के निष्पादन का भी निर्देश पुलिस पदाधिकारियों को दिया गया।

# संदिग्धावस्था में गोली लगी एक युवक का शव मिला

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर। थाना क्षेत्र के गुरूद्वारा घाट के नदी के सोता में संदिग्धावस्था में गोली लगी एक युवक का शव मिला। युवक के दाहिने तरफ सर में गोली लगने जैसा जख्म था, शव के पास में एक कट्टा जिसमें खोखा फंसा मिला। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के रामनगर कोलनी भुलावन मोड़ निवासी गोपाल प्रसाद के पुत्र मंटू कुमार 30 के रूप में हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। युवक ने आत्म हत्या की या उसकी हत्या की गयी इसकी गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस आस पास के सीसीटीवी एवं पुछताछ में जुटी है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के रामनगर कोलानी भुलावन मोड निवासी मंटू करीब 11 बजे दिन में घर से निकला था। कुछ घंटे बाद गुरूद्वारा घाट के नदी के सोता में मंटू का शव मिला। जिसके सर में गोली लगा था शव के पास एक कट्टा पड़ा था। मृतक के भाई मुन्ना ने बताया कि अपराहन में इंस्टाग्राम पर एक मित्र ने मृत भाई का फोटो भेजा। जिसके बाद हम अपने भाई को खबर करते हुए घटना स्थल पर पहुंचे। जहां शव पड़ा था। उधर मौत की खबर लगते ही मां सुनीता देवी समेत परिजन चित्कार करते हुए पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शी को माने तो मृतक घाट पर एक महिला के साथ दिखा। मृतक किराना दुकान में काम करता था। मृतक चार भाई में सबसे बड़ा था। कुछ आत्म हत्या तो कुछ हत्या की बात करते रहे। पुलिस दोस्त व महिला के बारे में छानबीन के साथ आस पास के सीसीटीवी की जांच में जुटी है। एएसपी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि गुरूद्वारा घाट से गोली लगी एक युवक का शव बरामद किया गया है। शव के पास एक कट्टा मिला है। मामले की छानबीन को लेकर फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेजा गया है। प्रभारी थानाध्यक्ष सिंटू कुमार झा ने बताया कि फिलहाल हत्या है या आत्म हत्या इसको लेकर छानबीन की जा रही परिजन का ब्यान अभी नही आया है। ब्यान आने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# मणिकामन झील में हो रहा है पर्यटकीय संरचना का विकास

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन की पहल पर मुशहरी के मणिकामन झील में 124.26 एकड़ भूमि में पर्यटकीय संरचना का विकास करने का कार्य जारी है। इसके तहत उक्त स्थल को सांस्कृतिक, पारंपरिक एवं रोजगारपरक सुविधाओं से युक्त आधुनिक पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने की योजना है। इसके लिए जिलाधिकारी ने अंचलाधिकारी मुशहरी एवं अमीन को सक्रिय एवं तत्पर कर उपयुक्त भूमि की मापी कराया तथा सीमांकन कर प्रस्ताव विभाग को भेजा। इसके फलस्वरूप पर्यटन विकास निगम द्वारा प्रथम चरण का कार्य शुरू किया गया है। जिलाधिकारी ने आज स्थलीय भ्रमण कर मणिकामन में संचालित कार्य तथा भावी कार्ययोजना की रूपरेखा की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने भूमि की उपलब्धता एवं जिले की आवश्यकता को देखते हुए विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर विभाग को भेजने को कहा।जिला मुख्यालय से महज 8 किमी तथा प्रस्तावित फोरलेन से डेढ़ किमी की दूरी पर अवस्थित यह स्थल जिलावासियों एवं पूरे बिहार के लिए नौकायन, वाटर स्पोर्ट्स और पर्यटन की दृष्टि से आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनेगा। जिलावासियों को अब दूसरे जिलों में विद्यमान पर्यटकीय सुविधाओं का लाभ अपने ही जिले में मिल जाएगा।संपूर्ण कार्य पूरा हो जाने के उपरांत इस स्थल पर पर्यटक बिहारी व्यंजन का स्वाद होटल, रेस्टोरेंट में ले सकेंगे तो वाटर बोटिंग से नौका विहार की सुविधा से लेकर मैरेज हॉल में शादी विवाह की सुविधा रहेगी। साथ ही स्थानीय व्यवसाय एवं रोजगार का प्रमुख आधार बनेगा। आर्ट गैलरी में महान स्वतंत्रता सेनानियों की भूमिका के चित्रांकित स्वरूप प्रदर्शित किया जाएगा जो वर्तमान पीढ़ी के लिए अनुकरणीय एवं प्रेरणादायक होगा। बच्चों के लिए चिल्ड्रेन पार्क की सुविधा रहेगा।इस प्रकार मणिकामन स्थल को विविध सुविधाओं से युक्त आधुनिक एवं सुसज्जित पर्यटकीय केंद्र के रूप में विकसित करने की तैयारी है।चिल्ड्रेन पार्क, वाटर स्पोर्ट्स, जुब्बा सहनी आर्ट गैलरी, मैरेज हॉल, पार्क, होटल, रेस्टोरेंट, लेक फ्रंट, वोटिंग की व्यवस्था आदि संसाधन से युक्त बनाया जाएगा।यहां अभी प्रथम चरण का कार्य जारी है। इसके तहत मुख्य भवन का निर्माण कार्य अभी चल रहा है। फीचर वाल, सिटिंग ओवल, सेंट्रल प्लाजा जल निकाय, दुकान, प्रवेश द्वार सहित कई अन्य कार्य चल रहा है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों की टीम के साथ स्थलीय भ्रमण कर निर्माण कार्य का जायजा लिया तथा आवश्यक निर्देश दिया।जिलाधिकारी के साथ उप विकास आयुक्त श्रेष्ठ अनुपम, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी सुधीर कुमार, अंचलाधिकारी मुशहरी महेन्द्र शुक्ला सहित कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### जलजमाव से मिलेगी मुक्ति

मुजफ्फरपुर।मुसहरी के मनिका हरिकेश और छपरा में बरसात के दिनों में जल जमाव की समस्या को दूर करने हेतु जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने स्थलीय भ्रमण कर ग्रामीणों से भेंट की। उन्होंने उनकी समस्याओं की जानकारी प्राप्त की तथा तथा समस्या का निदान किया। जिलाधिकारी ने जल निकासी की सुचारु एवं सुव्यवस्थित निकासी सुनिश्चित करने हेतु ग्रामीणों से बातचीत कर आवश्यक व्यवस्था की। इसके तहत रिहायशी इलाकों से होते हुए पानी की आगे निकासी हेतु निजी जमीन मालिक से एनओसी अंचलाधिकारी को प्राप्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने मनरेगा योजना से नाले की उड़ाही और परफोरेटेड नाला तथा दो-तीन चेक डैम बनाने का निर्देश दिया। इस तरीके से घरों के सामने जल की निकासी हेतु नाला का निर्माण हो जाएगा तथा खेतों की जमीन के सामने चेक डैम व नाला बन जाएगा।

### आवारा कुत्ता से सुरक्षा के लिए ग्रामीणों ने बीडीओ को दिया आवेदन

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड क्षेत्र में दिन प्रतिदिन आवारा कुत्तों का आतंक दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। आवारा कुत्ता से डरें सहमें लोग लाठी लेकर खेत की ओर निकलते हैं। अंतिम में थक हारकर आवारा कुत्तों के आतंक से सहमें लोग उप मुखिया राजबली राय, रंजीत कुमार सिंह, मधुमाला कुमारी, रामनारायण सिंह, श्याम बाबू ठाकुर, देवनारायण सिंह सहित सैकड़ों लोगों ने सुरक्षा के लिए हस्ताक्षरित आवेदन प्रखंड विकास पदाधिकारी विभूतिपुर को दिया है। बता दे की 14 जनवरी की संध्या भरपुरा चोघाही वार्ड 13 निवासी मनोज कुमार की 10 वर्षीय पुत्री को आवारा कुत्ता ने नोंच नोंच कर मौत का घाट उतार दिया। इससे पूर्व भी आवारा कुत्ता के काटने से दो-तीन लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं दर्जनों लोग जख्मी अवस्था में अस्पताल में इलाज करा रहें हैं।

### गन्ना का किया गया क्रॉप कटिंग

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड के भरपुरा पटपारा पंचायत के भरपुरा चौर में सांख्यकी विभाग की ओर से किसान बीरेश चौधरी एवं अशीम चौधरी के गन्ना प्लाट में भदई गन्ना का क्राप कटिंग किया गया। यह प्रयोग वरिष्ठ सांख्यकी अधिकारी राष्ट्रीय सांख्यकी कार्यालय दरभंगा प्रमंडल दरभंगा के कुमार केशव, निरीक्षी पदाधिकारी जिला सांख्यकी पदाधिकारी समस्तीपुर डा0 अशोक कुमार, प्रखण्ड सांख्यकी पदाधिकारी सत्येन्द्र कुमार, अमरेश कुमार पाठक डाटा इन्ट्री आपरेटर, सुधीर ठाकुर लिपिक, प्रखण्ड तकनिकी प्रबंधक शशि रंजन, सहायक तकनिकी प्रबंधक सत्य प्रकाश सिंह, किसान सलाहकार प्रेम चन्द्र सिंह एवं बबन देव शर्मा की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कराये गये प्रयोग में 01 क्विंटल 27 किलो 980 ग्राम तथा 01 क्वींटल 25 किलो 240 ग्राम वजन 55 मीटर में कटिंग करने पर प्राप्त हुआ।जिला सांख्यकी पदाधिकारी अच्छा फसल देखकर खुशी जाहिर किया। वहीं किसानो से ओर बेहतर उत्पादन करने के लिए आग्रह किया गया।

### मार पीट की धटना में सात जख्मी

कल्याणपुर समस्तीपुर थाना क्षेत्र के अलग अलग गांव में दो पक्षों में आपसी विवाद में मार-पीट में सात लोग जख्मी हुए। जख्मी को ईलाज के लिए परिजनों के सहयोग से सीएचसी में कराया गया। जख्मियों की पहचान माधोपुर भुआल के मिथिलेश देवी, 50 वर्ष,खुशबू कुमारी 17 वर्ष,नेहा कुमारी, 13 वर्ष अनुष्का कुमारी, 9 वर्ष, सिंगियाही के 39 वर्ष्या शबनम कुमारी, वीरसिंहपुर के 55 वर्षीय राम सागर राय महुआ के 19 वर्षीय रजनी कुमारी के रूप में हुई है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर हैदर ने बताया कि जख्मी का ईलाज जारी है। वही पुलिस ने बताया कि जख्मी के परिजन द्वारा आवेदन मिलने पर आगे कार्रवाई किया जाएगा।

## मंदिर स्थापना हेतु किया गया ध्वजारोहण

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर।कांटी प्रखंड अंतर्गत पानापुर हवेली पंचायत के बड़कुरबा स्थित बाबा बटेश्वरनाथ धाम महादेव मंदिर के प्रांगण में बुधवार को पंचमुखी हनुमान मंदिर स्थापना को लेकर ध्वजारोहण हुआ।कांटी विकास सर्वे समिति अध्यक्ष पिनाकी झा ने बताया अयोध्या रामकोट से आए बाबा दीना दास के कर कमलों से मुख्य यजमान चंदन ठाकुर ने विधिवत रूप से षोडशोपचार पूजन के बाद ध्वजारोहण किया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि हनुमान साधक दीना दास ने कहा प्रभु हनुमान की कृपा से ध्वजारोहण हुआ है। बहुत जल्द इस जगह पर भव्य पंचमुखी हनुमान मंदिर का निर्माण होगा।मुख्य यजमान चंदन ठाकुर ने बताया कि सनातन के झंडा को देश के साथ विश्व के पटल पर बुलंद हो इसी कामना के साथ बाबा बटेश्वरनाथ धाम महादेव मंदिर के प्रांगण में भव्य पंचमुखी हनुमान मंदिर स्थापना को लेकर धर्म ध्वज की स्थापना की गई है।दोपहर के बाद से बजरंगी जी और उनके टीम के द्वारा हनुमान आराधना आयोजित किया गया।हनुमान आराधना के समापन और आरती के बाद अखंड भंडारे का आयोजन किया गया।इस मौके पर साधक बाबा भवेश पाठक, आचार्य ओमप्रकाश तिवारी, कृष्णनंदन ठाकुर, रामचंद्र चौधरी, रामवीर चौधरी, शंभू चौधरी, रुदल ठाकुर, सरपंच प्रतिनिधि राजकुमार राम, मुखिया प्रतिनिधि सुनील राम, अवधेश कुमार, कुंजन कुमार, नवीन ठाकुर, अभय विश्वकर्मा, दीपक चौधरी, राज नारायण चौधरी, रंधीर कुमार, सरोज चौधरी, पैक्स अध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी, राम बिनोद चौधरी,अनिल पटेल, पुरुषोत्तम शर्मा, विकास सिंह, सुनील पटेल, अमरेंद्र शर्मा, गोपाल सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में भक्त मौजूद थे.

## पोती ने की प्रेमी संग मिलकर दादा की नृशंस हत्या, यूट्यूब वीडियो से सीखा था तरीका



प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । मकर संक्रांति के दिन मिठनपुरा थाना क्षेत्र के मालीघाट पान देव गली में 68 वर्षीय बुजुर्ग कौशल किशोर गुप्ता की हत्या उनकी पोती ने ही अपने प्रेमी के साथ मिलकर कर दी। इस हत्याकांड का उद्वेदन करते हुए पुलिस ने स्पष्ट किया है कि मृतक की पोती ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर इस हत्याकांड को अंजाम दिया है। पोती का आरोप है कि उसके वृद्ध दादा हमेशा उसके साथ गाली गलौज करते थे। इसी बात से नाराज हो कर उसने अपने साथ पढ़ने वाले प्रेमी के साथ मिलकर इस हत्याकांड को अंजाम दिया। दोनों 11 वीं के छात्र हैं ।घटना के संबंध में डीएसपी टाऊन सीमा देवी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि नाबालिग पोती ने ही अपने प्रेमी को व्हाट्सएप कॉल कर घर में बुलाया और उसके साथ मिलकर अपने दादा को ईट से और चाकू से गोद कर मार डाला। पोती ने अपने दादा के सीने पर सवार होकर गर्दन और पेट के बीच 38 बार चाकू से गोदा। पुलिस को सीसीटीवी फुटेज और सीडीआर के साथ-साथ एफएसएल की टीम द्वारा जुटाए गय साक्ष्य के आधार पर यह पता चला कि जैसे ही लड़की का प्रेमी घर में घुसा उसके दादा की आंख खुल गई थी लेकिन जल्द ही लड़के ने चादर से उनका मुंह बंद कर दिया और लड़की ने दनादन चाकू से वार शुरू कर दिया । इस बीच लड़के ने भी चौकी के नीचे रखे ईट से वृद्ध पर जानलेवा प्रहार कर हत्याकांड को अंजाम दिया। जांच के क्रम में वृद्ध

कौशल किशोर गुप्ता के शरीर पर 37- 38 चाकू के जख्म के निशान मिले हैं ।बाद में दोनों ने साक्ष्य को मिटाने की नीयत से घर के तीन मोबाइल और चाकू को अपने प्रेमी की मदद से घर से कुछ दूर तीन पोखरिया के समीप फेक दिया। टाऊन डीएसपी ने बताया कि चाकू और मोबाइल को भी बरामद की कर लिया गया है। आरोपित पोती और उसके प्रेमी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों एक साथ कोचिंग में पढ़ते थे। उन्होंने कहा कि इस कांड को अंजाम देने के लिए दोनों ने पूर्व से योजना बना रखी थी, लड़की पहले से ही इस कांड को अंजाम देना चाहती थी लेकिन मौका नहीं मिला। इसके बाद दोनों ने इसके लिए यूट्यूब पर सर्च किया कि कैसे हत्या में फंसे बगैर कांड को अंजाम दिया जा सके। इसके बाद बारीकी से अभ्यास कर कांड को अंजाम दिया। हत्याकांड को अंजाम देने के दौरान फिंगर प्रिंट से बचने के लिए दोनों ने हाथ पर ग्लव्स लगा रखा था। विदित हो कि हत्या के मामले में मृतक कौशल किशोर गुप्ता के पुत्र सुमन सौरव द्वारा दिए गए फर्द बयान के आधार पर प्राथमिक दर्ज कराई गई थी और मात्र 24 घंटे के भीतर पुलिस ने इस कांड का उद्देदन कर दिया है ।टाऊन डीएसपी सीमा देवी ने बताया कि हत्याकांड को अंजाम देने के दौरान शोरगुल न हो इसलिए पहले ही लड़की ने उस रात मशरूम की सब्जी में नींद की गोली मिला दी थी जिससे घर के लोग हत्या की रात गहरी नींद में सोए रहे और हत्याकांड के दौरान उन्हें किसी भी तरह की जानकारी नहीं मिल पाई थी।

## बीडीओ ने किया योजनाओं का निरीक्षण



प्रात : किरण संवाददाता

कल्याणपुर समस्तीपुर प्रखंड क्षेत्र के सैदपुर मालीनगर पंचायत में विभिन्न योजनाओ के कार्यों का निरीक्षण प्रखंड विकास पदाधिकारी देवेंद्र कुमार ने गुरुवार को किया। बीडीओ ने आगे बताया कि मालीनगर पंचायत के पंचायत भवन पर लगाए गए बायोमैट्री द्वारा कर्मियों की हाजिरी, साफ सफाई शौचालय का निरीक्षण करते हुए पंचायत सचिव विकास मित्र कार्यपालक सहायक लेखपाल आदि मौजूद पाए गए। बायोमेट्रिक को कंप्यूटर सिस्टम से जोड़ने तथा उसके प्रिंट आउट निकालने हेतु निर्देश दिए गए। पंचायत की कई बही आदि का निरीक्षण किया। मौके पर पंचायत राज की मुखिया मंजू देवी मुखिया प्रतिनिधि मन्नी कुमार शशि ठाकुर आदि मौजूद थे। सैदपुर माली नगर पंचायत के आवास की योजनाओं का निरीक्षण किया गया। इस कार्य में तेजी से घर बनाने हेतु लाभार्थियों को अनुरोध किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने निर्देशित बकिया गया कि नए नाम जोड़ने से संबंधित पंचायत रोजगार सेवक को निर्देश दिया गया। पंचायत के दो लाभार्थी आवास नहीं बना रहे थे उन्हें अभिलंब आवास बनाने का निर्देश दिया गया। मालीनगर पंचायत के 15 वित्त योजना से बनाए गए पोखर की सीढ़ी घाट का निरीक्षण किया गया। सैदपुर पंचायत निवासी ललित पांडे ने पंचायत में किए जा रहे विकास में हुई अनियमितता की जांच की गुहार प्रखंड विकास पदाधिकारी से लगाई। श्री पांडे ने पूर्व में दिए गए शिकायत आवेदन पर जांच की मांग की।

## कंकाली मंदिर पुजारी हत्या मामलें में तीन हत्यारे को आजीवन सश्रम कारावास व अर्थदंड की सजा

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। सिविल कोर्ट दरभंगा के जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सुमन कुमार दिवाकर की अदालत ने गुरुवार को कंकाली मंदिर पुजारी राजीव कुमार झा उर्फ अंटू की निर्मम हत्या मामलें में तीन हत्यारे को आजीवन सश्रम कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई है। एपीपी रेणु झा ने बताया कि भादवि कि धारा 302 में दरभंगा नगर थाना क्षेत्र शुभंकरपुर निवासी अमर कुमार यादव का पुत्र अभिषेक राज और ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय क्षेत्र के लक्ष्मी सागर मुहल्ला निवासी अरुणेश कुमार श्रीवास्तव का पुत्र अभिजित श्रीवास्तव एवं मुजफ्फरपुर जिला के कटरा थाना के लखनपुर गाँव निवासी मनोज ठाकुर का पुत्र आशु ठाकुर को आजीवन सश्रम कारावास और एक-एक लाख रुपया अर्थदंड की सजा तथा 307 भादवि में 5 वर्ष की सश्रम कारावास और 50-50 हजार रुपया अर्थदंड की सजा सूनाई है। वहीं आशु ठाकुर को शस्त्र अधिनियम में आजीवन सश्रम कारावास और एक लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। रामबाग परिसर के कंकाली मंदिर परिसर में पुजारी राजीव कुमार झा उर्फ अंटू को 14 अक्टूबर 21 को 4.30 बजे सुबह में अभियुक्तों ने गोली मारकर हत्या कर दिया। मृतक पुजारी के पुत्र आयुष वैभव ने विश्वविद्यालय थाना में कांड संख्या 324/21 दर्ज कराया। थानाध्यक्ष सत्य प्रकाश झा के नेतृत्व में पुलिस बल कंकाली मंदिर परिसर पहुँची। जिन्हें कंकाली भक्तों के विरोध का सामना करना पड़ा। थानाध्यक्ष सह हत्या कांड के अनुसंधानक ने घटना स्थल से जख्मी पुजारी के जख्म से खून लगा वस्त्र आदि बरामद किया। वहीं रिवाल्वर और गोली भी अभियुक्त के पास से बरामद किया। जख्मी पुजारी को ईलाज के लिए डीएमसीएच ले जाया गया। जहाँ चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। कांड के अनुसंधानक ने 11 जनवरी 2022 को अनुसंधान पूर्ण कर 12 जनवरी 20222 को आरोप पत्र समर्पित किया। अदालत ने संज्ञान लिया। अपर लोक अभियोजक रेणु झा ने बताया कि अभियुक्त अभिजित श्रीवास्तव और पुलकित राय कंकाली मंदिर के बगल में 13 जनवरी को नशा का सेवन कर रहा था तो पुजारी राजीव कुमार झा ने विरोध किया। जिसको लेकर अभियुक्त और पुजारी में विवाद हुआ था। हल्ला-गुल्ला सुनकर वहाँ उपस्थित लोगों द्वारा बिच बचाव कर मामलें को शांत करा दिया लेकिन आरोपी देख लेने की बात कह कर वहाँ से चला गया। दिनांक 14 अक्टूबर 2021 को निशा पूजा के पश्चात पुजारी काफी थक हुए थे और मंदिर प्रागण में ही आराम कर रहे थे। सुबह 4.30 बजे चारों आरोपी बलोनो कार से अभिजित श्रीवास्तव, पुलकित राय, अभिषेक राज और आशू ठाकुर हथियार से लैश होकर मंदिर प्रागण में घुस गये और पुजारी के साथ गाली- गलौज करते हुए बोलने लगा कि तुम्हारा हिम्मत कैसे हुआ कि हम लोगो से मुंह लगा लिए ।

## भूकंप से बचाव हेतु चलाया जागरुकता अभियान

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। बुधवार को बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से भूकंप सुरक्षा पखवाड़ा के तहत मुजफ्फरपुर में मंथन कला परिषद (खगौल) पटना द्वारा भूकंप से बचाव हेतु नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान आदर्श राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बी एम पी कंपाउंड नगर क्षेत्र,मध्य विद्यालय मालीघाट, रामबाग माई स्थान, रामबाग चौड़ी मदरसा के पास नुक्कड़ नाटक किया गया। नुक्कड़ नाटक का नेतृत्व कर रहे कठपुतली कलाकार सुनील सरला ने बताया कि गिरते मलबे से बचने के लिए अपने सिर और गर्दन को अपनी बाहों से ढकें । यदि संभव हो तो अतिरिक्त सुरक्षा के लिए किसी मजबूत डेस्क, टेबल या अन्य फर्नीचर के नीचे छिप जाएँ। कांच, खिड़कियों, बाहरी दरवाजों और दीवारों तथा अन्य वस्तुओं से दूर रहें जो गिर सकती हैं। जब तक कंपन बंद न हो जाए, तब तक किसी भी मजबूत वस्तु को पकड़ कर रखें । लोक गायिका अनीता कुमारी ने हम सबका यह अभियान हैं भूकंप सुरक्षा का पैगाम हैं, ये वक्त की आवाज हैं ,भूकंप सुरक्षा को जानो ये जिंदगी का राज हैं ,भूकंप सुरक्षा को जानो, हमरा भूकंप सुरक्षा के बारे में जाने के पड़ी हमरा आपदा सब के जाने के पड़ी गीत के माध्यम से भूकंप सुरक्षा के प्रति जागरूक की। इस अवसर पर मुख्य रूप से कठपुतली कलाकार सुनील कुमार, अनील कुमार, अनीता कुमारी,शिव कुमार, सुमन कुमारी, सीमा कुमारी,चंदन कुमार, विनय कुमार ने अपने अभिनय के माध्यम से भूकंप सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

## न्याय कर्मचारी संघ के आह्वान पर अपनी मांगो को लेकर अनिश्चित कालीन हड़ताल

प्रात : किरण संवाददाता




मधुबनी बिहार राज्य व्यवहार न्यायालय कर्मचारी संघ के आवाहन पर कर्मचारियों द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल। मधुबनी बेनीपट्टी झंझारपुर व्यवहार न्यायालय के कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है उनकी मुख्य चार मांगे है वेतन विसंगति को जल्द दूर करे सभी तृतीय और चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियो को नियमित पदोन्नति हो शत प्रतिशत अनुकंपा पर बहाली हो विशेष न्यायिक केंडर लागू करे इन सभी मांगों के जोड़दार नारेबाजी किया ।व्यवहार न्यायालय मे कर्मचारियो के सामूहिक हड़ताल पर चले जाने से काम काज पर व्यापक असर पड़ता दिखाई दे रहा है। न्यायालय में न्यायकर्मी के हड़ताल होने से सभी न्यायिक कार्य वाधित रहा ।वही मधुबनी जिला न्यायिक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राजीव कुमार,बेनीपट्टी अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता झंझारपुर न्यायलय के अध्यक्ष संतोष भारती के नेतृत्व में जारी कलमबंद हड़ताल में कर्मचारी एकता का प्रदर्शन करते हुए तृतीय एवं चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों ने अपने मांगों के समर्थन में कलमबध हड़ताल पर डटे हुए है ।कलमबंद हड़ताल में उपस्थित बेनीपट्टी न्यायकर्मी राजकुमार गुप्ता नजीर अशोक कुमार ठाकुर शैलेन्द्र कुमार कुन्दन कुमार बैठा अर्जुन कुमार साहू पवन कुमार साह सुमित कुमार राजेश कुमार शंकर कुमार रविन्द्र कुमार खुश हाल कुमार अविनाश कुमार,सुकेश कुमार विश्वकर्मा,पवन कुमार, प्रभात कुमार झा,बिजेंद्र कुमार मिश्रा,सरोज कुमार मिश्रा,विजय कुमार,हर्ष कुमार, श्याम सुंदर मंडल,राम विनोद ठाकुर,ललित नरायण, अजित कुमार के साथ मधुबनी व झंझारपुर से गोपाल कुमार झा,मनोज झा, प्रकाश कुमार,रौशन सिंह,अमिताभ दास,अमित कुमार झा,प्रभात झा, जयदेव कुमार,हरदेव मंडल,प्रभाकर कुमार, राजीव कुमार, दिनेश पंडित,मनजीत कुमार सहित दर्जनों तृतीय एवं चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी उपस्थित थे ।वही न्यायकर्मी के सामूहिक हड़ताल को लेकर वरीय अधिवक्ता महेंद्र नारायण राय,नीरज कुमार,समीर कुमार,सलमान कासमी,चन्दन कुमार, पवन राय ने कहा की इस हड़ताल के पहले दिन काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा न्यायालय के सभी कार्य वाधित हो रहा है बिहार सरकार से आग्रह हमलोग करते है कि जल्द से जल्द उनलोगों की मांगों को सुनें और अनिश्चित कालीन हड़ताल से मुक्त करावे ताकि न्यायकर्मी अपने कलमबध हड़ताल तोड़कर अपने अपने न्याय कार्य को सुचारु रूप से चलाने में मदद करें।

## गणतंत्र दिवस को लेकर एसडीएम कार्यलय में बैठक आयोजित, समारोह पूर्वक मनाया जाएगा गणतंत्र दिवसः एसडीएम वीरेंद्र कुमार

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर अनुमण्डल कार्यलय परिसर स्थित एसडीएम कार्यलय के प्रकोष्ठ में एसडीएम वीरेंद्र कुमार के अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस की तैयारी और सफल आयोजन को लेकर विभिन्न सरकारी एवं निजी संस्थाओं व विद्यालयों के पदाधिकारियों प्रतिनिधियो राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओ और गणमान्य लोगो एवं जनप्रतिनिधियो के साथ बैठक का आयोजन किया गया। गणतंत्र दिवस को समारोह पूर्वक मनाने एवं विधिव्यवस्था लेकर बैठक में उपस्थित लोगों से सुझाव लेते हुए विचार विमर्श कर कई अहम निर्णय लेते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि पूर्व की तरह गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह स्थल अनुमंडल कार्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा। झंडा फहराने से पूर्व डॉ .भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यर्पण किया जाएगा। विभिन्न सरकारी और निजी विद्यालयों छात्र पैरेड में शामिल होंगे। गणतंत्र दिवस समारोह को देखते हुए 26 जनवरी के दिन सुबह सात बजे से दिन के 12 बजे तक भारी बड़े भारी वाहनों का प्रवेश रोक रहेगा। चयनित जगहो पर ब्रेकेटिंग कर बैरियर लगाया जाएगा और पुलिस बल भी तैनात रहेंगे। गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर चयनित सरकारी और निजी विद्यालयो के छात्र राष्ट्रगान कार्यक्रम में भाग लेंगे। मुख्य समारोह स्थल पर एसडीएम वीरेंद्र कुमार झंडोतोलन करेगे। झंडा बांधने व झंडा फहराने और राष्ट्रगान एवं पैरेड व गार्ड ऑफ ऑनर देने को लेकर प्रशिक्षण देने को लेकर दिशा निर्देश दिया गया। गणतंत्र दिवस समारोह पूर्वक हर्षोल्लास धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। बैठक में एसडीएम वीरेंद्र कुमार, ईओ कुमारी हिमानी, मुख्य पार्षद कैलाश पासवान, उप मुख्य पार्षद माला देवी , सर्किल इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह, थाना अध्यक्ष अमित कुमार, बीईओ पूनम राजीव, एमओ विपिन अंशु, प्रोग्राम पदाधिकारी कृष्ण कुमार चौधरी, एनएच के कनीय अभियंता महमूद आलम, सीडीपीओ, श्री कृष्ण गौशाला सोसायटी की सचिव कल्पना सिंह, अनिरुद्ध ठाकुर, विमल मस्करा, उद्धव कुंवर, भूषण सिंह, सुमन शर्मा , पवन यादव, राज कुमार सिंह, सूरज गुप्ता, जयनारायण यादव, राणा प्रताप सिंह, विजय कांत चौधरी, विकास चन्द्र ,श्याम गुप्ता समेत कई पदाधिकारियों विभिन्न निजी और सरकारी संस्थाओ एवं विद्यालयों के कई प्रतिनिधि, पदाधिकारी , गणमान्य लोग जनप्रतिनिधियो विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित थे।

## जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने दो दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का किया उद्घाटन




प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। मानसिक रुप से बीमार व्यक्तियों के लिए गठित विधिक सेवा इकाई के सदस्यों हेतु दो दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार विनोद कुमार तिवारी ने किया।

उन्होंने कहा कि मानसिक रूप से बीमार एवं बौद्धिक अशक्तता वाले लोगों को विशेष सहयोग की जरूरत होती है। खास कर जब वह न्यायिक प्रक्रियाओं से संबद्ध है तो उसे न्यायालय की कार्यवाही आदि के विषय में जानना जरूरी होता है।

श्री तिवारी ने कहा कि नालसा द्वारा न्यायिक प्रक्रियाओं से संबद्ध मानसिक रूप से बीमार अथवा बौद्धिक अशक्तता वाले व्यक्तियों को उनके अनुकूल निःशुल्क विधिक सेवा उपलब्ध कराने के लिए नालसा लीगल सर्विसेस टू पर्सन विथ मेन्टल इलनेस एण्ड पर्सन विथ इंटलेक्चुअल डिस-एबिलिटीज स्कीम 2024 बनाया गया है,जो जरुरतमंदों के लिए मददगार साबित होगा ।जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव रंजन देव ने कहा कि मानसिक रूप से बीमार एवं बौद्धिक अशक्तता वाले व्यक्तियों को निःशुल्क विधिक सेवा मुहैया कराने के लिए विधिक सेवा इकाई मनोन्याय का गठन किया गया है,जो प्रशिक्षण के बाद नालसा स्कीम के अनुरूप कार्य करेंगे ।उन्होंने कहा कि इस योजना के अनुसार मानसिक रोगियों को उनके विधिक अधिकारों की सुरक्षा की जाएगी।

कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन के रुप में सेवानिवृत्त एडीजे शिवकुमार झा,बीएमवीएस रवि कुमार, डीपीएम गिरीश मोहन शरण,कांउसलर डॉ. शंकर कुमार यादव और डॉ. रमेश कुमार पाठक ने मानसिक रोगियों से संबंधित मनोवैज्ञानिक व कानूनी पहलुओं एवं कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला ।मौके पर डिप्टी चीफ लीगल एड विरेंद्र कुमार झा सहित विधिक सेवा इकाई के पैनल अधिवक्ता सदस्य एवं पीएलवी सदस्य मौजूद थे।

## किसानों के ज्वलंत मुद्दों पर संघर्ष के लिए कई योजना बनाने की तैयारी शुरू



प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर बिहार राज्य किसान सभा समस्तीपुर जिला के विभूतिपुर अंचल किसान कौंसिल की बैठक चोरा भटका पंचायत सरकार भवन सभागार में पवन सिंह की अध्यक्षता एवं राज्य उपाध्यक्ष विधायक अजय कुमार जिला मंत्री मंत्री पर्यवेक्षण में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से किसानों के ज्वलंत मुद्दों पर संघर्ष के साथ उन्हें संगठित करने के लिए 15 हजार किसानों सदस्यता मार्च तक अभियान चलाकर पुरा करने का निर्णय लिया ।19 जनवरी को किसान मजदूर एकता दिवस ,11 फरवरी को पटना के मसौढ़ी में राज्यस्तरीय किसान महापंचायत की सफलता और 25 मार्च को पटना के कृष्ण मेमोरियल हॉल में संयुक्त किसान मोर्चा का राज्यस्तरीय सम्मेलन की सफलता पर विस्तृत योजना बनाई गई। बैठक में अंचल सचिव सिया प्रसाद यादव, विश्वनाथ महतो, राम ज्ञान महतो, रामानन्द सिंह,राम पुनीत वर्मा, राजीव राय, शंकर शर्मा, जगदीश महतो, रघुनंदन सिंह, लूटन राय, जगधारी महतो, विष्णु देव प्र सिंह, विश्वनाथ साह आदि मौजूद थे।

## केवस पंचायत में 23 जनवरी को आयोजित होगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

प्रात : किरण संवाददाता




समस्तीपुरः समस्तीपुर जिला के केवस पंचायत स्थित लक्खी चौक, दुर्गा मंदिर परिसर में 23 जनवरी को समस्तीपुर के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. मनोज कुमार सिंह द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में स्थानीय लोगों को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी, जिनमें निःशुल्क न्यूरोपैथी जांच, बोन मास डेंसिटी जांच, ब्लड जांच, आर्थराइटिस किट वितरण और दवाइयों का वितरण शामिल है। यह शिविर क्षेत्र के लोगों के लिए एक बेहतरीन अवसर होगा, जहां वे अपनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का समाधान पा सकते हैं।

सम्पादकीय

## राहुल का ऐलान, भाजपा परेशान

दो-दो यात्राओं और लगातार लोगों से मिल कर राहुल ने यह पाया कि आम हिंदुस्तानी नफरत नहीं प्यार से ही रहना चाहता है। उसकी चिंताएं अच्छे रोजगार, शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की है। आजाद भारत का नागरिक हर हाल में अपनी आजादी और उस संविधान को बचाकर रखना चाहता है, जिसके कारण उसे बराबरी का हक मिला, अपनी मर्जी की सरकार चुनने की आजादी मिली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के एक बयान से भाजपा को उन पर और उनके बहाने कांग्रेस पर और कांग्रेस के बहाने देश की उदार, लोकतांत्रिक विरासत पर हमला करने का नया अवसर मिला। भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने इस मौके का पूरा फायदा उठाया, राहुल गांधी का संबंध नक्सलियों से जोड़ा और साथ ही कांग्रेस की विचारधारा को घिनौनी तक बता दिया। गौरतलब है कि बुधवार को नयी दिल्ली में 9 ए कोटला मार्ग पर कांग्रेस के नए मुख्यालय का उद्घाटन हुआ। अब तक कांग्रेस का मुख्यालय 24 अकबर रोड पर था। 15 साल पहले 2009 में कांग्रेस ने इस नए भवन की आधारशिला रखी थी और 15 जनवरी 2025 में इसका उद्घाटन हुआ। कांग्रेस एक भवन से निकल कर दूसरे भवन में अपने कार्यालय को लेकर गई, लेकिन यह केवल कार्यालय का स्थानांतरण नहीं था, बल्कि कांग्रेस के तौर-तरीकों में स्थानांतरण का संकेत इस उद्घाटन के मौके पर दिया गया। राहुल गांधी का भाषण इसी का प्रमाण था। राहुल गांधी अपने राजनैतिक जीवन की शुरूआत से भाजपा, संघ और संविधान विरोधी तमाम शक्तियों के खिलाफ संघर्ष का ऐलान करते आए हैं। जब यूपीए सत्ता में थी, तब भी और जब एनडीए सत्ता में आई, तब भी राहुल गांधी ने हमेशा देश में हाशिए पर खड़े लोगों के हक में आवाज बुलंद की। जब मोदी शासन में लोकतंत्र और संविधान को धता बताते हुए सांगठनिक तरीके से अल्पसंख्यकों, दलितों, किसानों, मजदूरों, स्त्रियों पर हमले शुरू हुए और नफरत का माहौल बढ़ने लगा, तो राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा निकाली और पैदल ही कन्याकुमारी से कश्मीर तक का सफर तय किया। जब उन्हें लगा कि एक यात्रा काफी नहीं है और न्याय की लड़ाई लंबी है, तो दूसरी भारत जोड़ो यात्रा निकाली, इसमें न्याय का परचम लेकर राहुल निकले और इस बार मणिपुर से मुंबई तक का सफर तय किया, कुछ पैदल कुछ वाहन में। इन दोनों यात्राओं के बीच में और अब भी राहुल उन लोगों के बीच कभी भी पहुंच जाते हैं, जिनसे हिंदुस्तान बनता है। इन लोगों में कभी किसान होते हैं, कभी पहलवान, कभी मोची, तो कभी गिग वर्कर्स। ऐसा नहीं है कि जिन लोगों से राहुल मिलते हैं, उनकी बातें सुनते हैं, उनके साथ खाना खाते या चाय पीते घर-परिवार, व्यापार, पढ़ाई की बातें करते हैं, वे सब कांग्रेस के मतदाता होते हैं। अगर ऐसा होता तो कांग्रेस को इतनी बार, इतने राज्यों में हार का सामना नहीं करना पड़ता। लेकिन फिर भी राहुल आम भारतीयों से मिलते हैं, ताकि भारत के बारे में उनकी समझ और मजबूत हो और इसके साथ ही वे यह टटोल सकें कि क्या वाकई भारत ऐसा है, जिसमें घर में रखे गौ मांस के शक में किसी को पीट-पीट कर मार दिया जाता है, जहां जबरन जय श्री राम के नारे लगवाकर आतंकित करने की कोशिश होती है, जहां दलितों, अल्पसंख्यकों और आदिवासियों का उत्पीड़न जाति और धर्म के आधार पर होता है। दो-दो यात्राओं और लगातार लोगों से मिल कर राहुल ने यह पाया कि आम हिंदुस्तानी नफरत नहीं प्यार से ही रहना चाहता है। उसकी चिंताएं अच्छे रोजगार, शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की है। आजाद भारत का नागरिक हर हाल में अपनी आजादी और उस संविधान को बचाकर रखना चाहता है, जिसके कारण उसे बराबरी का हक मिला, अपनी मर्जी की सरकार चुनने की आजादी मिली। लोकसभा चुनावों में जब इसी संविधान को खत्म करने की बात भाजपा प्रत्याशियों ने की तो कांग्रेस ने, इंडिया गठबंधन ने इस बात को जनता तक पहुंचाया और नतीजा ये हुआ कि लोकसभा में भाजपा की सीटें कम हो गईं, उसे पूर्ण बहुमत नहीं मिला। इसका मतलब यह कि राहुल गांधी जब नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान लगाने की बात करते हैं तो लोग उसे सुन रहे हैं, समझ रहे हैं। लेकिन संघ प्रमुख मोहन भागवत के विचार आजादी और संविधान को लेकर अलग ही हैं। मोहन भागवत ने कहा है कि जिस दिन राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुई, उसी दिन भारत को सच्ची आजादी मिली। उन्होंने संविधान को लेकर भी कहा कि ह्य15 अगस्त, 1947 को भारत को अंग्रेजों से राजनीतिक आजादी मिलने के बाद, देश से निकले उस खास नजरिये के दिखाए रास्ते के अनुसार एक लिखित संविधान बनाया गया, लेकिन दस्तावेज के अनुसार नहीं चलाया गया।

## देश के बनावटी इतिहास लेखन की संघ की कोशिश

व्हाट्सप्प यूनिवर्सिटी में यूं तो विगत दस सालों से देश की आजादी संघर्ष को धूमिल करने की कोशिश होती या रही हैं। परंतु तब लगता था कि यह कथन कुछ आती उत्साही दिग्भ्रमित और काम पड़े लिखे या यूं कहे कि स्व के विचार से शून्य युवकों और सरकारी नौकरी से पेंशन ले रहे लोगों की भीड़ ही इस काम में लगी हुई हैं। परंतु जब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डा. मोहन भागवत ने दो अवसरों पर अत्यंत आपतिजनक बयान देकर यह सिद्ध कर दिया कि अफवाहों का श्रोत कहां हैं। उनका यह कथन कि देश को सच्ची आजादी राम मंदिर के उद्घाटन के समय मिली नितांत असत्य है (झूठ लिखना असंसदीय हैं)। अगर बात करे उनसे पूर्व के संघ प्रमुखों की, तो उन लोगों ने भी कभ आजादी के बारे में ऐसे निंदनीय बयान नहीं दिए। बहुत कुछ गुरु गोलवलकर जी की किताब में लिखे हुए से असहमत हुआ जा सकता है परंतु उन्होंने कहीं भी यह नहीं कहा कि 15 अगस्त को ब्रिटिश शासन से मुक्ति आजादी वास्तविक नहीं हैं। यहां तक कि सावरकर ने भी आजादी की अहिंसात्मक लड़ाई और स्वतंत्रता प्राप्ति को निरर्थक बताया हो, परंतु भागवत जी ने तो उन सभी मनीषियों को पीछे छोड़ते हुए बीजेपी के कतिपय अति उत्साही वीरों के सुर से सुर मिलते हुए। यह सिद्ध कर दिया की देश में आजादी के बाद का समय जैसे था ही नहीं! देश में जो कुछ भी हुआ वह सब 26 मई 2014 के बाद ही हुआ। देश के इतिहास मे ना तो उनके पूर्ववर्ती प्रधानमंत्रियों और खास कर कांग्रेस शासनकाल और अन्य सरकारों प्रधानमंत्रियों का कोई योगदान रहा ही नहीं, बल्कि भिलाई जैसे स्टील कारखाने आईआईटी आईआईएम एम्स आदि की स्थापना आकाशी दे हैं। अब भारत के स्वतंत्रता संग्राम और उसमें महात्मा गांधी के योगदान को मिटाने की यह निंदनीय कोशिश कभी भी सफल नहीं होगी, भागवत जी। कुछ ऐसे ही वचन संघ के प्रदेश प्रभारी ने ज्ञानोदय विद्यालय के छात्रों को संबोधित करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि केवल मोदी सरकार ने ही संविधान और बाबा साहब अंबेडकर की सिफारिशों को पूरी तरह से पालन किया। काँग्रेस और अन्य दलों की सरकारों ने देश के विकास मैं कोई योगदान नहीं था बल्कि वे संविधान विरोधी थे। अब इसको तो सरकार के गजट भी नहीं सिद्ध कर सकते। क्यूंकि देश के सटीक कारखाने भिलाई दुगार्पुर और बोकारो तथा भाखरा नांगल और हीराकुड जैसे बांधों और उनकी सिंचाई व्यवस्था और पनबिजली उत्पादन का काम तो नरेंद्र मोदी के राजनीति में आने से पूर्व हुआ था। एक और बयान जो कि काफी विवादास्पद है वह मोहन भागवत जी ने इंदौर मे देवी अहिल्या के स्मरण उत्सव मे दिया था। उन्होंने कह था कि देश की रोजी झ्र रोटी का रास्ता राम मंदिर होकर जाता हैं। अब या तो उन्हे देश में युवकों में बेकारी की बड़ती संख्या का अनुमान नहीं है अथवा वे जानबूझ कर सत्य को छुपाना चाहते हैं। पं. जवाहर लाल नेहरू द्वारा स्थापित किए गए आईआईटी को देश की ही नहीं वर्ण एशिया की बहुत अच्छी शिक्षण संस्थान माना जाता है। आज से दस वार्स पूर्व इन सस्थानों के छात्रों को कैंपस सेलेक्सन से लाखों तो क्या कुछ एक को करोड़ों रुपये के सालाना के पैकेज की नौकरी मिल जाती थी। उस समय इन संस्थानों में भर्ती को स्वर्णिम नौकरी का प्रवेश द्वारा मन जाता था। विगत दस वर्षों मे यानि की नरेंद्र मोदी जी की सरकार मे बाम्बे आईआईटी जो की दुनिया के सर्वोत्तम अभियांत्रिकी संस्थानों में एक है वहां के छात्रों को नौकरी मिलना मुश्किल है। एक सर्वे के अनुसार विगत तीन वर्षों में मात्र 37 प्रतिशत छात्रों का ही चयन कैंपस में हुआ। इसस बुरा हाल अन्य आईआईटी संस्थानों का हैं। अब भागवत जी से पूछना होगा कि इन होनहार विद्यार्थियों की यह दशा तो राम मंदिर निर्माण के बाद क्यूं हो रही है।

# भारत के लिये खतरा है पाक-बांग्लादेश की नजदीकियां

**वह उन स्थानों पर कंटीले तारों वाली बाड़ लगाने का खास तौर पर विरोध कर रहा है, जहां से बड़े पैमाने पर घुसपैठ और तस्करी होती है और यही से आतंकवादी गतिविधियों को संचालित करने की संभावनाएं हैं। इसके कुछ पुष्ट प्रमाण भी मिले है। इस संदर्भ में बांग्लादेश वैसे ही कुतर्क एवं बेतूके तथ्य प्रस्तुत कर रहा है, जैसे सीमा सुरक्षा के भारत के प्रयत्नों पर पाकिस्तान करता रहता है। हैरानी नहीं कि यह बांग्लादेश से पाकिस्तान की हालिया नजदीकी किसी बड़ी दुर्घटना या आतंकी हमले का सबब बन जाये। भारत इसकी अनदेखी नहीं कर सकता। भारत को यह देखना होगा कि कहीं ये दोनों देश मिलकर उसके खिलाफ कोई ताना-बाना तो नहीं बुन रहे हैं।**





**ललित गर्ग**
**(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं)**

बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार प्रधानमंत्री शेख हसीना के अपदस्थ होने के बाद से लगातार भारत विरोधी गतिविधियों एवं कारगुजारियों एवं षडयंत्रों में संलग्न है, लगता है पाकिस्तान के शह पर बांग्लादेश का भारत विरोधी रवैया बढ़ रहा है। बांग्लादेश में लगातार भारत विरोधी मुहिम व अल्पसंख्यक हिन्दुओं एवं हिन्दू धर्मस्थलों पर हिंसक हमलों के बाद अब भारत सीमा पर बाड़बंदी को लेकर बेवजह का विवाद खड़ा किया जा रहा है। जबकि इस मुद्दे पर दोनों देशों के बीच पहले ही सहमति बनने के बाद बड़े हिस्से पर बाड़बंदी हो चुकी है। लेकिन टकराव मोल लेने को तैयार बैठे बांग्लादेश के हुक्मरान विवाद के नये-नये मुद्दे तलाश रहे हैं एवं दोनों देशों की आपसी संबंधों को नेस्तनाबूंद कर रहे हैं। बांग्लादेश भारत की शांति व सद्भाव की कामना एवं सहनशीलता को उसकी कमजोरी न माने, ऐसी भूल बांग्लादेश के लिये बहुत भारी पड़ सकती है। दोनों देशों की शांति, सद्भावना एवं सौहार्द के लिये किसी तीसरे देश के दखल को बढ़ने न दिया जाये। 2015 में शेख हसीना के कार्यकाल के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ढाका पहुंचे। यहां दोनों नेताओं ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किया। इसे लैंड बाउंड्री एग्रीमेंट कहते हैं। इसी के अन्तर्गत भारत ने अब तक 3271 किलोमीटर सीमा कर बाड़बंदी कर दी है। अब केवल 885 किलोमीटर खुली सीमा की बाड़बंदी बाकी है। भारत बचे इलाके की बाड़बंदी कर रहा है लेकिन बांग्लादेश भारत की कोशिशों में अड़ंगा डाल कर दोनों देशों के बीच हुए समझौते को नकार रहा है। बांग्लादेश के गृह मंत्रालय ने ढाका में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को बुलाकर विरोध व्यक्त किया तो इसके जवाब में भारत ने भी जवाबी कार्रवाई की और बांग्लादेश के डिप्टी हाईकमिश्नर नूरूल इस्लाम को तलब कर अपना विरोध जताया। भारत अपनी सीमाओं को अभेद्य बना रहा है। सीमाओं के खुले रहने से बांग्लादेश से लगातार अवैध घुसपैठ, हथियारों की तस्करी, ड्रग स्मगलिंग, नकली नोटों का कारोबार और आतंकवादी गतिविधियां लगातार हो रही हैं। विशेषतः पाकिस्तान अब अपनी आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिये बांग्लादेश का उपयोग कर रहा है। दरअसल, बांग्लादेश की युनूस सरकार पाकिस्तान के इशारों पर पुराने मुद्दे उछाल कर विवाद को हवा दे रही है। निश्चित ही पाक से उसकी नजदीकियां लगातार बढ़ी हैं और वहां पाक सेना के अधिकारियों की सक्रियता देखी गई है, ऐसी जटिल होती स्थितियों में भारत को अपनी सुरक्षा चिंताओं के लिये कदम उठाने ही चाहिए एवं अपनी सीमाओं को सुरक्षित बनाना ही चाहिए। पाकिस्तान पंजाब, जम्मू-कश्मीर व नेपाल के रास्ते आतंकवादियों को भारत भेजने की कोशिशें लगातार करता रहा है, अब उसने बांग्लादेश को भी इन गतिविधियों के लिये चुना है एवं बांग्लादेश से लगी भारत की खुली सीमा का दुरुपयोग कर रहा है तो भारत को सतर्क एवं सावधान होना ही चाहिए। पाकिस्तान से लगती सीमा पर तमाम चौकसी के बाद भी सीमा पार से जिस तरह जब-तब आतंकियों की घुसपैठ होती रहती है, वह गंभीर चिंता की बात है। जब पाकिस्तान से लगती सीमा भारत की सुरक्षा के लिए खतरा बनी हुई है, तब यह शुभ संकेत नहीं कि बांग्लादेश से लगी सीमा भी भारत के लिए चिंता का कारण बने। बड़ी सच्चाई है कि पाक का जन्म ही भारत विरोधी मानसिकता से हुआ है। ऐसे में अतीत से सबक लेते हुए भारत को अपनी सीमाओं की सुरक्षा को लेकर किसी तरह की चूक नहीं करनी चाहिए। किसी भी तरह की ढिलाई भारतीय सुरक्षा पर भारी पड़ सकती है। भारत की उदारता को बांग्लादेश हमारी कमजोरी न मान ले, इसलिए उसे बताना जरूरी है कि भारत से टकराव की कीमत उसे भविष्य में चुकानी पड़ सकती है। यह भी कि संबंधों में यह कसैलापन, दौगलापन एवं टकराव लंबे समय तक नहीं चल सकता। उसकी यह कटुता उसके लिये ही कालांतर घातकएवं विनाशकारी साबित हो सकती है। यह विडंबना ही है कि नोबेल पुरस्कार से सम्मानित अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस से क्षेत्र में शांति व सद्भाव की जो उम्मीदें थी, उसमें उन्होंने मुस्लिम कट्टरपंथ को आगे करके निराश ही किया है। उनकी सरकार लगातार विघटनकारी, अड़ियल व बदमिजाजी का रुख अपनाए हुए है, दोनों देशों के संबंध बिगाड़ने में पर्दे के पीछे पाकिस्तान की भूमिका को साफ-साफ देख जा रहा है। जबकि शेख हसीना शासनकाल में भारत और बांग्लादेश के संबंध सामान्य थे तो भारत बांग्लादेश को विश्वास में लेकर बाड़बंदी कर रहा था लेकिन अब यूनुस सरकार लगातार उकसाने वाली कार्रवाई कर रही है। उसने पाकिस्तानियों का बांग्लादेश में प्रवेश आसान कर दिया है तो पाक के बांग्लादेश को भारत विरोधी प्लेटफॉर्म के रूप में इस्तेमाल करने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इसी के चलते बांग्लादेश की भारत विरोधी बयानबाजी और कारगुजारी से दोनों देशों के संबंधों में जबरदस्त कड़वाहट आ चुकी है। बावजूद इसके गत दिसम्बर में भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने अपनी ढाका यात्रा के दौरान बांग्लादेश को आश्वस्त किया था कि भारत उसका दोस्त बना हुआ है और व्यापार, ऊर्जा, बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी के मामलों में रिश्ते पहले की तरह बरकरार रहेंगे। उस समय ऐसा लगा था कि दोनों पक्षों ने सीमा पर स्थिति को शांत कर लिया है। यूनुस सरकार ने भारत विरोधी तत्वों को न केवल हवा दी है बल्कि उनको उग्र कर दिया है। जेल में बंद कई भारत विरोधी तत्वों को बेल दे दी गयी है, ये ही तत्व भारत में अस्थिरता फैलाने की साजिश रच रहे हैं। लिहाजा भारत के लिये बॉर्डर पर घेराबंदी अत्यावश्यक हो गयी है। राजनीतिक आग्रह, पूर्वाग्रह एवं दुराग्रह के चलते यूनुस सरकार शेख हसीना के पिता की विरासत को निपटाने एवं धुंधलाने की कोशिशों में लगी हुई है। कट्टरपंथी तत्व जनाक्रोश के चलते अपनी सुविधा का मुहावरा गड़ने का प्रयास कर रहे हैं। भारत में पहले से ही लाखों बांग्लादेशी अवैध रूप से रह रहे हैं लेकिन ढाका द्वारा आतंकवादियों और दोषी ठहराए गए इस्लामी कट्टरपंथियों की रिहाई के बाद भारत द्वारा बॉर्डर पर कंटीले तारों को लगाने की कोशिश का बांग्लादेश सरकार द्वारा कड़ा विरोध दर्शा रहा है कि पाकिस्तान की तरह बांग्लादेश भी भारत में अस्थिरता, अशांति एवं अराजकता फैलाना चाहता है। बांग्लादेश बाड़ लगाने के समझौते का सम्मान करने के बजाय उसकी समीक्षा करने की बात करके उसमें रौड़ा अटकाना चाह रहा है।

# नतीजों को मिलते पुरस्कार, कोशिशें रहती गुमनाम

**अपना सब कुछ दांव पर लगाकर आगे बढ़ते हैं, पूरी जी जान से मेहनत करते हैं ताकि कुछ अच्छा हो लेकिन यह जरूरी नहीं कि आप सफल हो ही जाएँ। सफलता और असफलता दोनों के ही मौके समान रहते हैं। आप सफल हुए तो आपके अब तक के संघर्ष पर पूर्ण विराम लग जाएगा लेकिन दूसरी स्थिति बहुत विकट होती है जब आप अपनी मेहनत को डूबता हुआ देखते हैं। युवाओं के लिए यह स्थिति और भी ज्यादा खराब होती है क्योंकि वह ऐसी स्थिति का सामना जीवन में पहली बार कर रहे होते हैं। ऐसे समय में धैर्य और संयम के साथ आगे बढ़ना ही सर्वोत्तम उपाय है। ऐसे व्यक्ति को जीवन में सफल होने से कोई नहीं रोक सकता। ऐसे ही हिम्मती और धैर्यवान लोगों के लिए ही लिखा गया हैझ्रकोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। अंत में केवल इतना कहूंगा अपने कार्य के प्रति सदैव ईमानदार, निष्ठावान, समर्पित और वफादार रहो चाहे नौकरी हो या व्यापार।**





**डॉ सत्यवान सौरभ**
**लेखक**

सफलता सार्वजनिक उत्सव होती है, जबकि असफलता व्यक्तिगत विपत्ति होती है। सफलता में लोग साथ होते हैं, जबकि असफलता में लोग छोड़ देते हैं। हालांकि, असफलता से सीखने और बढ़ने का मौका मिलता है। सफलता सार्वजनिक उत्सव है जबकि असफलता व्यक्तिगत शोक एकदम सत्य लिखा है। दो ऐसे शब्द जो हर व्यक्ति के जीवन में बहुत मायने रखते हैं। पहला शब्द सफलता जिसको हर कोई प्राप्त करना चाहता है जबकि दूसरा शब्द असफलता जिससे हर व्यक्ति दूर रहना चाहता है। सफलता जब प्राप्त होती है तो घरझ्रपरिवार सब खुश होता है लेकिन असफलता का सामना आपको अकेले ही करना पड़ता है। अगर आप सफल हो गए तो समाज में आपकी इज्जत होगी, लोगों का आपके साथ व्यवहार परिवर्तित हो जायेगा लेकिन असफल रहने पर आपको बेरोजगार, ठलुआ जैसी संज्ञा मिलेंगी। मायने ये भी रखता है कि आपने सफलता प्राप्त करने के लिए कितना प्रयत्न किया? यदि आपने पूरे समर्पण के भाव से मेहनत की है फिर भी आप अपने मनपसंद क्षेत्र में सफल नहीं हुए तो ये मान लीजिए कि आपने अपने सपने को पूरा करने के लिए जो ज्ञानार्जन किया है वह आपके भावी जीवन में बहुत काम आने वाला है। वही ज्ञान किसी अन्य क्षेत्र में आपका भविष्य निर्माण करने में सहायक हो सकता है। परिणाम-संचालित समाज में, प्रयास अक्सर परिणामों के पीछे चला जाता है, परिणाम-संचालित समाज में, परिणामों पर प्रयास को प्राथमिकता देना योग्यता के सिद्धांत को चुनौती देता है। खेलों में, प्रयास दृढ़ता, अनुशासन और निष्पक्षता को दशार्ता है, जो प्रदर्शन पर प्रक्रिया पर जोर देता है। यह दृष्टिकोण मानसिक लचीलापन और व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा देता है जबकि डोपिंग और मैच फिक्सिंग जैसी अनैतिक प्रथाओं के दबाव को कम करता है। नैतिक मूल्यांकन को मापने योग्य परिणामों के साथ प्रयास के आंतरिक मूल्य को संतुलित करना चाहिए। मापनीय परिणामों के प्रति जुनून, समाज मात्रात्मक सफलता को प्राथमिकता देता है, अक्सर प्रयास के आंतरिक मूल्य और यात्रा में दृढ़ता को अनदेखा करता है। माता-पिता बच्चे के परीक्षा अंकों की प्रशंसा करते हैं, लेकिन शायद ही कभी अध्ययन या अवधारणाओं को समझने में बिताए गए समय को स्वीकार करते हैं। परिणामों पर लगातार ध्यान केंद्रित करने से अनावश्यक दबाव बनता है, जिससे तनाव होता है और सुधार या सीखने के लिए आंतरिक प्रेरणा कम हो जाती है। रिकॉर्ड तोड़ने के दबाव का सामना करने वाले एथलीट कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय डोपिंग का सहारा ले सकते हैं। परिणामों पर जोर देने से क्रमिक शिक्षा और सुधार का महत्त्व कम हो जाता है, जिससे सफलता अस्थिर हो जाती है। ऋषभ पंत जैसे क्रिकेटर, जिनकी शुरूआत में असंगतता के लिए आलोचना की गई थी, ने समय के साथ लगातार सुधार करके सम्मान प्राप्त किया। परिणाम-उन्मुख मानसिकता शॉर्टकट या अनैतिक प्रथाओं को बढ़ावा देती है, जिससे निष्पक्षता और खेल भावना खत्म हो जाती है। ऑस्ट्रेलियाई बॉल-टैम्परिंग घटना जैसे घोटाले ईमानदारी पर जीत को प्राथमिकता देने की लागत को दशार्ते हैं। समाज विजेताओं का महिमामंडन करता है लेकिन प्रतिभागियों के प्रयासों की उपेक्षा करता है, जिससे खेलों की समावेशिता और एकीकृत भावना कमजोर होती है। कम प्रसिद्ध ओलंपियन जो अपना सर्वश्रेष्ठ देते हैं लेकिन पदक जीतने में विफल रहते हैं, उन्हें स्वर्ण पदक विजेताओं की तुलना में कम मान्यता मिलती है। निष्पक्षता और समावेशिता को बढ़ावा देना, प्रयास को महत्त्व देना सुनिश्चित करता है कि सभी प्रतिभागियों को मान्यता प्राप्त हो, एक समावेशी और सहायक वातावरण को बढ़ावा मिले। पैरालिंपिक खेल दृढ़ता और प्रयास को उजागर करते हैं, पदकों पर भागीदारी पर जोर देते हैं। प्रयास को प्राथमिकता देने से व्यक्तियों को दृढ़ता, विनम्रता और भावनात्मक शक्ति का निर्माण करने में मदद मिलती है, जो व्यक्तिगत विकास के लिए महत्त्वपूर्ण है। नीरज चोपड़ा की विनम्रता और प्रतियोगियों के प्रति सम्मान सिर्फ.उनके भाला फेंक रिकॉर्ड से कहीं ज्यादा मनाया जाता है। प्रयास पर ध्यान केंद्रित करने से कौशल वृद्धि और निरंतरता को बढ़ावा मिलता है, जिससे खेलों में स्थायी उपलब्धियाँ मिलती हैं। विराट कोहली की अनुशासित प्रशिक्षण दिनचर्या स्थायी सफलता प्राप्त करने में प्रयास के महत्त्व को दशार्ती है। परिणामों से ज्यादा प्रयास को महत्त्व देने से नैतिक व्यवहार और नियमों के प्रति सम्मान को बढ़ावा मिलता है, जिससे खेलों में निष्पक्षता सुनिश्चित होती है। उदाहरण के लिए सचिन तेंदुलकर का स्लेजिंग में शामिल होने से इनकार करना क्रिकेट में अल्पकालिक लाभ की तुलना में नैतिकता को उजागर करता है। प्रयास को स्वीकार करने से सहानुभूति, सहयोग और एकता जैसे मूल्य पैदा होते हैं, जो एक परिपक्व और नैतिक समाज में योगदान करते हैं। 2019 क्रिकेट विश्व कप सेमीफाइनल में भारत के प्रयासों का जश्न मनाने वाले प्रशंसकों ने परिणामों से ज्यादा प्रयास की सराहना करने की ओर एक बदलाव दिखाया। परिणामों से ज्यादा प्रयास को महत्त्व देने से नैतिक सिद्धांतों को बढ़ावा मिलता है, खेलों में निष्पक्षता और समावेशिता की संस्कृति का पोषण होता है। यह दीर्घकालिक चरित्र निर्माण को बढ़ावा देता है और अनैतिक शॉर्टकट को रोकता है। हालांकि, एक सूक्ष्म दृष्टिकोण महत्त्वपूर्ण है, जो यह सुनिश्चित करता है कि प्रयास कौशल विकास और प्रदर्शन लक्ष्यों के साथ संरेखित हों, ताकि प्रतिस्पर्धात्मक भावना को बनाए रखा जा सके और साथ ही खेल कौशल और अखंडता को बढ़ावा दिया जा सके। कभी कभी हम अपने जीवन को सफल बनाने के लिए कुछ महत्त्वपूर्ण कदम उठाते हैं परीक्षा से इतर।

## भारतीय राजनीति में कांग्रेस की भूमिका

**संगीता शर्मा**

भारतीय लोकतंत्र में स्थापित सभी राजनीतिक दलों की अपनी एक भूमिका और स्थान है जिसे वो समय समय पर रेखांकित करते हुए अपनी जिम्मेदारी को निभाते हैं। भारत के लोकतंत्र में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस भी एक प्रमुख राजनीतिक दल के रूप में विद्यमान है, जिसका इतिहास ही भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने से जुड़ा है। इसीलिए कांग्रेस को महज एक राजनीतिक दल ही नहीं आंदोलन भी माना जाता है। यह बात अलग है कि समय के प्रवाह में बदलते वक्त के कारण यह आंदोलन बहुरूपियों के सियासी षड़यंत्र का हिस्सा बनता जा रहा है। कांग्रेस की स्थापना 28 दिसम्बर 1885 को हुई थी, और इसके संस्थापकों में ए.ओ. ह्यूम, दादा भाई नौरोजी और दिनशा वाचा जैसे दिग्गज शामिल थे। अपने गठन के समय से लेकर आज तक कांग्रेस का उद्देश्य हमेशा साफ रहा है। कांग्रेस पार्टी और उससे जुड़े नेताओं, आम जनमानस की करनी और कथनी में कोई अंतर नहीं रहता है। तब गठन के समय कांग्रेस पार्टी का मुख्य उद्देश्य भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को मजबूत करना और ब्रिटिश शासन से मुक्ति पाना था। अब कांग्रेस झूठे वादों और आश्वासनों के मकड़जाल में उलझी देश की साधारण जनता को उन सियासी मायावियों के चंगुल से आजाद कराने में संघर्षरत है जो उसे मुफ्त के नाम पर मानसिक बीमार बनाने में कोई गुरेज नहीं कर रहे। जो जनता को मानसिक गुलाम बनाने के अपने षडयंत्र में कुछ हद तक सफल होते नजर आ रहे हैं। चंद रुपयों के बदले ये धोखेबाज जनता के सभी मौलिक अधिकारों को कुचल रहे हैं। उसे अपने प्रिय औद्योगिक घरानों के पास गिरवी रख रहे हैं। आजादी से लेकर अब तक इस पार्टी ने कई महत्वपूर्ण नेताओं को जन्म दिया, जिनमें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू, और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री, पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी शामिल हैं। लाल बहादुर शास्त्री एक महान नेता थे जिन्होंने कांग्रेस पार्टी के लिए बहुत कुछ किया। उनका जन्म 2 अक्टूबर 1904 को वाराणसी में हुआ था, और उन्होंने अपनी शिक्षा काशी विद्या पीठ में प्राप्त की। शास्त्री जी ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया और कई बार जेल गए। कांग्रेस पार्टी का वर्चस्व 1952 से 1967 तक लगातार भारतीय राजनीति में बना रहा। इसके बाद कुछ बहकावे से उपजे बदलाव के अंकुर रूप में नए राजनीतिक दल सामने आए पर कांग्रेस की जड़ों में पैठ के कारण बहुत जल्द जनता को उनका मकसद समझने में देर नहीं लगी। इस पार्टी को अपना वर्चस्व बनाने में सफलता इसलिए प्राप्त हुई कि राष्ट्रीय आंदोलन के समय उसे सभी वर्गों का समर्थन प्राप्त था। इसके अलावा, कांग्रेस पार्टी का देशव्यापी संगठनात्मक ढांचा भी इसकी सफलता का एक महत्वपूर्ण कारण था। आजादी के बाद कांग्रेस पार्टी ने भारतीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कांग्रेस पार्टी ने कई महत्वपूर्ण नेताओं को जन्म दिया है और इसके नेतृत्व में भारत ने कई महत्वपूर्ण आर्थिक और सामाजिक सुधार किए हैं। आज उन्हीं आर्थिक सुधारों के कारण भारत एक मजबूत पायदान पर दुनिया के सामने अपनी बादशाहत का झंडा लहरा रहा है। लोगों की मौत पर खुद के लिए जमीन तैयार करने में माहिर चंद नेता आज जरूर कांग्रेस की सोच या नियति पर सवाल उठा रहे हैं पर एक बार वो अपने गिरेबान की तरफ बस झांक ही लेते तो लोगों के सामने न झूठ परोसने की हिम्मत होती और जरूरत। कहते हैं बदलाव प्रकृति का नैसर्गिक सिद्धांत है, इसलिए राजनेताओं की सोच और कार्य व्यवहार भी समय के पहिए की तरह बदलाव का हिस्सा बनता गया। यही वजह रही कि कांग्रेस पार्टी से जुड़े नेताओं की टूटन से पार्टी का वर्चस्व समय के साथ कम होता गया है। वर्ष 1967 के बाद विपक्षी दलों ने बीच-बीच में कांग्रेस पार्टी को चुनौती देना शुरू किया और 1989 के बाद राष्ट्रीय पटल पर हुए कुछ सियासी घटनाक्रम से बदली हुई परिस्थितियों में कांग्रेस के सामने क्षेत्रीय पार्टियों की नई चुनौती सामने आई। हालांकि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. पी.वी. नरसिंहराव और स्व. मनमोहन सिंह के रूप में कांग्रेस ने एक अच्छी वापसी के साथ अपने वर्चस्व की कायमी को पुनर्स्थापित किया। विगत एक दशक से कांग्रेस पार्टी राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष के रूप में तो कुछ राज्यों में सत्तारूढ़ होकर भारतीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रही है। इसके नेतृत्व में भारत ने कई महत्वपूर्ण आर्थिक और सामाजिक सुधार किए हैं। आज भी यह पार्टी भारतीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण शक्ति बनी हुई है। हालांकि वर्तमान में केंद्र में सत्तारूढ़ दल रोज नए षड्यंत्र करके कांग्रेस और उसके शीर्ष नेतृत्व की छवि धूमिल करने की असफल कोशिश कर रहा है।

# डीआईजी ने चार दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का किया उद्घाटन

प्रातः किरण संवाददाता



बिक्रमगंज (रोहतास)। शहर के द डिवाइन पब्लिक स्कूल के प्रांगण में दसवें वार्षिक खेलकूद समारोह का शुभारंभ किया गया। चार दिवसीय इस खेल समारोह का उदघाटन शाहाबाद क्षेत्र के डीआईजी डॉ सत्यप्रकाश ने किया। उनके साथ आईआईटियन अमितेश्वर आनंद, साई बीएड कॉलेज के निदेशक धनंजय सिंह, आर एस के पब्लिक स्कूल, डेहरी ऑन सोन के निदेशक आनंद सिंह, सोन राइजिंग स्कूल के निदेशक प्रशांत कुमार सिंह ने मंच साझा किया। इनके अलावा डीएसपी बिक्रमगंज संजय कुमार एवं थानाध्यक्ष बिक्रमगंज ललन कुमार ने भी मंच साझा किया। अपने संबोधन में डीआईजी ने द डिवाइन के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के प्रयास की सराहना करते हुए सबके प्रदर्शन को काबिलेतारीफ बताया। पाइप बैंड की प्रस्तुति को देखकर उन्होंने कहा कि बड़े-बड़े स्कूलों में मैंने घोष वादन का ऐसा प्रशिक्षण नहीं देखा।खेल विद्यार्थियों के लिए आनंद का क्षण होता है।यह हमें अनुशासन सिखाता है।

अपने संबोधन में द डिवाइन के सह निदेशक अखिलेश कुमार ने बताया कि खेल केवल खेल मात्र नहीं है बल्कि यह भाषायी भेद मिटाता है दिलों को दिलों से जोड़ता है।खेल में कोई हारता है या सीखता है।इस प्रकार यह जीवन जीने की सही कला सिखाता है।उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बेहतर खेल भावना दिखाते हुए उनके अच्छे प्रदर्शन की शुभकामना दी।आज के दिन की शुरूआत एथेलेटिक्स के 400 मीटर रिले रेस से हुई जिसमें नर्मदा हाउस के सत्यम कुमार ने प्रथम, गंगा हाउस के ऋषभ द्वितीय तथा सरस्वती हाउस के सनी कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।सीनियर लड़कियों के 400 मीटर रिले रेस में गंगा हाउस की समीक्षा ने प्रथम यमुना हाउस की प्रिया ने द्वितीय तथा सरस्वती हाउस की यास्मीन खातून को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।मिक्स रिले रेस में सरस्वती हाउस की श्रेया को प्रथम नर्मदा की चांदनी कुमारी को द्वितीय तथा यमुना हाउस की स्वाति को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।600 मीटर सीनियर लड़कों के रेस मुकाबले में सरस्वती हाउस के मोनू कुमार को प्रथम,गंगा हाउस के अभय राज को द्वितीय तथा नर्मदा हाउस के सोनू कुमार को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।जूनियर बॉयज रेस में गंगा हाउस के सूरज को प्रथम नर्मदा हाउस के सोनू कुमार को द्वितीय तथा सरस्वती हाउस के अभिराज को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ 100 मीटर जूनियर गर्ल्स मुकाबले में सरस्वती हाउस की पल्लवी को प्रथम, यमुना हाउस की प्रिया को द्वितीय तथा नर्मदा हाउस की सोनाली को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। 400 मीटर सिनियर बॉयज रेस मुकाबले में सरस्वती हाउस के अभिनव राज को प्रथम यमुना हाउस के मो गौहर को द्वितीय तथा नर्मदा हाउस के आदर्श कुमार को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। आज के दिन समाप्त हुए मुकाबलों के आधार पर सरस्वती हाउस 4 गोल्ड के साथ प्रथम गंगा हाउस 2 गोल्ड के साथ द्वितीय नर्मदा हाउस 1 गोल्ड के साथ तीसरे स्थान पर है।

# एसडीपीओ कार्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे डीआईजी

## कांडों के निष्पादन सहित दिए कई निर्देश

प्रातः किरण संवाददाता



बिक्रमगंज (रोहतास)। शाहाबाद प्रक्षेत्र के डीआईजी डॉ सत्यप्रकाश ने बुधवार को बिक्रमगंज एसडीपीओ कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने एसडीपीओ कार्यालय में ही अनुमंडल क्षेत्र के पुलिस अधिकारियों के साथ आपराधिक मामलों की समीक्षा भी किया। डीआईजी डॉ सत्यप्रकाश का पहली बार यहां पहुंचने पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी की कार्यालय परिसर में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। जहां अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना के थानाध्यक्ष मौजूद थे। निरीक्षण के क्रम में डीआईजी ने एसडीपीओ कार्यालय में संधारित विभिन्न पंजियों का अवलोकन किया। डीआईजी ने विभिन्न कांडों की समीक्षा भी की। समीक्षा के दौरान उन्होंने एसडीपीओ को कई निर्देश दिए। डीआईजी ने केस के आईओ को एवं थानाध्यक्षों को कांडों के अनुसंधान के बावत कई निर्देश दिए। कहा कि विभिन्न लंबित कांडों को त्वरित गति से निबटाएं। कुर्की-जब्ती की कार्रवाई भी करें। उन्होंने एसडीपीओ सहित विभिन्न थानाध्यक्षों को पुलिस - पब्लिक संबंधों को सुद्दढ़ करने का निर्देश दिया। कहा कि पुलिस - पब्लिक संबंध को बेहतर बनाकर हम अपराध पर नियंत्रण पा सकते हैं। डीआईजी ने प्रेस प्रतिनिधियों के सवालों के जबाब में बताया कि वे यहां एसडीपीओ कार्यालय का औचक निरीक्षण किए। कहा कि स्पीडी ट्रायल के मामले की समीक्षा की गई। भूमि विवाद को लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि भूमि विवाद राजस्व कर्मियों, सीओ, एसडीएम के साथ बैठक निस्तारण करने के लिए आवश्यक करवाई का निर्देश दिया गया। पर्यवेक्षण के लिए लंबित कांडों की समीक्षा की गई। विशेषकर अंचलों में अधिक मामले लंबित हैं, उन्हें यथाशीघ्र पर्यवेक्षण करने का निर्देश दिया गया। कहा कि थानों का नियमित निरीक्षण, सिरिस्ता, अभिलेख, मालखाना रख रखाव, रद्दीकरण आदि पर चर्चा हुई व निर्देशित किया गया। इसके अलावा टर्न आउट को किस तरह ठीक रखा जाए, साम्प्रदायिक सौहार्द, जन शिकायत, पुलिस जन सहयोग बैठक, सुदूर अपराध ग्रस्त क्षेत्रों में जनता दरबार लगाने पर चर्चा हुई।

# 24 घंटा के अन्दर आरा नवादा थानान्तर्गत लूट का करीब 630 ग्राम सोना के साथ 06 आरोपी गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। भोजपुर पुलिस अधीक्षक श्री राज ने प्रेस वार्ता कर बताया कि नवादा थानान्तर्गत दिनांक-15.01.2025 को समय करीब 06:00 बजे पूर्वाहन में नागेन्द्र कुमार, पिता-योगेन्द्र प्रसाद, सा० धनौत, थाना-रूपसपुर, जिला-पटना वर्तमान पता सा० कईपयनगर, न्यू पुलिस लाईन, थाना-आरा नवादा, जिला-भोजपुर से आरा विश्वविद्यालय के पास दो अज्ञात मोटरसाईकिल पर सवार चार अज्ञात लोगो द्वारा करीब 630 ग्राम सोने का जेवर को भय दिखाकर छीन लिया गया था। इस संबंध आरा नवादा थाना कांड सं0-24/25, दिनांक-15.01.2025. धारा-309 (4) मा०न्या०स० दर्ज किया गया है।उक्त कांड में त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनिकी सहयोग एवं परमपरागत अनुसंधान के कम में घटना में संलिप्त 06 अभियुक्त को लूटे गये सोने के जेवर के साथ गिफ्तार किया गया है, जिसकी विवरणी

गिरफ्तार अभियुक्त अमन कुमार पिता बलीराम प्रसाद, सा० अवरपुर, पड़ाव मोड़ भट्टी, थाना-आरा नगर, जिला भोजपुर।सचिन कुमार पिता-सच्चिदानन्द सिंह, सा०-बाथमावों, सुन्दरपुर, थाना-कोईलवर, जिला-भोजपुर। अमित कुमार, रामजी प्रसाद, सा०-चंदवा, कृष्णानगर, थाना-आरा नवादा, जिला-भोजपुर।अंकित कुमार पुत्र घनश्याम सिंह, इब्राहिमनगर, थाना आरा नगर, जिला भोजपुर।

प्रियांशु कुमार पिता-किशोर कुमार, सा० धरहरा, थाना-आरा नगर, जिला-भोजपुर।गोलु कुमार उर्फ राहुल कुमार, पिता-अरविन्द कुमार, सा०-इब्राहिमनगर, थाना-आरा नगर,जिला-भोजपुर सभी अभियुक्तों से पूछताछ कर जेल भेज दिया गया।

# व्यवसायी संघ गढ़हनी का बैठक सम्पन्न

## अगलगी पीड़ित दुकानदार को दिया आर्थिक सहायता

प्रातः किरण संवाददाता



गड़हनी (भोजपुर)। जिले के नगर पंचायत गड़हनी नया बाजार में बृहस्पतिवार को समय 11:00 बजे दिन में स्थान गड़हनी सब्जी मंडी के ठाकुरबाड़ी में गड़हनी व्यवसायिक संघ के बैनर तले एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता व्यवसायि संघ के जिला सहसचिव श्री उमाशंकर सिंह एवं संचालन व्यवसायिक संघ के प्रखंड अध्यक्ष श्रीनिवास यादव ने किया। बैठक में मुख्य रूप से गड़हनी नगर पंचायत के व्यवसायिओ के ऊपर आए दिन हो रहे अत्याचार, रंगदारी, चोरी एवं आगलगी की घटनाएं तथा दुकान पर किसी तरह के क्षती होने पर तत्काल कैसे समाधान किया जा सके इस विषय पर विचार विमर्श किया गया। विगत कुछ दिन पहले गड़हनी गोकुल स्वीट्स में आग लग जाने से लाखों रुपए का क्षती हुआ था बैठक में उपस्थित व्यवसायियों ने अपनी इच्छा अनुसार राशी एकत्रित कर व्यवसायिक संघ नगर पंचायत गड़हनी की ओर से गोकुल स्वीट्स के मालिक अनीश सिंह को तत्काल 25000 रुपए का सहयोग राशि प्रदान किया गया अध्यक्ष श्रीनिवास यादव ने कहा कि अगला बैठक 5 फरवरी 2025 को रखा गया है जिसमें अधिक से अधिक राशि एकत्रित कर सहयोग प्रदान किया जाएगा इनके अलावा किसी अन्य दुकानदार भाइयों के साथ भी इस तरह के घटना घटती हैं तो आर्थिक सहयोग किया जाएगा ताकि कोई भी दुकानदार आर्थिक रूप से न टूटे बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित व्यवसायिक संघ के जिला सह सचिव श्री उमाशंकर सिंह ने कहा कि व्यवसायिओ के सुरक्षा के लिए सबसे पहले बाजार पर सीसीटीवी कैमरा लगवाना अत्यंत जरूरी है जिसके लिए जिला कमीटी के नेतृत्व में जिला पदाधिकारी भोजपुर से मिल कर गड़हनी बाजार पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने का प्रयास किया जाएगा इस मौके पर प्रखंड सचिव शाहीन रजा, नीरज गुप्ता, चंदन सोनी, बुधन साह, रामबाबू साह, अनीश सिंह, पंकज सिंह, मुकेश कुमार सिंह, राजेन्द्र गुप्ता, प्रमोद कुमार, मो नईम, मो अरमान, गुड्डू सिंह, अरवल सिंह, निकु, तारिक अनवर उर्फ टिका, रंजन चौधरी, जमील रजा, भगवान प्रसाद, निर्मल कुशवाहा, डॉ शेष कुमार, बंटी राठौर, विकाश केशरी, ओमप्रकाश केशरी, संतोष सिंह सहित दर्जनो व्यवसायि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### स्वर्गीय माता सोनाझरी देवी की श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे लालू यादव

प्रातः किरण संवाददाता

भोजपुर। जय माँ काली बखोरापुरवाली मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं एक्स्यूटीव डायरेक्टर, होटल मौर्या पटना बी0डी0 सिंह के स्वर्गीय माता सोनाझरी देवी का घोड़ादेई में श्राद्धकर्म एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद ने घोड़ा देई में पहुंच कर उनके माता जी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किए इस श्रद्धांजलि सभा में बिहार के मंत्री विधायक डॉक्टर एवं समाजसेवी लोग पहुंचे बिहार सरकार के मंत्री सुमित कुमार, रामकृपाल यादव पूर्व सांसद कर्नल राणा प्रताप सिंह अखिलेश सिंह बिहार के पूर्व डीजीपी निलमणी संजय सिंह एमएलसी आलोक अंजन उसे छोटू भाजपा नेता उमेश बेढ़िया अमित केसरी मोनू सिंह रामबाबू सिंह अरुण यादव पूर्व विधायक पूर्व मंत्रीअब्दुल बारी सिद्दीकी ने स्वर्गीय सोनाझरी देवी के तैल चित्र पर लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित किए।

### मथुरापुर ग्रिड में मेंटेनेंस कार्य को ले विद्युत आपूर्ति बाधित

अकोढ़ी गोला (रोहतास)। रोहतास जिले के 132/33 केवी मथुरापुर ग्रिड में शुक्रवार को आवश्यक मेंटनेंस कार्य किया जाएगा,जिस कारण 33/11 केवी विद्युत शक्ति केंद्र दरिहट से की जाने वाली संबंधित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी, जानकारी देते हुए कनीय विद्युत अभियंता डालमियानगर सुजीत कुमार ने बताया कि मथुरापुर ग्रिड में आवश्यक मेंटेनेंस का कार्य दिन 11:00 बजे से 4:00 बजे तक चलेगा इसी के चलते विद्युत शक्ति केंद्र दरिहट में 5 घंटे विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी उपभोक्ताओं से अपील है कि अपने आवश्यक कार्य समय से पहले निपटा लें।

### पांच दिनों से लापता व्यक्ति के परिजनों ने लगाई गुहार

रोहतास (रोहतास)। रोहतास थाना अंतर्गत रोहतास नगर पंचायत के अकबरपुर से कमरू कुरैशी का चालीस वर्षीय पुत्र जफरू कुरैशी ग्यारह जनवरी से लापता है। जिसकी सूचना परिजनों ने रोहतास थाना पहुंच तलाश करने की पुलिस से गुहार लगाई। इस संबंध में जफरू कुरैशी के छोटे भाई जावेद कुरैशी ने बताया कि उसका भाई 11 जनवरी को सोन डीला के रास्ते जपला अपने बहनोई के साथ गए था। जिसके बाद से वह अबतक घर नहीं लौटा है। जिसकी लोगों ने पूरे सोन नदी के सभी जगह किया। कोई खोज खबर का पता नहीं चला सका।

# बढ़ते ठंढ़ के मद्देनजर बीएस डीएवी पब्लिक स्कूल परिवार लगातार कर रहा है कंबल का वितरण



प्रातः किरण संवाददाता

आरा।बढ़ते ठंढ़ के मद्देनजर स्थानीय बी एस डीएवी पब्लिक स्कूल परिवार की ओर से लगातार दूसरी बार लगभग रात्रि दस से ग्यारह के बीच गरीब-जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल, चादर, स्वेटर, पैंट-सर्ट तथा अन्य गर्म कपड़े वितरित किये गये। इस राहत सामग्री के लिए बच्चों, अभिभावकों तथा शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मियों की ओर से भरपूर सहयोग मिला।

विदित हो कि डीएवी परिवार न सिर्फ शिक्षा, खेलकूद तथा सांस्कृतिक गतिविधियों के संचालन में अपनी अग्रणी भूमिका अदा करते रहा है बल्कि समाज कल्याण तथा आपदा राहत के कार्यक्रमों में भी निरंतर बढ़-चढ़कर भूमिका अदा करते रहा है। इस दौरान आरा नगर के रेलवे प्लेटफार्म नं -1 और 4, रमना मैदान क्षेत्र तथा शहर के कई अन्य क्षेत्रों में यह कार्यक्रम चलाया गया।

शिक्षकों के दल ने अनेक रिक्शा चालकों तथा जरूरतमंदों को कंबल दिए। इस कार्यक्रम के लिए प्रधानाचार्या के निर्देशन में गठित शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मियों के दल में वरिष्ठ शिक्षक सुशील कुमार, अभिषेक कुमार, सचिन पाठक, संजय श्रीवास्तव, सुबोध पाण्डेय, पी साहु, आर एस पाण्डेय, एच स्मित, कमलेश दूबे, राजेश पाण्डेय, राकेश रंजन, ब्रजेश कुमार मिश्रा, सुनील मिश्र तथा सुमन कुमार सिंह के अलावे वरिष्ठ लिपिक विजेन्द्र कुमार सिन्हा तथा दयाशंकर चौबे ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। लाभार्थी अनेक लोगों ने डीएवी की इस पहल की सराहना की।

# कर्मचारी संघ द्वारा जिला शाखा भोजपुर के द्वारा आरा व्यवहार न्यायालय परिसर में दिया गया धरना

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। बिहार राज्य व्यवहार न्यायालय कर्मचारी संघ जिला शाखा भोजपुर के अध्यक्ष सुशील कुमार राय की अध्यक्षता में समस्त कर्मचारी (करीब 325 कर्मचारी) निर्धारित धरना स्थल पर शान्ति पूर्वक बैठकर अनिश्चित कालीन कलमबंद हड़ताल में शामिल हुए। यह हड़ताल बिहार राज्य व्यवहार न्यायालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राजेश्वर तिवारी के आह्वान पर बिहार भर के निचली अदालतों के कर्मचारी अपने बेहतर वेतनमान, पदोन्नति, शत प्रतिशत अनुकम्पा पर बहाली और विशेष न्यायिक कैडर के माँग पूरा नहीं होने के विरोध मे 16-01-2025 से किया जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष के आह्वान पर हड़ताल पर जाने हेतु निर्णय को सफल बनाने के लिए हर एक कर्मचारियों ने एकजुटता का परिचय दिया। बैठक में शामिल मिडिया प्रभारी-सह -प्रवक्ता अजय शंकर ने बताया की आज दिनांक 16-01-2025 कलमबंद हड़ताल का पहला दिन सफल रहा एवम जो एस. ओ. पी. राज्य संघ के द्वारा तय की गयी है उसके अनुरूप रहा। उन्होंने यह भी कहा की न्यायिक कर्मचारियों के प्रति सरकार के इस सौतेला रवैया के प्रति हरेक कर्मचारियों मे आक्रोश है। जिला मंत्री बसावन राम ने कहा कि यह हमारी मांग नहीं है बल्कि यह हम सारे कर्मचारी का वास्तविक हक है लेकिन अपने हक के लिए भी हमें स्ट्राइक पर आना पड़ गया यह काफी ही शर्म की बात है आखिर इसका जिम्मेवार कौन है? इसके लिए पूर्ण रूप से मैं बिहार सरकार को जिम्मेवार समझता हूं। हम कर्मचारी गण कदापि इस तरह का हकमारी बर्दाश्त नहीं करेंगे। जिला मंत्री के द्वारा संगीत के माध्यम से कर्मचारिओं का दर्द को सुनाया गया। सुभाष सिँह ने बताया की हम न्याय के मंदिर में काम करते हैं लेकिन यह बड़ी शर्म की बात है कि हमारे साथ विगत 30 वर्षों से अन्याय हो रहा है। अब हम न्याय के लिए किस न्याय के मंदिर में गुहार लगाए। हम कर्मचारी गण विवश होकर मजबूरी में हड़ताल पर जा रहें हैं। जिलाध्यक्ष ने कहाँ की 1985 में माननीय उच्च न्यायालय के सहायक, सचिवालय सहायक, और व्यवहार न्यायालय के सहायक का शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक से स्नातक किया गया और तभी से उच्च न्यायालय सहायक और सचिवालय सहायक का वेतनमान ग्रेजुएट स्केल कर दिया गया लेकिन व्यवहार न्यायालय के सहायक का वेतनमान नहीं बढ़ाया गया। हम लोग आज भी भटक रहें हैं।अंत में जिला अध्यक्ष ने विद्वान अधिवक्ता गणों एवम आम जनता (पक्षकार) से धैर्य पूर्वक सहयोग करने की याचना किया एवम उन्होंने विद्वान अधिवक्ता गणों तथा पक्षकार गणों से हड़ताल के कारण उतपन्न असुविधाओं के लिए आज फिर से माफी माँगा। बैठक में वेदांशु, अमित, रंजन आदि थे।

# संगीतद्वारक बक्शी कुलदीप की स्मृति में संगीत सभा का आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता



आरा, 20वीं सदी में आरा में शास्त्रीय संगीत की लोकप्रियता सिर चढ़ के बोलती थी जिसे पीछे संगीत के सच्चे कद्रदान और पारखी आयोजक लीजेंड स्व. बक्शी कुलदीप नारायण सिन्हा जी का नाम उल्लेखनीय है ' उक्त बातें कवियित्री डॉ. किरण कुमारी ने कही। अवसर था बक्शी कुलदीप नारायण सिन्हा की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम संगीत चौपाल का। इस कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. किरण कुमारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। युवा गायिका श्रेया पांडे ने राग शिवरंजनी में रूपक ताल की बंदिश राधे तोरे नयन श्याम बसे तीनताल की बंदिश मनमोहना मेरो श्याम कित गये ढूंढ़त फिरू सब धाम एकताल की बंदिश श्याम सुंदर रंग रंगीले मेरो मन हर लिंही प्रस्तुत कर समां बाँधा। वही वरिष्ठ तबला वादक श्री शिवनंदन प्रसाद श्रीवास्तव ने एकल तबला वादन चलन व गत के विभिन्न प्रकारों को सुनाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं गुरु बक्शी विकास ने निर्गुण भाव का दादरा सुंदर साड़ी मोरा मैके में मैल भयी व श्रृंगार का दादरा चाहे तो मोरा मन ले ले सांवरिया प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। श्री अजीत पांडेय ने चाँद बदरा में छुप के लजाई गईल प्रस्तुत कर रंग बिखेरा। वही सिद्धि आनंद, सोमी सोनी व सानवी सोनी ने पंडित बिरजू महाराज रचित मधुराष्टकम् प्रस्तुत कर तालियां बटोरी। स्नेहा पांडेय ने मनोहारी कथक प्रस्तुत किया। मंच संचालन और धन्यवाद ज्ञापन आदित्या ने किया।

# अधिकार रैली की तैयारी को लेकर जिला मुखिया संघ के द्वारा सभी प्रखंडों में किया गया बैठक

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। त्रिस्त्रीय जनप्रतिनिधि के लिए अधिकार रैली को 28,01,2025 पटना की तैयारी को लेकर जिला मुखिया संघ भोजपुर के अध्यक्ष हरेन्द प्रसाद यादव का दौरा जिले के सभी प्रखंड मे है। उसी की शुरूआत चरपोखरी प्रखंड मे मे तरारी प्रखंड मे बैठक हुई।जिसमे सम्मेलन- को सफल बनाने के लिए अपील की गई।और मुखिया गण के बिच हर बिंदु पर चर्चा की गई।चारपोखरी मे प्रवीन कुमार ने अध्यक्षता की। तत्पश्चात सभी मुखिया के द्वारा जिला अध्यक्ष को माला और अंग वस्त्र से सम्मानित किया।चारपोखरी मे मुखिया प्रतिनिधि कृष्णा कांत सिंह सोनवर्षा, मुखिया रितेश तिवारी माझिआव मुखिया प्रतिनिधि संतोष पाण्डेय मलौर, मुखिया प्रतिनिधि पिंटू सिंह बाबू बांध, मुखिया लाल मुक्ति पासवान सियाडीह सह जिला उपाध्यक्ष भोजपुर, मुखिया दसरथ सिंह सेमराव, मुखिया प्रतिनिधि मिथुन सिंह ठाकुरी, मुखिया प्रतिनिधि बबलू सिंह नगरी और तरारी मे जिला अध्यध हरेन्द प्रसाद यादव को अंग वस्त्र से सम्मानित किया।अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गौरी शंकर सिंह ने किया।तरारी मे मुखिया मुना यादव चकिया सह उपाध्यक्ष मुखिया संघ भोजपुर, मुखिया बलिराम सिंह, प्रखंड अध्यक्ष गौरी शंकर सिंह दीपक कुमार बिवेक कुमार, मुना कुमार जेठवार, शांति देवी शिव शंकर सिंह, मनोज सिंह, रंजन कुमार राहुल राय आदि थे।

# आलू की वैज्ञानिक खेती से होता है अधिक उपज : डॉ संदीप मौर्य

प्रातः किरण संवाददाता



सासाराम(रोहतास)। आलू की खेती में उत्तर प्रदेश का देश में प्रथम स्थान है। आलू का प्रयोग मुख्य रूप से सब्जियों, चिप्स, पापड़, चाट, पकौड़ी, ,समोसा, डोसा ,चोखा आदि के रुप में किया जाता है। पूर्वांच्चल में व्रत-त्योहार में फलाहार में भी काम आता है आलू रबी में बोयी जाने वाली फसल है। इसकी सफल खेती के लिए तकनीकी जानकारी देते हुए डॉ० संदीप मौर्य, सहायक प्रोफेसर एवं प्रभारी बागवानी, नारायण कृषि विज्ञान संस्थान, गोपाल नारायण सिंह विश्विद्यालय जमुहार, सासाराम, बिहार के द्वारा किसानों को बताया कि खेत की तैयारी के लिए बरसात कम होने के साथ समय मिलते ही खेत की जुताई मिट्टी पलटने वाले हल से तथा 2-3 जुताइयाँ देशी हल, कल्टीवेटर/हैरो से करके पाटा देकर मिट्टी भुरभुरी बना लेनी चाहिए। आलू की प्रमुख प्रजातियाँ कुफरी चन्द्र मुखी, कुफरी अशोका, कुफरी नीलकंठ, कुफरी अरुण, कुफरी गरिमा 70-80 दिनों में पक कर तैयार हो जाती है।जिसकी उपज क्षमता 80-100 कुन्तल प्रति एकड़ है। कुफरी बहार, कुफरी लालिमा, कुफरी पुष्कर ,कुफरी गौरव कुफरी गंगा, कुफरी मोहन,कुफरी ख्याति, 90-110 दिन , उपज क्षमता 100-120 कु.प्रति एकड़ ,कुफरी बादशाह, कुफरी सिन्दूरी, कुफरी आनंद, कुफरी सतलुज 110-120 दिन,उपज क्षमता ,120-160 कुन्तल प्रति एकड़, प्रसंस्करण योग्य किस्में कुफरी चिप्सोना-1, कुफरी चिप्सोना-2 अवधि 110 दिन ,उपज 140-160 कु.प्रति एकड़ है। कंद बीज की मात्रा एवं बीजोपचार 35-40 ग्राम वजन या 3.50 -4.00 सेमी. आकार वाले 12-14 कु.बीज प्रति एकड़ की दर से प्रयोग करना चाहिए।बीज जनित रोगों से सुरक्षा के लिए उपचारित एवं प्रमाणित बीज ही बोना चाहिए। बुआई का समय- मुख्य फसल की बुआई का उचित समय माह अक्टूबर का दूसरा पखवारा है। खाद एवं उर्वरक- मृदा परीक्षण के आधार पर खाद एवं उर्वरकों का प्रयोग करना चाहिए, यदि मिट्टी परीक्षण न हो सके तो 60 कुन्टल गोबर की सड़ी खाद का प्रयोग प्रति एकड़ में करें। 80 किग्रा. युरिया ,200 किग्रा सिंगल सुपरफास्फेट एवं 66किग्रा. म्यूरेट आफ पोटाश ,जिंक सल्फेट 10 किग्रा, फेरस सल्फेट 20 किग्रा,प्रति एकड़ की दर से अंतिम जुताई के समय खेत मे मिला दे। बुआई के 30 से 35 दिनों के बीच सिंचाई के बाद टाप ड्रेसिंग के रूप में 80 किग्रा. यूरिया मिट्टी चढाने के समय प्रति एकड़ में देना चाहिए। बुआई की विधि पंक्ति से पंक्ति की दूरी 60 से.मी. कंद से कंद की दूरी 20 सेमी. 8 से 10 सेमी. की गहराई पर करनी चाहिए। सिंचाई-बुआई के 8-10 दिन बाद अंकुरण से पूर्व पहली हल्की सिंचाई करें।सिंचाई करते समय यह ध्यान रखें कि आलू की गुले( मेंड) पानी से दो तिहाई से ज्यादा न डूबे। उसके बाद आवश्यकतानुसार 15 दिनों के अन्तराल पर करें। अंतिम सिंचाई खुदाई के लगभग 10 दिन पहले बन्द कर दें। आलू बुआई के 20-25 दिन बाद पौधे 8-10 से.मी. ऊँचाई के हो जाते है। खरपतवार निकाल कर यूरिया गुलों में डालकर मिट्टी चढ़ा दे। कीट एवं रोग प्रबंधन नाशीजीवों का सही पहचान कर उचित प्रबंधन करना चाहिए।

# ब्राह्मण सेवा संघ ने महाकुंभ स्नान को लेकर की बैठक



काराकाट (रोहतास) ब्राह्मण समाज सेवा संघ, शाहाबाद की बैठक गोड़ारी बाजार स्थित संघ के कार्यालय में आयोजित की गई। जिसमें निम्नलिखित प्रस्ताव पर वार्ता किया गया। बैठक में विशेष रूप से प्रयागराज महाकुंभ में ज्यादा से ज्यादा ब्राह्मण परिवार को ले जाने पर चर्चा किया गया। वहीं गोड़ारी के एक गरीब ब्राह्मण कामता तिवारी के निधन होने पर उनकी अंत्येष्टी में सहयोग संघ द्वारा किया गया था। बताया गया की उनके श्राद्ध कर्म की खर्च भी संघ व समाज के लोग ही उठाएंगे। बताया की कामता तिवारी के परिवार में कोई सदस्य नही है। इस वजह से उनके श्राद्ध कर्म की पूरी तैयारी भी ब्राह्मण समाज सेवा संघ ही करेगी। बैठक में संगठन की विस्तार व कार्यकारणी की गठन करने पर भी विचार-विमर्श किया गाय। वहीं क्षेत्र के किसानों को खाद-बीज के लिए हो रही परेशानी को देखते हुए किसान प्रकोष्ठ गठन करने सहित कई विषयों पर विस्तृत चर्चा किया गया। मौके पर संघ के अध्यक्ष प्रकाश तिवारी, उपाध्यक्ष रजनीश पाण्डेय, महासचिव अनंत तिवारी, कोषाध्यक्ष रजनीकांत पाण्डेय, मार्गदर्शक नंदजी पांडेय, सदस्य ददन पांडेय सहित दर्जनों लोग थे।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत की गई यातायात नियमों का पालन करने की अपील



प्रातः किरण संवाददाता

मधेपुरा। जिला परिवहन टीम के द्वारा गुरुवार को जिला मुख्यालय के कॉलेज चौक पर यातायात नियमों का अनुपालन करने वाले वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा प्रहरी का बैज देकर प्रोत्साहित किया गया एवं सेल्फी पॉइंट पर सेल्फी क्लिक किया गया।। जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि सड़क सुरक्षा माह का आयोजन आप सभी को सड़क के नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों का पालन करना अति आवश्यक है। सड़क पर होने वाली ज्यादातर दुर्घटनाएं मानवीय भूल (चालक की लापरवाही) के चलते होती है, जिसके लिए सावधानियाँ बरतने से हम इन दुर्घटनाओं को नियंत्रित कर सकते है एवं सड़क यात्रा को सुरक्षित एवं सुखद बना सकते है। उन्होंने कहा कि अपने वाहन को गति सीमा में चलाएं, बिना हेलमेट दोपहिया वाहन नहीं चलाएं, बिना सीटबेल्ट लगाए चार पहिया वाहन नहीं चलाएं, वाहन चलाते समय सड़क संकेतों का पालन करें, सड़क पर पैदल चलने वाले बायें से चलें, अनावश्यक बाईक का हॉर्न न बजायें, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करें तथा सड़क दुर्घटना में घायल पीड़ितों की मदद करें। उन्होंने सड़क सुरक्षा हमारी प्रतिबद्धता-सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा का संदेश दिया। उन्होंने जिलावासियों से अपील किया कि आईये, हमसब मिलकर यातायात नियमों का पालन करते हुए बहुमूल्य जीवन को बचायें।

बताया गया कि दिनांक 21 जनवरी, 2025 को वाहन चालकों का नेत्र एवं स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन मधेपुरा पुराना बस स्टैण्ड पर किया जाएगा।

# स्वच्छता पर्यवेक्षक अपनी सेवा नियमितीकरण की मांग को लेकर विधायक से मिले

## स्वच्छता पर्यवेक्षक व स्वच्छताकर्मियों ने अपनी लंबित मानदेय भुगतान व मानदेय बढ़ोतरी को लेकर दिया ज्ञापन

प्रातः किरण संवाददाता



उदाकिशुनगंज (मधेपुरा)। लोहिया स्वच्छता अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में बहाल स्वच्छता पर्यवेक्षक व स्वच्छताकर्मियों ने अपनी लंबित मानदेय भुगतान व मानदेय बढ़ोतरी को लेकर जिलाध्यक्ष यासिर हमीद की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की। बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष यासिर हामिद ने कहा कि बिहार सरकार के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा निर्गत पत्र के आधार पर स्वच्छता पर्यवेक्षक का नियोजन संविदा के आधार पर किया गया है लेकिन अब तक सभी लाभ और मापदंड सेवा शर्त के अनुसार नहीं मिल पा रहा है। सभी स्वच्छता पर्यवेक्षक और स्वच्छता कर्मी सुबह 6 बजे से संध्या तक सफाई कार्य में जुड़े रहते हैं। इसके अलावा प्रत्येक दिन स्वच्छता की विभिन्न प्रकार की गतिविधि को करना पड़ता है। इसके बदले में स्वच्छता पर्यवेक्षक को क्रमशः 5 हजार से 7 हजार 5 सौ और स्वच्छता कर्मी को क्रमशः 15 सौ से 3 हजार मानदेय मिलता है जो बिहार की मजदूरी दर से भी काफी कम है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में महंगाई को देखते हुए परिवार का भरण पोषण बहुत कठिनाई से करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में स्वच्छता पर्यवेक्षक को 20 हजार मानदेय लागू करने, स्वच्छताकर्मी का उचित मानदेय और 60 वर्ष की आयु तक सेवा नियमितीकरण के साथ ईपीएफ और ईएसआईसी से आच्छादित किए जाने को लेकर बैठक के उपरांत विधायक निरंजन कुमार मेहता से शिष्टमंडल ने मुलाकात के दौरान लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत कार्यरत स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं स्वच्छता कर्मी का मानदेय पुनरीक्षण करने एवं ससमय भुगतान के सिलसिले में एक मांग पत्र सौंपा गया। दिए गए मांग पत्र में कहा गया है कि लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत स्तर पर स्वच्छता पर्यवेक्षक कार्यरत हैं। सरकार के स्वच्छ ग्राम के संकल्प में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है, लेकिन आज भी स्वच्छताकर्मी व पर्यवेक्षक को जो मानदेय दिया जा रहा है वह ऊंट के मुंह में जीरा के फोरन के बराबर है।

इसलिए संघ सरकार से मांग करती है कि स्वच्छता पर्यवेक्षक व स्वच्छता कर्मियों का लंबित मानदेय शीघ्र भुगतान किया जाय और मानदेय में बढ़ोतरी की जाए। सरकार स्वच्छता पर्यवेक्षक का मानदेय बीस हजार रुपये व स्वच्छताकर्मियों का मानदेय दस हजार रुपये करें। तभी उनके परिवार का भरण-पोषण संभव हो पायेगा। मौके पर जिला अध्यक्ष यासिर हमीद, विकास कुमार, नवीन कुमार, राहुल कुमार यादव, मो. अली, बमबम कुमार, गोल्डन कुमार, मो. गुलफाम आलम, राम जीवन कुमार, पिंटू कुमार सहित अन्य स्वच्छताकर्मी मौजूद थे।

# डीएम की अध्यक्षता मेंपीएमएफएमई व पीएमईजीपी की प्रगति का किया गया समीक्षा बैठक

आरा। समाहरणालय सभागार में जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया(भा.प्र.से.) की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने बैंकों को मिले लक्ष्यों की बारीकी से समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि लंबित आवेदनों पर शीघ्र कार्रवाई करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि योग्य आवेदनों को तुरंत स्वीकृत करें और अयोग्य आवेदनों को पेंडिंग में रखने के बजाय तत्काल रिजेक्ट करें।

उन्होंने बैठक में निजी बैंकों के खराब प्रदर्शन पर कड़ी नाराजगी जताते हुए जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिए कि वे अपना प्रदर्शन सुधारें। बैंक इन योजनाओं में रुचि नहीं दिखाएंगे।

# महाकुंभ स्नान हेतु तीर्थयात्रियों का एक जत्था प्रयागराज व अयोध्या रवाना



प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रम।गोपाल विद्यार्थी सामाजिक संगठन महावीर सेवा समिति व एचडीआरएस के बैनर महाकुंभ स्नान हेतु गुरुवार को बिक्रम से तीर्थयात्रियों का एक जत्था तीर्थराज प्रयागराज व भगवान श्रीरामलला के जन्मस्थली देव भूमि अयोध्या, चित्रकूट आदि दर्शन के लिए रवाना हुआ।

इस धार्मिक यात्रा का नेतृत्व एचडीआरएस के बिक्रम प्रखंड संयोजक गुड्डू गुप्ता कर रहे हैं उक्त बाबत जानकारी देते हुए गुड्डू गुप्ता ने बताया कि हमलोग प्रत्येक वर्ष बिक्रम एवं आसपास के लोगों को तीर्थयात्रा कराने के लिए जत्था रवाना करते हैं इस यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग, सभी लोग बढ़चढ़ के सम्मिलित होते हैं। इस यात्रा के शुभारम्भ महावीर सेवा समिति के अध्यक्ष मदन दास एवं एच.डीआरएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुणाल किशोर ने किया मौके पर सिंधु सिंह, चंद्रभूषण मिश्र, रवि प्रकाश गुप्ता, शशांक मिश्रा, पप्पू , जनेश्वर सिंह सहित कई अन्य मौजूद रहे।

# आवास योजना को लेकर मुखिया ने चलाया जागरूकता अभियान

पुरैनी (मधेपुरा) । पुरैनी प्रखंड मुख्यालय के गणेशपुर पंचायत के मुखिया मोहम्मद वाजिद ने प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने बिचौलियों से सावधान रहने की सलाह दी। मुखिया ने लोगों को जागरुक करते हुए बताया कि ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत आवास योजना में नाम दर्ज कराया जाता है। इस काम के लिए कोई बिचौलिया रूपया की मांग करता है तो संबंधित कार्यालय के अधिकारी को सूचित करें वैसे व्यक्ति पर सख्त कार्रवाई होगी।

उन्होंने कहा कि जरूरी कागजात आधार कार्ड, जॉब कार्ड, राशन कार्ड, पति पत्नी का आधार कार्ड, जाति, आय, निवास सहित अन्य जरूरी कागजात को तैयार कर रखें। जहां मुखिया मोहम्मद वाजिद के साथ आवास सहायक रत्न कुमार सभी को जागरुक किया ।

# जदयू बीएनएमयू के अध्यक्ष के नेतृत्व में छात्र कल्याण पदाधिकारी को छात्र हित को ले13 सूत्री मांग पत्र सौंपा

प्रातः किरण संवाददाता



मधेपुरा। जदयू बी एन एम यू मधेपुरा के अध्यक्ष निखिल सिंह यादव के नेतृत्व में बी एन एम यू के अध्यक्ष छात्र कल्याण पदाधिकारी को छात्र हित के लिए विभिन्न मांगों के संबंध में 13 सूत्री मांग पत्र सौपा। छात्र जदयू विश्वविद्यालय अध्यक्ष निखिल सिंह यादव ने सौंपे गए मांगों में कहा कि कई सेशन से गर्ल्स छात्रावास हॉस्टल बनने के बाद भी चालू नहीं हुआ है गर्ल्स छात्रावास अविलम्ब चालू करवाया जाए, मुल प्रमाण पत्र में स्टाफ की कमी है। छात्राओं को ऑनलाइन आवेदन करने के बाद हार्ड कॉपी जमा करने है मूल शाखा में छात्राओं को लिखित आश्वासन दिया जाता है 6 महीने के बाद आइए छात्राओं को लिखित आश्वासन के बाद भी मूल प्रमाण पत्र नहीं मिल पा रहा है। शाखा के स्टाफ की कमी को अविलम्ब दूर किया जाए ताकि छात्राओं को सही समय पर मूल प्रमाण पत्र मिल जाए। विश्वविद्यालय के अंतर्गत सभी महाविद्यालय में माइग्रेशन के लिए माइग्रेशन फॉर्म नहीं मिलता है छात्राओं ऑनलाइन कैफे दुकान से खरीदकर कर माइग्रेशन फॉर्म भरते है इसलिए सभी महाविद्यालय में माइग्रेशन फॉर्म उपलब्ध कराया जाए, छात्र जदयू सहरसा जिला अध्यक्ष सुभाष कुमार यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय एवं उसके अधीन सही महाविद्यालय में पानी, शौचालय, कॉमन रूम की समस्या को अविलम्ब दूर किया जाए ताकि छात्राओं को परेशानी नहीं हो, छात्र जदयू के विश्वविद्यालय प्रधान महाविद्यालय नीरज कुमार ने कहा कि नामांकन से संबंधित एवं परीक्षा फॉर्म या रिजल्ट से संबंधित जानकारी विश्वविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर चिपकाया जाए, विश्वविद्यालय उपाध्यक्ष सनोज कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय में या विश्वविद्यालय के अधीन सभी महाविद्यालय में पूछताछ काउंटर शुरू किया जाए ताकि छात्राओं को कोई भी जानकारी आसानी से मिल जाए।

छात्र जदयू विश्वविद्यालय महासचिव केशव कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय में छात्र जनता दरबार आयोजन किया जाए छात्र जनता दरबार लगाने से छात्राओं का परेशानी दूर होगा। टी पी कॉलेज अध्यक्ष प्रेम कुमार ने कहा कि एलएलबी की पढ़ाई के लिए कई वर्षों से मान्यता बहाल नहीं है कोसी क्षेत्र के छात्राओं एलएलबी पढ़ाई करने के लिए किसी दूसरे विश्वविद्यालय जाते है नामांकन कराने के लिए अगर बीएनएमयू में पुनः एलएलबी की पढ़ाई होगा तो छात्राओं को किसी दूसरे विश्वविद्यालय जाने को परेशानी नहीं होगी। आर एम कॉलेज के अध्यक्ष शिवशंकर कुमार ने कहा कि कॉलेज ऑफ एजुकेशन (सीटीई) सहरसा में बीएड की मान्यता कई वर्षों एवं सेशन प्राप्त नहीं है क्योंकि पूरे कोसी प्रमंडल में गवर्नमेंट का एक ही कॉलेज है जो कि कई सेशन से मान्यता प्राप्त नहीं है उसे अविलम्ब बहाल किया जाए।

छात्र जदयू बीएनएमभी कॉलेज अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने कहा कि बीसीए के पढ़ाई करने के बाद एमसीए के पढ़ाई करने के लिए किसी दूसरे विश्वविद्यालय जाना पड़ता है

अगर इस विश्वविद्यालय में एमसीए की पढ़ाई के लिए मान्यता बहाल हो जाएगा तो छात्राओं को किसी दूसरे विश्वविद्यालय नहीं जाना होगा।

# जिले में पदस्थापित पदाधिकारियों तथा कर्मियों को 15 फरवरी तक जमा करना होगा सम्पत्ति का ब्योरा

मधेपुरा। जिले में पदस्थापित पदाधिकारियों तथा कर्मियों को अपनी सम्पत्ति का ब्योरा हर साल के तरह इस साल भी देना होगा। इस बावत समान्य प्रशासन विभाग की और से भेजे गए पत्र में कहा गया है कि सभी पदाधिकारी तथा कर्मी 15 फरवरी तक अपने चल-अचल सम्पत्ति का ब्योरा जमा कर दे। जमा नहीं करने पर संबंधित पदाधिकारियों तथा- कर्मचारियों का वेतन रोक दिया जाएगा तथा विभागीय कारवाई की जाएगी। 31 मार्च तक सम्पत्ति के ब्योरा को सार्वजानिक किया जाएगा। इसके लिए समान्य प्रशासन विभाग ने वेबसाइट पर फार्मेट जारी कर दिया गया है, जिसमें सभी जानकारी दर्ज करना है।समान्य प्रशासन विभाग ने निकासी तथा व्ययनपदाधि कारी को जारी निदेश में कहा है कि फरवरी 2025 का वेतन निर्गत करने के पहले संतुष्ट हो जाए कि संबंधित कर्मी सम्पत्ति का ब्योरा जमा किया है या नहीं। जो कर्मी ब्योरा जमा नहीं किए हैं, उनके ऊपर प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

# युवा नेता संतोष कुमार गुप्ता पहुंचे शेरघाटी बाजार किए पीड़ितो के परिजनों से मुलाकात

गया।शेरधाटी विधानसभा के युवा नेता संतोष कुमार गुप्ता शेरघाटी बाजार पहुंचे कर मृतक के परिजनों से मुलाकात, मुलाकात के दौरान मृतक के परिजनों से संतोष कुमार गुप्ता ने कहा आप सब हमारे परिवार की तरह है। हर कदम पर आपके साथ खड़ा है और रहेंगे, साथ ही शेरघाटी बाजार के स्थानीय लोगों से मुलाकात किए स्थानीय लोगों में मुलाकात दौरान सभी के चेहरे पर खुशी की चमक थी। वही प्राप्त जानकारी के अनुसार किसान महिला मोर्चा अध्यक्षा नीतू देवी के पति की मृत्यु हो गई थी इसके अलावे उसी क्षेत्र के निवाशी सूरज कुमार के पत्नी सीता कुमारी की भी मृत्यु हो गई थी, बतलाया जा रहा है कि इन दिनों की मृत्यु से इनकी परिजनों के रो रो कर बुरा हाल हो चुका है।

# स्टार्ट-अप दिवस के पर स्टार्ट-अप सेल, जगजीवन कॉलेज द्वारा एक विशेष समारोह का किया गया आयोजन

आरा,राष्ट्रीय स्टार्ट-अप दिवस के अवसर पर स्टार्ट-अप सेल, जगजीवन कॉलेज द्वारा एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत जिलाधिकारी भोजपुर, श्री तनय सुल्तानिया, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र, वरीय कोषागार पदाधिकारी सह सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी,प्रोफेसर डॉ. आभा सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन एवं बाबू जगजीवन राम की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ की गई।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने स्टार्ट-अप के महत्व और इसके समाज में योगदान पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि स्टार्ट-अप के माध्यम से समाज में नए अविष्कार और विचारों का योगदान होता है। कोई भी विचार छोटा या बड़ा नहीं होता, और छोटे स्तर से शुरूआत कर हम स्टार्ट-अप के जरिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पहचान बना सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि कई परंपरागत उत्पाद, जो गांव या जिले में वर्षों से बनते आ रहे हैं, उन्हें तकनीकी उन्नयन के माध्यम से बड़े स्तर पर स्थापित किया जा सकता है।उदाहरण स्वरूप, उन्होंने मखाना का उल्लेख किया, जिसका 90% उत्पादन दरभंगा और मधुबनी जिलों में होता था।

# शेरघाटी में 4 सूत्री मांगों को लेकर सिविल कोर्ट के 34 कर्मचारी हड़ताल पर गए

प्रातः किरण संवाददाता




शेरघाटी। व्यवहार न्यायलय में 4 सूत्री मांगों को लेकर सिविल कोर्ट के 34 कर्मचारी हड़ताल पर है। वेतन विसंगतियों को दूर करने, विशेष न्यायिक कैडर लागू करने, अनुकंपा में वरीयता प्रदान करने और कर्मचारियों को शीघ्र पदोन्नति देने की मांग को लेकर ये हड़ताल कर रहे हैं।

35 साल बाद थर्ड और फोर्थ ग्रेड के कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए हैं। सभी कर्मियों ने इसे अपना समर्थन दिया है। संघ के कर्मियों के हड़ताल पर चले जाने से कोर्ट के सभी कार्य ठप पड़ गए हैं। जमानत आवेदन की सुनवाई, कैदियों की रिहाई, गवाही और आवश्यक सुनवाई पूरी तरह से प्रभावित है।

हड़ताल को लेकर बिहार सिविल कोर्ट कर्मचारी संघ के शेरघाटी इकाई के सदस्य कोर्ट परिसर पर गोलबंद होकर प्रदर्शन पर डटे हैं।

प्रदर्शन की अगुवाई कर रहे कर्मचारी संघ शेरघाटी के सदस्य शशि सिंह, शशि रंजन, कुमार गौरव, जियाउद्दीन ने जानकारी दी। इन्होंने बताया कि बिहार राज्य व्यवहार न्यायालय कर्मचारी संघ ने अपनी 4 सूत्री मांगों को लेकर 16 जनवरी से कलमबंद हड़ताल का आह्वान किया था। राज्य कर्मचारी संघ के फैसले और आह्वान पर सभी कर्मी एकमत हैं। हर स्तर की वार्ता और बैठक के विफल हो जाने व किसी भी प्रकार का सकारात्मक आश्वासन नहीं मिलने पर हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया गया है। कर्मचारी संघ की ओर से सरकार के समक्ष चार सूत्री मांग रखी गई है।इस पर अब सरकार को विचार करना है।

सभी हड़ताल कर्मी ने बताया कि इस बात का दुःख है कि कर्मियों के एक साथ अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल पर चले जाने से कोर्ट में काम प्रभावित होगा। जमानत आवेदन की सुनवाई, कैदियों की रिहाई, गवाही और आवश्यक सुनवाई पूरी तरह से प्रभावित है। जब तक सरकार उनकी मांगों को नहीं सुनती, ये अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगा।

इस हड़ताल में पारसमणि, चन्दन कुमार, शशि भूषण, अभिषेक कुमार सिन्हा, विपिन कुमार पांडेय, राजू कुमार, महबूब मुस्तफा, संजीत कुमार, सुमित कुमार, अभय कुमार मौजूद थे।

# 22 जनवरी को टीपी कॉलेज में होगा ऑनलाइन वेबिनार

मधेपुरा। भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय अंतर्गत ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय मधेपुरा के तत्वावधान में आगामी 22 जनवरी को फायनेंशियल एजुकेशन । लाइफ स्कील अंडर एनईपी 20 विषय पर आनलाइन वेबिनार का आयोजन किया जाएगा। जिसकी विधि व्यवस्था की तैयारी की जा रही है।

# मार्गदर्शन एवं उत्प्रेरण केंद्र में नामांकन हेतु 31 जनवरी तक होगा आवेदन

मधेपुरा। भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय में बिहार राज्य पिछड़ा वर्ग एवं अतिपिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम, पटना द्वारा संचालित मुख्यमंत्री व्यवसायिक पाठ्यक्रम मार्गदर्शन एवं उत्प्रेरण केंद्र में नामांकन हेतु 31जनवरी तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। जिला कल्याण पदाधिकारी रामकृपाल प्रसाद ने बताया कि केंद्र में विद्यार्थियों को इनईटी, जीएटीई, जेआरएफ, पीएचडी आदि प्रतियोगिता परीक्षाओं में चयनित होने के लिए परीक्षा पूर्व निश्शुल्क प्रशिक्षण (कोचिंग) की व्यवस्था है। इसमें कुल 60-60 छात्र-छात्राओं का दो बैच संचालित है। उन्होंने बताया कि केंद्र में नामांकन के लिए विद्यार्थियों का चयन काउंसिलिंग के माध्यम से होता है।

# कोर्ट के कर्मचारियों का अनिश्चितकालीन हड़ताल

प्रातः किरण संवाददाता

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा)। बिहार राज्य व्यवहार न्यायालय कर्मचारी संघ के आह्वान पर गुरुवार को उदाकिशुनगंज अनुमंडलीय कोर्ट के कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। जिसका असर व्यवहार न्यायालय में देखने को मिल रहा है। जहां कोर्ट में बहस प्रभावित रही। इसके अलावा नई फाइलिंग और कैदियों का रिमांड भी प्रभावित रहा, जो कैदी पेशी के लिए आए थे, वो लौट गए हैं। जजमेंट भी प्रभावित हुआ है। व्यवहार न्यायालय परिसर में कर्मचारियों ने हड़ताल कर जमकर प्रदर्शन भी किया। कर्मियों ने अपनी मांगों को सरकार से मानने की अपील की। संघ ने आरोप लगाया है कि उनकी मांगों को लंबे समय से नजरअंदाज किया जा रहा है। कर्मचारियों ने न्यायालय परिसर में प्रदर्शन करते हुए कहा कि वे अपनी मांगों के समाधान के बिना काम पर नहीं लौटेंगे। इस दौरान कर्मचारियों ने सरकार विरोधी नारेबाजी की। अनुमंडलीय अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सुबोध सिंह ने कहा कि कर्मियों के हड़ताल का असर देखने को मिल रहा है। कोर्ट का काम-काज प्रभावित हुआ है।

बहस और फाइलिंग भी नहीं हो पा रही है। हड़ताल के कारण मुवक्किल पर इसका प्रभाव पड़ा है। सैकड़ों लोग परेशान हैं। कई कैदियों की रिहाई की प्रक्रिया भी पूरी नहीं हो पा रही है। मौके पर सहायक मनीष कुमार, नजीर संतोष कुमार, पन्नालाल पासवान, सन्नी कुमार शर्मा, सुभाष कुमार भारती, दीपक कुमार, धर्मचंद्र कुमार, नरेश कुमार निराला, अमरदीप राज, बबलू कुमार, अभिषेक रंजन, संजीव कुमार सुमन, मुकेश कुमार पटवे, विजय बहादुर प्रसाद, मुन्ना मलिक, नीलेश कुमार, राजीव रंजन, राजेश कुमार, सौरभ कुमार, भैरव कुमार, सोनी, मनोज कुमार मिश्र, संतोष कुमार चौधरी सहित अन्य मौजूद थे। हड़ताल में शामिल कर्मचारी सहायक मनीष कुमार ने कहा कि वो सरकार को यह संदेश देना चाहते हैं कि न्यायिक व्यवस्था में उनकी भी महत्वपूर्ण भूमिका है। सरकार का कहना है कि हड़ताल से उन्हें सुई की नोक बराबर भी फर्क नहीं पड़ेगा, लेकिन कर्मचारियों का मानना है कि न्यायालय के सभी कार्यों के ठप होने से इसका असर जरूर दिखेगा। कर्मचारी तब तक हड़ताल पर डटे रहेंगे, जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जाती।

# तेजस्वी की माई-बहिन मान योजना लाएगी हर किसी जीवन में खुशहाल : कुमारी विनीता

मधेपुरा। राष्ट्रीय जनता दल की प्रदेश उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ कुमारी विनीता भारती ने मधेपुरा नगर परिषद के वार्ड 26 में जागरूकता अभियान चलाई और माय बहिन योजना की जानकारी दी। आरजेडी नेत्री कुमारी विनीता भारती ने कही की तेजस्वी यादव की सरकार बिहार में बनी तो माई बहन योजना लाएंगे और गरीब महिलाओं को 2500 रुपए हर महीने देंगे। जिससे माय बहिन आत्मनिर्भर होंगी ओर आगे बढ़ पाएगी। लोग बेरोजगारी महंगाई से जूझ रहे हैं। तेजस्वी यादव उप मुख्यमंत्री रहते पाँच लाख लोगों को नौकरी दी। साढ़े तीन लाख नौकरी का दरवाजा खोला अब आधी आबादी को सम्मान देना होगा और सामाजिक न्याय के साथ हम लोग आर्थिक न्याय करेंगे।

बिहार सरकार

## भवन निर्माण विभाग

कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल,
उच्च न्यायालय, पटना का कार्यालय

अति अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या– 14 वर्ष 2024–25

भवन प्रमंडल, उच्च न्यायालय, भवन निर्माण विभाग, पटना अंतर्गत निम्नलिखित कार्यों को कराने हेतु संवेदकों/ख्याति प्राप्त फर्मों/कम्पनियों से दिनांक **06.02.2025** के अपराह्न **3.00** बजे तक मुहरबंद कोटेशन आमंत्रित किया जाता है। मुहरबंद कोटेशन अधोहस्ताक्षरी एवं निर्धारित के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन **3.30** बजे अपराह्न में कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा। प्रत्येक कार्य के लिए कोटेशन का मूल्य, ओ–ग्रास के माध्यम से एवं अग्रधन की राशि 2% (कोटेड राशि का मूल्य दो प्रतिशत) कोटेशन के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य है।

कार्य की विवरणी:–

| क्र0सं0 | कार्य का नाम/विशिष्टियां | मात्रा | ईकाई | उद्यृत दर (अंक एवं अक्षर में) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | Name of Work :- S/R to Bathroom by replacing sanitary installation and laying CPVC pipe of Hon'ble Judges Residence with staff at 14M Strand Road, Patna for the year 2023 -24 | | | |
| (B) | Name of Work:- S/R to Bathroom by replacing sanitary installation and laying CPVC pipe of Hon'ble Judges Residence with staff at 20M Strand Road, Patna for the year 2023-24 | | | |
| (C) | Name of Work:- Water supply, sanitary installation and Sewerage system of Block -6, Flat No. 5,6 and Block-17, flat -2,3,4,6 at Adalatganj, Patna for the year 2024-25 | | | |
| (D) | Name of Work:- Water supply, sanitary installation and Sewerage system of Block-B, Flat No.-5,7,8,9 & 14 at Adalatganj, Patna for the year 2024-25 (Near Pond) | | | |
| (E) | NAME OF WORK:- PROVISION OF MS BARRIER IN SOUTH SIDE AND NORTH SIDE ENTRANCE ROAD OF GATE NO.3 IN HIGH COURT PATNA FOR THE YEAR 2024 -25 | | | |
| (F) | Name of Work: - S/R to W/S, S/I and S/S at Hon'ble Judges Residence No. 21 Bailey Road, Patna for the year 2024-25 | | | |
| (G) | Name of Work:- S/R to Water supply, S/I & S/S at Flat No. 563 at LBS Nagar,Patna for the year 2023-24 | | | |

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, उच्च न्यायालय, पटना

PR- 017220 ( BCD ) 2024-25

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

# पेट्रोल पंपों पर मूलभूत सुविधाओं की होगी जांच

प्रातः किरण संवाददाता



मधेपुरा । पेट्रोल पंपों पर मूलभूत सुविधाओं की जांच होगी, आवश्यक सुविधाएं नहीं होने पर लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई हो सकती है। परिवहन विभाग, बिहार, पटना के निदेशालोक में सभी पेट्रोल पंपों पर उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं की जांच किया जाना है जैसे कि शौचालय, पानी की सुविधा, स्वच्छता और ग्राहक को उपलब्ध होने वाली अन्य सुविधाएं। विभाग द्वारा पेट्रोलियम कंपनियों को भी अपने स्तर से जांच कर सभी सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। विभाग द्वारा पेट्रोल पंप संचालकों को इन कमियों को दूर करने के लिए 15 दिन का समय दिया गया है। अगर तय समय सीमा के भीतर सुविधाएं सही नहीं की जातीं, तो दोषी पेट्रोल पंपों के लाइसेंस निलंबित किए जा सकते हैं, और उनके आवंटन रद्द करने की प्रक्रिया भी शुरू की जा सकती है। पेट्रोल पंप पर महिला और पुरूष के लिए अलग-अलग शौचालय और यूरिनल होना अनिवार्य। बताया गया हैप्पी कि पेट्रोल पंपों पर शौचालय और यूरिनल महिला और पुरूष के लिए अलग-अलग होना अनिवार्य है लेकिन कई जगह से शिकायत मिल रही है कि पेट्रोल पंपों पर या तो यह सुविधा उपलब्ध नहीं है या ताला बंद रहता है या बहुत ही गंदी स्तिथि में मेंटेन होते हैं। यह देखते हुए जांच का निर्देश दिया गया है। सड़क सुरक्षा माह 2025 (1 जनवरी से 31 जनवरी तक) के तहत विशेष अभियान चलाकर गुरुवार को जिला परिवहन टीम, मधेपुरा के द्वारा मनोहर लाल द्वारका प्रसाद, मधेपुरा, मधेपुरा फ्यूल सेन्टर, मधेपुरा, मनीशा एच पी मधेपुरा, मेघराज सर्राफ फ्यूल सेन्टर, मधेपुरा, रंजना एच पी मधेपुरा, पार्वती रामचन्द्र, फ्यूल सेन्टर मधेपुरा, चन्दना फ्यूल, मधेपुरा, बाबा सिंहेश्वर, फ्यूल सेन्टर, सिंहेश्वर का जांच किया गया। उक्त पेट्रॉल पम्प की जांच में शौचालय, यूरिनल की सुविधा और स्वच्छता। पानी की सुविधा। आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता। पेट्रोल पंप की स्वच्छता और रख-रखाव। ग्राहकों की सुविधा के लिए उपलब्ध अन्य सुविधाएं का निरीक्षण किया गया। बताया गया कि इस जांच का उद्देश्य पेट्रोल पंपों पर उपलब्ध सुविधाओं की गुणवत्ता में सुधार करना। ग्राहकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना एवं पेट्रोल पंपों की स्वच्छता में सुधार करना है।

# फरार लड़की को पुलिस ने किया बरामद ,कराई गई मेडिकल जांच

शेरघाटी।थाना क्षेत्र के सामोद बीघा गांव से फरार युवती को पुलिस ने किया बरामद इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रभारी थानाध्यक्ष रागिनी कुमारी फरार लड़की को पुलिस ने बरामद कर लिया है पूछताछ के दौरान उन्होंने बताया कि गुस्से में घर से भाग गई थी, । जिसका मेडिकल जांच करवाई जा रही है मेडिकल जांच करवाने के बाद ही अग्रतार कार्रवाई की जाएगी उन्होंने यह भी बताया कि परिजनों के द्वारा पंकज यादव पलिहद खुर्द के रहने वाले युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया गया था। पुलिस फिलहाल मामले की जांच भी कर रही है।

# शराब के नशे में धुत चार दोस्त गिरफ्तार, गया जेल

शेरघाटी। थाने के पुलिस ने शराब के नशे में धुत चार लोगों को गिरफ्तार किया है, जानकारी देते हुए प्रभारी थानाध्यक्ष रागिनी कुमारी ने बताया कि रिंग रोड के निकट यह घटना हुई।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com
@Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran



# 2 से अधिक बच्चे वाले नेता ही लड़ पाएंगे चुनाव, कानून बनाने की तैयारी में आंध्र प्रदेश सरकार

**बेंगलुरु, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने एक महत्वपूर्ण बयान दिया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि केवल ऐसे नेता ही ही पंचायत और नगरपालिका चुनावों में भाग ले सकेंगे जिनके दो से अधिक बच्चे हों। हाल ही में आंध्र प्रदेश की विधानसभा द्वारा तीन दशक पुरानी उस कानून को रद्द कर दिया गया जिसमें दो बच्चों से अधिक वाले व्यक्तियों को स्थानीय निकाय चुनावों में भाग लेने से रोका गया था। आपको बता दे कि चंद्रबाबू नायडू के लिए यह कोई नई बात नहीं है। करीब एक दशक से वह इसकी वकालत कर रहे हैं। उनका मानना है कि तेलुगू परिवारों को अधिक बच्चे पैदा करने चाहिए ताकि बुजुर्गों की बढ़ती संख्या की समस्या का समाधान किया जा सके। पिछले साल उन्होंने अधिक बच्चों वाले परिवारों को प्रोत्साहन देने की आवश्यकता पर भी जोर दिया था।



चंद्रबाबू नायडू के इस बयान के बाद तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने भी इस विचार को साझा करते हुए लोगों से अधिक बच्चों को जन्म देने की अपील की थी। चंद्रबाबू नायडू मंगलवार को अपने गृह नगर नरवरिपल्ले में मकर संक्रांति के अवसर पर अपने परिवार और रिश्तेदारों के साथ थे। उन्होंने कहा, पहले हमारे पास एक कानून था, जो केवल दो बच्चों वाले लोगों को ही स्थानीय निकाय और नगरपालिका चुनावों में भाग लेने की अनुमति देता था। अब मैं कहता हूं कि जिनके पास कम बच्चे होंगे वे चुनावों में भाग नहीं ले सकेंगे। भविष्य में आप सरपंच, नगरपालिका पार्षद या मेयर तब बन सकेंगे जब आपके पास दो से अधिक बच्चे होंगे। मैं इसे प्रस्तावित नियमों में शामिल करने जा रहा हूं। आपको बता दें कि दो बच्चों की नीति दक्षिण भारतीय राज्यों में सामान्य रूप से पालन की जाती रही है। यह बात इन राज्यों के कुल प्रजनन दर से स्पष्ट है, जो कि 1.73 है। जबकि राष्ट्रीय औसत 2.1 है। वहीं, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, राजस्थान और झारखंड जैसे बड़े राज्यों का प्रजनन दर 2.4 है, जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है।

चंद्रबाबू नायडू ने यह भी कहा कि वह अधिक बच्चों वाले परिवारों को प्रोत्साहन देने के लिए एक योजना पर काम कर रहे हैं, जिसमें उन्हें पंचायत और नगरपालिका चुनावों में भाग लेने की अनुमति देने के अलावा अधिक सब्सिडी वाले चावल की आपूर्ति भी की जाएगी। वर्तमान में प्रत्येक परिवार को 25 किलो चावल दिया जाता है, जिसमें प्रत्येक सदस्य को 5 किलो चावल मिलते हैं।

उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जापान, कोरिया और कई यूरोपीय देशों ने परिवार नियोजन नीति को प्रोत्साहित किया है क्योंकि वहां का कुल प्रजनन दर बहुत कम है। ये देश आज बुजुर्गों की बढ़ती संख्या की समस्या से जूझ रहे हैं और भारतीयों को अपने देशों में बसने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। उन्होंने कहा, यह भारत के लिए भी एक चेतावनी है, क्योंकि हमने परिवार नियोजन को प्रोत्साहित किया है और परिवारों को सीमित संख्या में बच्चों तक सीमित करने की सलाह दी है। कुछ वर्षों में भारत भी बुजुर्गों की बढ़ती संख्या की समस्या का सामना करेगा और उस समय हमारे पास बहुत कम विकल्प होंगे।

## संक्षिप्त समाचार




### काशी तमिल संगमम के तीसरे संस्करण का ऐलान, 15-24 फरवरी तक होगा आयोजित

**काशी, एजेंसी।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बुधवार को घोषणा की कि सांस्कृतिक आदान-प्रदान पर केंद्रित कार्यक्रम 'काशी तमिल संगमम' का तीसरा संस्करण 15 फरवरी से 24 फरवरी तक आयोजित किया जायेगा। प्रधान ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश के दो सबसे महत्वपूर्ण और प्राचीन शिक्षण केंद्रों तमिलनाडु और काशी के बीच सदियों पुराने संबंधों का जश्न मनाना और उसकी पुनः पुष्टि करना है। दस दिवसीय यह कार्यक्रम 15 फरवरी से शुरू होगा। काशी तमिल संगमम का महीने भर चलने वाले पहला संस्करण 2022 में आयोजित किया गया था। दूसरा संस्करण 2023 में 17 दिसंबर से 30 दिसंबर तक आयोजित किया गया था। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), मद्रास और काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) कार्यक्रम के लिए दो कार्यान्वयन एजेंसियां हैं। इस वर्ष, सरकार ने तमिलनाडु से लगभग 1,000 प्रतिनिधियों को बुलाने का फैसला किया है। इनमें छात्र, शिक्षक और लेखक; किसान और कारीगर; पेशेवर और छोटे उद्यमी; महिलाएं (स्वयं-सहायता समूह, मुद्रा ऋण लाभार्थी, डीबीएचपीएस प्रचारक); स्टार्ट-अप, नवोन्मेष, शिक्षा प्रौद्योगिकी और अनुसंधान से प्रतिभागी शामिल होंगे। विभिन्न केंद्रीय विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत तमिल मूल के लगभग 200 छात्रों का एक अतिरिक्त समूह काशी और तमिलनाडु के बीच संबंधों को जीवंत करने के लिए इस कार्यक्रम का हिस्सा बनेगा।

### मणिपुर के चुराचांदपुर में अवैध अफीम की खेती नष्ट की गई



**चुराचांदपुर, एजेंसी।** मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में 4.8 एकड़ क्षेत्र में फैली अवैध अफीम की खेती को नष्ट कर दिया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि असम राइफल्स, वन विभाग, पुलिस और कार्यकारी मजिस्ट्रेट की संयुक्त टीम ने बुधवार को सांगईकोट थाना क्षेत्र में हाओपी मोलेन पहाड़ी पर अभियान चलाया। पुलिस के अनुसार, अभियान के दौरान अफीम की छह पुड़िया भी जब्त की गईं। उसने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और अवैध अफीम की खेती में शामिल लोगों की पहचान करने के प्रयास किये जा रहे हैं।

### गौरव भाटिया का तंज, चुनाव हार रहे केजरीवाल, ध्यान भटकाने की अपना रहे रणनीति

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भाजपा ने बुधवार को कहा कि आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए ध्यान भटकाने वाली रणनीति का सहारा ले रहे हैं, जिसमें उनके कई दावों का हवाला दिया गया है, जिसमें दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी की संभावित गिरफ्तारी और भाजपा द्वारा रमेश बिधूड़ी को अपना सीएम उम्मीदवार घोषित करना शामिल है। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने विश्वसनीय सूत्रों का हवाला देते हुए दावा किया कि केजरीवाल विपक्ष के नेता के लिए अमानतुल्ला खान और नरेश बालियान पर विचार कर रहे हैं क्योंकि भाजपा को दिल्ली विधानसभा चुनाव में बहुमत मिलना तय है। गौरव भाटिया ने कहा कि ये स्पष्ट होता जा रहा है कि आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल भारत विरोधी गतिविधियों में अक्सर उन शक्तियों के साथ खड़े रहते हैं, जो भारत को कमजोर करने का कार्य करती हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनाव के दौरान मुख्य मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने के लिए अरविंद केजरीवाल प्रेस वार्ता करके कहते हैं।

## शुभेंदु अधिकारी ने महिला की मौत पर ममता की गिरफ्तारी और इस्तीफे की मांग की

**कोलकाता , एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने पश्चिम बंगाल के एक सरकारी अस्पताल में कथित तौर पर समयावधि बीत जाने के बाद इस्तेमाल किये गये 'इंट्रावेनस फ्लूइड' के कारण प्रसव के बाद एक महिला की मौत के मामले में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की गिरफ्तारी और इस्तीफे की मांग की। यहां स्वास्थ्य भवन में भाजपा विधायकों के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले अधिकारी ने संवाददाताओं से कहा, स्वास्थ्य मंत्री होने के नाते तृममूल प्रमुख आरोपों से खुद को मुक्त नहीं कर सकतीं। उनके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।



राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि गरीब महिला की मौत के लिए मुख्यमंत्री जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि बनर्जी को गिरफ्तार किया जाना चाहिए और उन्हें नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तुरंत पद छोड़ देना चाहिए। मिदनापुर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (एमएमसीएच) में कथित तौर पर इस्तेमाल की अवधि खत्म हो चुके 'इंट्रावेनस फ्लूइड' (शरीर में पानी की कमी को दूर करने के लिये नसों के माध्यम से दिया जाने वाला तरल) के इस्तेमाल के कारण बच्चे को जन्म देने के बाद एक महिला की मौत हो गई थी और चार अन्य की हालत गंभीर है। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने मामले की जांच के लिए 13 सदस्यीय समिति गठित की।

सोमवार को राज्य सरकार ने घटना की सीआईडी जांच के भी आदेश दिए। पत्रकारों से बात करते हुए अधिकारी ने राज्य के स्वास्थ्य सचिव एन एस निगम और (एमएमसीएच जहां महिला की मौत हुई थी) के अधीक्षक की गिरफ्तारी और इस्तीफे की भी मांग की। उन्होंने कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के नेतृत्व में एक जांच समिति और सीबीआई तथा सीआईडी दोनों को मिलाकर एक एसआईटी गठित करने की भी मांग की।

## दिल्ली में देर रात हुई बारिश, वायु गुणवत्ता बहुत खराब



**नईदिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार रात बारिश हुई और मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार को भी वर्षा का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के आंकड़ों के अनुसार बुधवार रात करीब 11.30 बजे दिल्ली के कुछ हिस्सों में बारिश शुरू हो गई और रात 11.30 से सुबह 5.30 बजे के बीच दिल्ली के प्राथमिक मौसम केंद्र में 3.7 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। अन्य मौसम केंद्रों की बात करें तो पालम में 8.6 मिलीमीटर, पूसा में 7.5 मिलीमीटर और मयूर विहार में 4 मिलीमीटर बारिश हुई। राष्ट्रीय राजधानी में न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.7 डिग्री सेल्सियस अधिक मापा गया जो 10.3 डिग्री सेल्सियस रहा, वहीं वायु गुणवत्ता 336 दर्ज की गई जो बहुत खराब श्रेणी में रही।

मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार को आसमान में बादल छाए रहने और हल्की बारिश होने का पूर्वानुमान जताया है। अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। शून्य से 50 के बीच वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) को अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच एक्यूआई को गंभीर श्रेणी में माना जाता है।

## गलत नीतियों से बढ़ रहा माइक्रोप्लास्टिक कचरा

### रीसाइकल करने का लक्ष्य हासिल नहीं कर पाया यूरोपीय संघ

**ब्रसेल्स, एजेंसी।** प्लास्टिक कचरे का उचित प्रबंध न होने और गलत नीतियों के कारण यह दिनोंदिन दुनिया के लिए बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। पिछले एक दशक के दौरान दुनियाभर में खासकर यूरोप में प्लास्टिक का उपयोग बहुत बढ़ गया है। 2021 में यूरोपीय संघ (ईयू) में हर एक व्यक्ति ने औसतन 36 किलो प्लास्टिक पैकेजिंग का कचरा पैदा किया। उस साल उत्पन्न 1.6 करोड़ टन से अधिक प्लास्टिक पैकेजिंग में से केवल 65 लाख टन ही रीसाइकिल हो पाया। यह जानकारी काउनास यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी (केटीयू) के शोधकर्ताओं की अगुवाई में किए गए एक अध्ययन से सामने आई है। सस्टेनेबिलिटी नामक जर्नल में इसके निष्कर्ष प्रकाशित किए गए हैं।



**अध्ययन में ये बातें आई सामने:** अध्ययन के अनुसार, दुनियाभर में प्लास्टिक रीसाइक्लिंग गंभीर समस्या बनी हुई है। रीसाइक्लिंग की कमी से न केवल लैंडफिल, भस्मीकरण संयंत्रों और प्रकृति में छोड़े गए कचरे की मात्रा बढ़ रही है, बल्कि माइक्रोप्लास्टिक के निर्माण में भी बढ़ोतरी होती है जो लगातार पारिस्थितिकी तंत्र और मनुष्य की सेहत के लिए खतरनाक बनता जा रहा है। हालांकि, प्लास्टिक कचरे को कम करना दुनिया का पहला लक्ष्य बना हुआ है, लेकिन पहले से प्रचलन में मौजूद प्लास्टिक के प्रबंधन के लिए रीसाइक्लिंग जरूरी है। 2025 तक 50 फीसदी प्लास्टिक को रीसाइकल करने का लक्ष्य यूरोपीय संघ हासिल नहीं कर पाया। अब 2030 तक 55 फीसदी का लक्ष्य रखा गया है।

**समस्या के समाधान के लिए व्यापक नजरिए की जरूरत:** शोधकर्ताओं के अनुसार, स्थिति को सुधारने के लिए कचरे की प्रबंधन प्रक्रिया को केवल एक तरफ से हल नहीं किया जा सकता है। यह बहुआयामी समस्या है। इसलिए इसके प्रति व्यापक नजरिए की जरूरत है। आर्थिक, पर्यावरणीय और कानूनी पहलुओं पर विचार किए बिना केवल रीसाइक्लिंग तकनीकों को बेहतर बनाने या नए तरीके खोजने पर जोर देना ही सही नहीं है। यह नजरिया न केवल समस्या से निपटने में विफल होगा, बल्कि अन्य पहलुओं पर विचार करने की प्रक्रिया को धीमा कर सकता है।

## जो बाइडेन महामारी के दौरान राजनीति को किनारे रखकर सही काम करे: बराक ओबामा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** राष्ट्रपति जो बाइडेन ने राजनीति में 50 से अधिक वर्षों के लंबे करियर को समाप्त करते हुए देश को संबोधित करते हुए अपना विदाई भाषण दिया। इसके बाद अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने कोरोना महामारी के समय जो बाइडेन के द्वारा किए गए कार्यों की तारीफ की। बराक ओबामा ने गुरुवार सुबह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, चार साल पहले महामारी के बीच में, हमें एक ऐसे नेता की जरूरत थी जो राजनीति को किनारे रखकर सही काम करे। जो बाइडेन ने यही किया। ऐसे समय में जब हमारी अर्थव्यवस्था डगमगा रही थी, उन्होंने 1.7 करोड़ नई नौकरियों, ऐतिहासिक वेतन वृद्धि और कम स्वास्थ्य देखभाल लागत के साथ दुनिया की सबसे मजबूत रिकवरी को आगे बढ़ाया। बराक ओबामा ने आगे कहा, उन्होंने हमारे देश के बुनियादी ढांचे के पुनर्निर्माण और जलवायु परिवर्तन के खतरे से निपटने के लिए ऐतिहासिक कानून पारित किया। मैं जो बाइडेन के नेतृत्व, उनकी मित्रता और इस देश के प्रति उनकी आजीवन सेवा के लिए आभारी हूं।



बता दें कि जो बाइडेन ने बुधवार को अपने विदाई भाषण में देश को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने गाजा में शांति का समझौता करा दिया है। उनके प्रशासन ने आठ महीने की लगातार वार्ता के बाद, हमास और इजरायल में युद्धविराम और बंधक समझौते को कराया। उन्होंने देश के लोगों से डोनाल्ड ट्रंप के तहत भविष्य में कुलीन वर्गों, दुष्प्रचार और एआई के खतरों के खिलाफ खड़े रहने की अपील की। इसके अलावा उन्होंने अमेरिकी अर्थव्यवस्था को महामारी से उत्पन्न गहरे संकट से बाहर निकालने में अपनी उपलब्धियों का जिक्र किया।

# बाइडेन का विदाई भाषण: कहा- कुछ वादे अधूरे रहे, कानून में बदलाव जरूरी

### ताकि राष्ट्रपति बनने वाला अपराधों से आजाद न रह सके

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने बुधवार देर रात ओवल ऑफिस अपना विदाई भाषण दिया। बाइडेन ने अपने आखिरी भाषण में कहा कि देश में अमीरों के एक छोटे वर्ग का वर्चस्व बढ़ रहा है। इससे देश और लोकतंत्र को खतरा पैदा हो रहा है। उन्होंने देश में टेक-इंडस्ट्रियल कॉम्पलेक्स के उभार पर चिंता जताई। बाइडेन ने इसे अमेरिकी नागरिकों के अधिकारों को खतरा बताया। अपने कार्यकाल पर बात करते हुए उन्होंने कहा- हमने जो कुछ भी किया है, उसका असर दिखने में समय लगेगा, लेकिन बीज बो दिए गए हैं, वे बढ़ेंगे और आने वाले दशकों तक खिलेंगे। बुधवार सुबह बाइडेन ने एक लेटर भी जारी किया था। इसमें उन्होंने वादे अधूरे रहने की बात स्वीकार की थी।

बाइडेन का यह भाषण ट्रम्प के पद संभालने से ठीक 5 दिन पहले हुआ। ओवल ऑफिस में दिए अपने आखिरी भाषण में उन्होंने अपने 50 साल के राजनीतिक जीवन पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि दुनिया में सिर्फ अमेरिका में ही ऐसा हो सकता है, जहां एक हकलाने वाला बच्चा राष्ट्रपति बन जाए।

**अमेरिका में फेक न्यूज का जाल फैला है:** बाइडेन ने कहा कि अमेरिकी लोगों पर फेक न्यूज का जाल फैला दिया गया है, और इसके जरिए सत्ता का दुरुपयोग हो रहा है। हमें संविधान में संशोधन करने की जरूरत है, जिससे तय हो सके कि कोई भी इंसान राष्ट्रपति पद रहते हुए अपने अपराधों से मुक्त नहीं है। उन्होंने कहा- कुछ शक्तिशाली ताकतें अपनी पावर का इस्तेमाल कर क्लाइमेंट चेंच के निपटने के लिए हमारे उठाए गए कदमों को खत्म करना चाहती हैं, जिससे वो अपने फायदे के लिए सत्ता का इस्तेमाल कर सकें। हमें अपने और अपने बच्चों के भविष्य की बलि चढ़ाने के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के जजों के कार्यकाल तय करने, नैतिक सुधार करने और कांग्रेस सदस्यों के स्टॉक ट्रेडिंग पर प्रतिबंध लगाने की मांग की।



बाइडेन ने सोमवार को राजधानी वॉशिंगटन में विदेश नीति पर अपना आखिरी भाषण दिया था। इसमें उन्होंने दावा किया था कि चीन कभी अमेरिका से आगे नहीं निकल पाएगा। इसके साथ ही उन्होंने अफगानिस्तान में युद्ध खत्म करने के फैसले को सही ठहराया था। बाइडेन को कैसे याद रखेगी दुनिया डिबेट के बाद रेस से बाहर होने वाले पहले राष्ट्रपति बाइडेन ने जुलाई में खुद को राष्ट्रपति पद की रेस से बाहर कर लिया था। दरअसल, 27 जून को हुई पहली प्रेसिडेंशियल डिबेट में बाइडेन को ट्रम्प के हाथों हार झेलनी पड़ी थी। हार के बाद से ही डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता बाइडेन की उम्मीदवारी को लेकर सवाल खड़े करने लगे थे। ट्रम्प पर हमले के बाद उनकी लोकप्रियता और बढ़ गई, जिसके बाद बाइडेन को अपनी दावेदारी छोड़नी पड़ी। सबसे ज्यादा उम्र के अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन अमेरिका में राष्ट्रपति बनने वाले सबसे ज्यादा उम्र के शख्स बने। जब उन्होंने राष्ट्रपति पद की शपथ ली थी तब उनकी उम्र 78 साल 220 दिन थी। ट्रम्प जब दूसरी बार राष्ट्रपति बने हैं, तब उनकी उम्र 78 साल 61 दिन है। अमेरिकी संविधान के मुताबिक ट्रम्प तीसरी बार राष्ट्रपति नहीं बन सकते। ऐसे में कुछ सालों तक बाइडेन का रिकॉर्ड कायम रहेगा। अमेरिकी इतिहास की सबसे लंबी जंग रोकी बाइडेन के दौर में ही अगस्त 2021 में अमेरिकी सेना की अफगानिस्तान से वापसी हुई। अमेरिकी सेना 20 साल से अफगानिस्तान में थी। इसे अमेरिका इतिहास की सबसे लंबी जंग कहा जाता है। अमेरिकी सैनिकों की वापसी के बाद तालिबान ने अफगानिस्तान पर दोबारा कब्जा कर लिया। रूस से लड़ने में यूक्रेन की मदद की बाइडेन ने रूस के खिलाफ जंग में यूक्रेन की मदद की। अमेरिका ने यूक्रेन को आर्टिलरी, रॉकेट सिस्टम, ड्रोन, टैंक और एयर डिफेंस सिस्टम दिया।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129